# उत्तररामचरित नाटक।

श्रीमन्महाराजाधिराजपश्चिमोत्तरदेशाधिकारीश्रीयुत
नव्वाब लेफ़्टिनेंट गवर्नर बहादुर की आज्ञानुसार-

श्रीयुत विद्यातिविद्य साहिब डैरेक्टर
आफ़ पबलिक इन्सट्रक्शन बहादुर की अनुमति से-



बरैली की पाठशाला के पण्डित देवदत्त तिवारी ने
संस्कृत उत्तररामचरित नाटक से उलथा
कर बनाया।





कलकत्ता

श्रीयुतबाबु भुवनचन्द्रबसाक की संस्थापित संवाद
ज्ञानरत्नाकरनाम छापेखाने में उनने छापा
और प्रकाशित किया।

सन १८७५ ई०।

(निमतला घाट इष्ट्रीट ८ संख्यक भवन)

# उत्तररामचरित नाटक ।



श्रीमन्महाराजाधिराजपश्चिमोत्तरदेशाधिकारीश्रीयुत नव्वाब लेफ्टिनेंट गवर्नर बहादुर की आज्ञानुसार-

श्रीयुत विल्यमिस्मिश साहिब डैरेक्टर आफ पबलिकइन्स्ट्रक्शन बहादुरकी अनुमतिसे-

बरैली की पाठशालाके पण्डितदेवदत्त तिवारी ने संस्कृत उत्तररामचरित नाटक से उल्था कर बनाया ।



कलकत्ता

श्रीयुतबाबु भुवनचन्द्रबसाक की संस्थापित संवाद ज्ञानरत्नाकरनाम छापेखाने मे उनने छापा और प्रकाशित किया ।

सन १८७४ ई० ।

(निमतला घाट इस्ट्रीट ८ संख्यक भवन)

(1) Bhavabhuti, one of the greatest poets of Hindustan, was the son of Nilkanta and Jatukam and the grandson of Gopal. His forefathers who belonged to the काश्यप family and resided at Padmapur in Vidarbha (modern Berar) acquired a great reputation on account of their Vadic learning. We have no means of obtaining any further account of the life of this great poet and his family. The above the poet puts in the mouth of Manager (सूत्रधार) at the commencement of Malati and Madhava. It would not be unfair, as we shall see, to rank him with Kalidasa Magha, Bharavi Sriharsha and Vanabhatta.

Uttra Rama Charitra is one of the three dramas—*Vira-charitra* and *Malati* and *Madhava* being the other two attributed to Bhavabhuti, and the internal evidence of the composition fully corroborates the fact. The Uttra Rama Charitra is, as the name implies a continuation of the history of Rama and comprises events that occured subsequent to the war which constitutes the subject of the Ramayana. A portion of it is taken from the last or supplimentary section of that poem and the other from the Padma Purana ( Chap. Patal-khanda,) see Ramaaswamedha). It is however, more correctly speaking, a continuation of a play by the same Author, the Vira Charitra, in which the martial exploits of Rama, as described in the Ramayana are dramatised. The date at which the Uttara Rama Charitra was composed cannot be ascertained with certainty, from any thing that occures in the course of the play. It offers, however, nothing which is incompatible with the period at which the Author is said to have flourished, or the 8th century.

The style employed in the Uttara Rama Charitra is classical, and althogh elaborate, is not defavoured by the extravagant refinement. It is equally vigorous and harmonious. The author excels in tenderness and delicacy and is full of high:

ly poetical description. Besides these qualities, his writings are marked by a manly tone, and a high and even material spirit, that is without parallel in any other Hindu poet, that I have read or heard of. Apart from the defects which are to be mentioned hereafter, the drama has much to recommend it, and has more pretensions to genuine pathos than perhaps any other specimen of the Hindu theatre. The mutual sorrows of Rama and Sita in their state of separation, are pleasingly and tenderly expressed. Besides the filicitous expresson of softer feelings, this play has some curious pictures of heroic bearing and of the duties of a warior and prince. The true spirit of chivalry pervades the encounter of the two young princes; and the entire devotedness with which Rama sacrifices his wife and domestic happiness to the prosperity of his subjects is held at deservedly as an object for our admiration.

Most other Sanskrit poets have dragged in the subject of love when it was often unnecessary and out of place. But Bhavabhuti is free from this defect. He never writes of love, unless the scenes and character seem to demand it, and even then he handles the subject with the utmost delicacy and refinements.

It remains now to speak of the defects of the play. They are upon the surface of his works and it is unwise not to admit them. It must be admited on all hands that some of his passages are loosely strung together and therefore obscure and difficult. Another great defect is the use of long compounds (समास). But the defects are more then atoned, or by the excellencies in which the play abounds.

The so called drama was composed in 7 acts. The firstt act describes the arrival and amazement of Rama's subjects owing to the absence of that peace and happiness which they deemed so essential to the corronation of such a grea

Prince as Rama; what occuredin consequence of the departure of Sugriva, and the coming of Vibhishana attend the coronation: the going of Rama's mother together with and under the guidance of vashistha and his wife Arundhati attend the *Yogya* of Rishyasringa, leaving Sita at home in a state af pregnancey and also the return of Januca (who had come to visit his daughter and son-in-law) to his native country; Rama then proceeding to his palace in order to console his dejected queen, how Ashtavakra came from the abode of Rishyasringa carrying the instructions of Vashistha to Rama ; Lakshmana coming to demand the attention of the gentle pair to the picture, portrayed in the hall and contaning their life and adventures from their marriage to the end of the Lanka war, so celebrated among the Hindus both ancient and modern. But these Scenes of joy and happiness were cut short by the remembrance strengthened by the sight of the picture of the past events which had been so heartrending at the time when they occured. In the meantime Ramas *durmukha* (that is a person sent by him to inspect the condition of his people) informed him that he was ill spoken of by his people owing to his reunion of his wife Sita. Under the influence of this affecting intelligence Rama caused the expulsion of Sita to the *Ganga Tat.*

Atreyas is met by Sita's old confidante Bassanti, on her way from the abode of Valmiki to that of Agastya. Being asked the reason of her being there, she answered that Valmiki could get no time owing to his instructing two children placed under his charge by the goddess Bhagirathi. She added that another reason, which might be assigned for her coming there was that she was unable to go on with hose who were born unenlightened. This led to further

discussion which terminated in Basantie's learning Sita's expulsion. On further inquiries being made, it was found that Rama was searching out at that time every corner of Dandakarnya in order to kill the Sudra devotee Sambuka. Having completed his mission while on his way home Rama was called to the abode of the Sage Agastya.

In the third—are depicted the Speeches between the two river goddesses Tamasa and Murala respecting Rama and his wife, and their former abode.

On his return to Panchavati Rama is met by Basanti and thus his sorrow is renewed. In the meantime Sita came there with Tamasa and by her permission she (Sita) causes Rama to revive from his fainting fit. After this Rama takes his way to Ayodhya.

In the fourth act are depicted the circumstances respecting the arrival of Janaka, Vasistha, Arundhati and the queen Mother of Rama from the grove of Rishyasringa to the hermitage of Valmiki. When Koushalya and Arundhati went to visit Janaka, they saw a child (Lava) resembling Rama very closely in all his manners, characteristics and personal beauty. They called him to enquire who he was, but he was led away by his playmates to watch the sacrificial horse which was an object of interest and wonder to the children of the forest. This was the horse left by Rama to roam at large under the management of Chandraketu the son of Lakshamana.

In the fifth act are delinated the preparations for the combat of Lava and Chandraketu. Lava's indignation is roused by their insulting speech regarding the horse. This speech traduced all the Kshetriya race, Lava being a Kshetriya could not endure this and prepared, notwithstanding the fact of his being alone before millions, to set his insulting foes at difiance.

In the sixth is described the dreadful combat between Lava and Chandraketu. In the meantime Rama's arrival there put a stop to the fight, Lava on account of his martial exploits is highly welcomed by Rama. Lava's elder brother Kusa having heared of his quarrel comes in due time to help him. From various circumstances it comes suddenly in to the mind of Rama that these two children are his own sons by Janaki, but this fancy is soon dissipated.

The seventh and the last is the most interesting of them all, as it describes there union of Rama and Sita. It came to pass thus, Rama, Lakshmana, Lava, Kusa &c, went to amuse himselves by the performance of a drama composed by the genius of the sage Valmiki. In the course of the performance Sita was brougbt by Bhagiratha to Arundhati, who having discovered the public will as to their union, gave Sita to her long separated husband Rama. It was thus that bliss and happiness returned after so long a separation. Ever after they lived together in loving union.

---

श्रीगणेशाय नमः ।

# निवेदन ।

(१) कलकत्ता यूनीवर्सिटी के विद्वान-साहिबों ने यह उत्तररामचरित नाटक १८-७१ ई० से एफ ए वर्ग के छात्रों के पढ़ने के लिये नियत किया है ।

पहिलेसे यह ग्रन्थ यम् ए अर्थात् आनरमें था, और अब भी है, भवभूतिका बनाया यह ग्रन्थ संस्कृत के उत्कृष्ट और कठिन ग्रन्थोंमे से है, जिस कक्षामें यह पुस्तक नियत कियी गयी है उसके विद्यार्थियों के अर्थ यह ग्रन्थ बड़ा कठिन जान पड़ा तब मैंने उनकी सुगमता के लिये इस ग्रन्थ के उल्था करने का प्रारम्भ किया, जिससे उन्हें बड़ी सहायता मिली, और भी कई हेतुओं से इसका पूरा करना उचित समझा ॥

(२) यह पुस्तक यूनीवरसिटी से एफ ए वर्ग के लिये नियुक्त हुई है और अभी कुछ कालतक यह उसी कक्षा के संस्कृत परीक्षा के अर्थ रहेगी, और बङ्गाले आदि देशों में मैं जानता हूं कि इसका अनुवाद हो चुका है इससे वहां के विद्यार्थियों को इस ग्रन्थ के पढ़ने में सुगमता होती है, और हमारे पश्चिमोत्तर देशीय छात्रवर्गों को सुगम होने के लिये तथा बहुत से लोगों को नाटक के पढनेकी बड़ी आकाङ्क्षा रहती हैं, और हिन्दी भाषा में कोई रमणीय इस प्रकार का ग्रन्थ नहीं है जिसके पढ़ने से उनको भी नाटक का रस जान पड़े, अथवा ऐसे ऐसे गूढ़ संस्कृत के ग्रन्थों को पण्डित और अनुवाद की हुई पुस्तक की सहायता के बिना लगा लेवें।

(३) और भी इसमे कवि ने स्त्री और पुरुष के निर्मल स्नेह और पिता पुत्र का परस्पर आदर सत्कार और वेद शास्त्र की आज्ञानुसार गृहस्थधर्म्म और बाल्यावस्था

का धर्म्म आदि बड़ी सावधानी से वर्णन किया है, इन बातों से हमारी देशकी स्त्रियों के पढ़ने के लिये अति हितकारी होवेगा, क्यों कि वे इससे जानेंगी कि हमारे प्राचीन लोगों का क्या धर्म्म था और पिता, पुत्र, स्त्री, पुरुष मे कैसी कैसी एकता रहती थी और हम लोग रामचन्द्र आदि के चरित का पढ़ना तथा पढ़ाना बड़ा पुण्य समझते हैं इस कारण इस पुस्तक का नाम सुनतें हीं स्त्री लोग बहुत मन लगा कर पढैंगी, इन कारणो से मैंने इसका अनुवाद अपनी बुद्धि के अनुसार सुगम और प्रचलित भाषा मे तथा पंक्ति पंक्ति के आशय सहित लिखा है ।

बरेली कालेज } श्रीपण्डित देवदत्त
२४ अक्तूबर१८७१ ई० } त्रिपाठी ।

# भूमिका।

भवभूति भारतवर्ष का एक प्रधान कवि था, इसके कवित्वशक्ति के अनुसार गणना किये जावे तो कालिदास, माघ, भारवि, श्रीहर्ष और बाणभट्ट के पीछे इसका नाम का लिखना असङ्गत नहीं है, भवभूति के अत्यन्त विशेष प्रशंसा के योग्य कितने निज गुण लक्षित होते हैं इसके ग्रन्थों मे अर्थ की उदारता और गम्भीरता जैसी देख पड़ती है अन्य अन्य कवियों के ग्रन्थों में तैसी नहीं लक्षित होती, भवभूति से भिन्न भारतवर्ष के किसी कवि के काव्य में पर्व्वत नदी और अरण्य आदि का अधिक वर्णन नहीं है अन्य अन्य कवियों ने अनावश्यक स्थान में भी शृङ्गाररस का अवतार किया है परन्तु भवभूति इस दोष से दूषित नहीं, भवभूति ने अनावश्यक स्थान में स्वकीय रचनावली को कदापि आदिरस से कलुषित

वर्णीं किया और अवश्यक स्थान में भी आदि-रस वर्णनकाल में भी अत्यन्त सावधानता प्रकटित किथी, परन्तु इस कवि का जैसा असाधारण गुण देखने में आता है तैसा असाधारण दोष भी लक्षित होता है।

इसके काव्य के अनेक स्थलों में अनायास अर्थ का ग्रहण करना कठिन है और मध्य मध्य में संस्कृत और प्राकृत की रचना में ऐसे दीर्घ समास से सङ्कुटित शब्दावली विर-चित हैं कि उसके अर्थ का बोध और रस ग्रहण में विलक्षण कठिनता उपस्थित होती है नाटक के कथोपकथन के स्थल में तैसे दीर्घ समास का अवलम्बन करना अत्यन्त दोष का आस्पद है।

महावीरचरित, उत्तररामचरित और मालतीमाधव ये तीन नाटक भवभूति के बनाये प्रसिद्ध हैं, इनके मध्य महावीर चरित भवभूति का प्रथम नाटक है, इसमें रामचन्द्र का विवाहादि राज्याभिषेक पर्य्यन्त चरित वर्णन किया गया है इस नाटक में वीररस

प्रधान है और इस नाटक में भवभूति की कविताशक्ति अत्यन्त अधिक विलक्षण प्रदर्शित हुई है, परन्तु जिन गुणों के विद्यमान होने से नाटक प्रशंसा के योग्य होता है उन सब गुणों का भी कुछ अधिक परिचय प्राप्त नहीं होता तथापि रामचरित का इतना अंश ले कर अन्य अन्य कवियों ने जो नाटक की रचना की है महावीरचरित उन सब की अपेक्षा सर्व्व अंश में उत्कृष्ट निःसन्देह सिद्ध होता है, उत्तररामचरित रामचन्द्र के राज्याभिषेकके उत्तरकालीन चरित अवलम्बन करके रचित हुआ है रामचरित का इतना अंश वाल्मीकीय रामायण के उत्तरकाण्ड में निबद्ध है परन्तु उत्तररामचरित में अश्वमेध यज्ञ के अश्व के निरोध का उपलक्ष करके अश्वरक्षिणी रामचन्द्र की सेना के साथ लव का जो युद्ध वर्णित हुआ है रामायण में उसका कुछ भी उल्लेख नहीं यह वृत्तान्त पद्मपुराण के अन्तर्गत पातालखण्ड रामाश्वमेध प्रकरण से लिया गया है, उत्तर रामचरित करुणा-

रस प्रधान नाटक है, यह नाटक काव्य माधुर्य्य और अर्थ की गम्भीरता में परिपूर्ण रचना मधुर और अति कठिन है ।

करुणारस के विषय में भवभूति का उत्तर-रामचरित संस्कृत भाषा में सर्वोत्कृष्ट काव्य है, इस नाटक के पठन समय में अच्छे हृदय-वाले लोग भी मोहित और सजलनयन होते हैं, मालतीमाधव आदिरस प्रधान नाटक हैं, भवभूति ने इस नाटक में निज असाधारण कवित्व की शक्ति और असामान्य रचनाशक्ति की पराकाष्टा दिखलाई हैं, और इस नाटक की. प्रस्तावना में गर्वित वाक्य से कहा है कि,

ये नाम केचिदिह नः प्रथयन्त्यवज्ञां,
जानन्ति ते किमपि तान् प्रतिनैषयत्नः ।
उत्पत्स्यतेऽस्ति मम कोऽपि समानधर्म्मा,
कालोह्ययं निरवधिर्विपुला च पृथ्वी ॥

जो लोग इसनाटक में हमारी अवज्ञा प्रकाश करते हैं वे क्या जानते हैं अथवा वे क्या कुछ जानते हैं उनके निमित्त हमारा यह प्रयत्न

नहीं है हमारे समान कोई उत्पन्न होवेगा वा है क्यों कि काल की अवधि नहीं और पृथिवी बहुत बड़ी है, परन्तु भवभूति ने अपने नाटक के उत्कर्ष सम्पादन के लिये जैसा प्रयास किया है उनका मालतीमाधव नाटकांश में तैसा उत्कृष्ट नहीं है॥

इस ग्रन्थकी रचना में विलक्षण माधुर्य्य और चतुर्य्य प्रगट है और अर्थ का भी असाधारण गाम्भीर्य्य लक्षित होता है अच्छे हृदयवाले लोग मालतीमाधव पढ़कर भवभूति की कवित्वशक्ति और रचनाशक्ति की बहुत प्रशंसा करते हैं, परन्तु इस ग्रन्थ को अति उत्कृष्ट नाटक करके अङ्गीकार करने में सम्मत न होंगे, ऐसा जान पड़ता है कि भवभूति ने निज विरचित नाटक त्रयके मध्य मालतीमाधव को सर्वोत्कृष्ट ठहराया था,परन्तु अच्छे हृदयवाले लोगों के निकट उत्तररामचरित सर्वोत्कृष्ट नाटक करके परिज्ञात है, अर्थके बोध का व्यतिक्रम और दीर्घ समास से युक्तवाक्य का लिखना आदि जो भवभूति के बनाये ग्रन्थों का प्रधान दोष है

वह समस्त दोष मालतीमाधव में सर्वापेक्षा कुछ न्यूनाधिक उपलब्ध होता है ॥

इन तीन नाटकों को छोड़कर भवभूति ने और किसी ग्रन्थ की रचना की थी वा नहीं विदित नहीं है, और भवभूति किस काल में उत्पन्न हुआ था इसका भी निरूपण सहज नहीं है, कोई कोई अनुमान करते हैं कि कुछ अधिक सहस्र वर्ष हुए कि वह भूमण्डल में प्रादुर्भूत हुआ था, महावीरचरित और मालतीमाधव की प्रस्ताव में सूत्रधार मुख-द्वारा उन्होने जो अपना परिचय दिया है उनके विषयमें उससे भिन्न जानने का उपा-यान्तर नहीं, और वह परिचय यह है कि विदर्भदेश के मध्य पद्मपुर नगर उनका जन्म-स्थान, पिता का नाम नीलकण्ठ, पितामह का नाम गोपाल, माता का नाम जातूकर्णी, और उनका गोत्र काश्यप था, उनके पूर्वपुरुषों ने वेद विद्या और वेदोदित क्रिया के अनुष्ठान के द्वारा बड़ी प्रतिष्ठा पाई थी ॥

मैं भवभूति के बनाये उत्तररामचरित नाटक का अनुवाद करके प्रचारित करता हूं, यह ग्रन्थ जैसा कठिन है तैसा सब पण्डितवर्ग को विदित है और इसका माधुर्य्य सिरिस के कुसुम से अधिक सुकुमार है, परन्तु यह अनुवाद यथा साध्य प्रकृतानुसारी किया गया है, और अच्छे हृदयवाले जनों का प्रीतिकर और मूलग्रन्थ का रसास्वादन के विषय में सहकारी होने से मेरा समस्त श्रम सफल होगा, पण्डितों के निकट निवेदन यह है कि यद्यपि भ्रम अथवा प्रमाद से मूल के मर्म्मानुवादन में अकृतकार्य्यता लक्षित होय तो कृपा वितरणपूर्व्वक उसका संशोधन कर देवैं॥

# उत्तररामचरित नाटक का तत्त्व।

प्रथम में यह है कि इस नाटक के कवि भवभूति ने इस रीति से ग्रन्थ का प्रबन्ध बान्धा है, कि नाटकवाले लोग श्रीरामचन्द्र की राजधानी अयोध्या में राज्याभिषेक के पीछे आये, और वहां कुछ उत्सव न देख कर लोगों से यह जाना कि राज्याभिषेकानन्तर विभीषण और सुग्रीवादिक मित्रवर्ग अपने अपने स्थान को चलेगये, रामचन्द्र की माता प्रभृति वशिष्ट और अरुन्धती जी सहित जानकी की गर्भ के पूरे दिन होने के कारण घर छोड़ कर ऋष्यशृङ्ग के आश्रम में यज्ञ देखने के लिये गयी हैं, और राजा जनक कन्या जानकी और जामाताके मिलने को अयोध्या में आकर अपनी राजधानी को चले गये, रानी जानकी स्वजन और पिता के वियोग से दुःखी थी इनके विनोद के अर्थ राजा रामचन्द्र

बनवास में गये और रानी का आश्वास न किया, इसी के मध्य ऋष्याश्रम से अष्टावक्र मुनि वशिष्ठ जी आदि का कुशल लाये, इसके उपरान्त कुमार लक्ष्मण ने चित्र दिखलाये जिन में रामचन्द्र के विवाह से ले कर रावण के सम्पूर्ण सेना सहित मारने के पीछे सीता जी की अग्नि से शुद्धि तक चरित थे, उन्हें देख कर चित्त प्रसन्न करते थे, कि पुरानी बनवास आदि की कथा स्मरण हुई, सीता जी ने जृम्भकास्त्र को देख कर राम से पूछा कि ये क्या हैं, तब रामचन्द्र जी ने कहा कि ये जृम्भकास्त्र हैं विश्वामित्र जी ने ताड़का के वध करने के समय हमको कृपा कर के दिये थे, अब ये जृम्भकास्त्र तुम्हारे लड़कों के पास जावें ऐसा आशीर्वाद दिया, तदनन्तर जनस्थान आदि की पुरानी सब बातें जो उन चित्रों में लिखीं थी उनको देख देख कर वियोग का स्मरण करते थे, इसके उपरान्त बनविहार और श्रीगङ्गा जी का दर्शन करने का सीता जी का मन हुआ कि फिर वहां

आवें, तब रामचन्द्र ने लक्ष्मण को कहा कि वाहन आदि का बन्धज करो, तब सीता जी और रामचन्द्र अपने एकान्त की बातें करने लगे, इतने में रामचन्द्र का [illegible] सेवक दुर्मुख आकर बोला कि महाराज प्रजासमूह सीता जी को अपवाद लगाते हैं, और आप की निन्दा करते हैं, इसके सुनते ही उनका शरीर विकल हो गया और निराश हो कर इस अपवाद से बचने के निमित्त लक्ष्मण को बुला कर कहा कि सीता को ले जा कर गङ्गा जी के तीर पर वन में छोड़ देवो।

दूसरे में यह है कि, आत्रेयी वाल्मीकी के आश्रम से अगस्त्याश्रम को जाती थी कि पञ्चवटी में सीता जी की पुरानी सहेली वासन्ती मिली और पूछा कि आप का इस वन में आने का कारण क्या है, तब आत्रेयी ने कहा कि कुश और लव दो बालक भागीरथी जी ने वाल्मीकी जी को ला कर सौंपे थे, वे उनका उपाकर्म्म आदि कर्म्म करके उनको पढ़ाते हैं, उनके साथ पढ़ने की अपनी सामर्थ्य

न देख कर इस अगस्त्याश्रम को आई हूं, और इन दिनों रामायण का प्रारम्भ किया है इस कारण उनको पढ़ाने का अवकाश भी नहीं है, तब वासन्ती बोली कि इस पञ्चवटी में हो कर चली जाइये, पञ्चवटी को नाम सुनते ही उसे सीता जी का स्मरण हुआ, तब वासन्ती ने उसके विषय की बात पूछी कि रानी सीता जी का क्या वृत्तान्त है, उसने कहा कि अपवाद सहित वनवास हुआ है फिर वासन्ती ने पूछा कि अब राजा राम क्या कार्य्य करता है, आत्रेयी ने कहा कि इन दिनों उसने अश्वमेध यज्ञ का प्रारम्भ किया है, परन्तु शम्बूक नाम शूद्र तपस्वी के ढूंढ़ने को वन और उपवनों में गया है, क्यों कि धर्मात्मा राजा के राज्य में शूद्र को तपस्या करना उचित नहीं है, तब वासन्ती बोली कि वह शूद्र इसी वन में तपस्या करता है, तो अब राजा रामचन्द्र इस पञ्चवटी में अवश्य आवेगा, इसके उपरान्त वह राजा यहां आया और शूद्र तपस्वी को मारा वह दिव्य

पुरुष हो कर इसकी स्तुति करके अगस्त्य जी के आश्रम को गया, राजा रामचन्द्र उस जनस्थान को देख कर जहां पहिले प्यारी जानकी सहित रहे थे बहुत बहुत विलाप करने लगे कि शम्बूक फिर आ कर राजा से कहने लगा कि अगस्त्य जी और उनकी स्त्री लोपामुद्रा आप के देखने की बड़ी इच्छा करती हैं, राजा रामचन्द्र जनस्थान के पदार्थों के देखने को छोड़ कर मुनि जी के आश्रम को चले गये।

तीसरे में यह है कि मुरला तमसा से कहने लगी कि मुझे लोपामुद्रा ने गोदावरी के पास यह कहने को भेजा है कि वह राजा लौट कर पञ्चवटी में आवेगा तब स्त्री के विरह से दुखी उसको फिर वहां के पदार्थों के देखने से बड़ी विरहवाले को किसी प्रकार आप प्रसन्न रक्खैं, तब तमसा ने सीता के वहां आने का समाचार कहा कि जान्हवी जी ने यही विचार कर और उसे आशिष दे कर भेजा है कि तुझे देवता भी न देख

सकते मनुष्यों की क्या कथा है, फिर रामचन्द्र लौट कर आये और वासन्ती को देख कर प्राचीन वृत्तान्तों को और पूर्व परिचित पदार्थों को स्मरण कर कर बहुत बहुत विरहित हो कर मूर्च्छित भये, तब सीता ने तमसा की आज्ञा से अपने हाथों के स्पर्श से रामचन्द्र को स्वस्थ किया, तमसा और सीता की बातें हो रहीं थीं जिनको रामचन्द्र जी नहीं सुनते और जानते थे, उधर रामचन्द्र और वासन्ती की बातें हो रहीं थीं कि रामचन्द्र सब से बिदा हो अपनी राजधानी को चले गये।

चौथे में यह है कि ऋष्यशृङ्ग के आश्रम से वशिष्ठ अरुन्धती और कौशल्या आदि तथा राजा जनक जी अपनी राजधानी से सब बाल्मीकी जी के आश्रम में आये, कौशल्या और अरुन्धती जब जनक जी के मिलने को गयीं तब इन्हों ने खेलते हुये बालकों मे से एक बालक ने रामचन्द्र को समान आकृति देख उसे बुलाया, उस से बातें होतीं थी कि और बालक

आकर उसे बुलाय अश्वमेध यज्ञ के अश्व के निकट ले गये जिसके साथ लक्ष्मण जी का पुत्र चन्द्रकेतु सेनापति थां,

पांचमे में सेनावालों की कही ऊई अभिमान की वातें सुन कर लव से न रहा गया और बऊत से सैनिकों को परास्त किया उसकी वीरता देख कर सुमन्त सारथी से चन्द्रकेतु ने उसकी प्रशंसा करके अपने साथ लड़ने को उसे बुलाया, जब लव आता था तो सेनावालों ने फिर उसपर आक्रमण किया तव लव ने उन्हें जृम्भकास्त्र से. परास्त किया वीरता की प्रशंसा करते करते उसने रामचन्द्र के वीरत्व के विषय में निन्दा की तव चन्द्रकेतु से न रहा गया दोनों युद्ध के लिये उद्यत ऊये।

छठवें में यह है कि उन दोनों का महायुद्ध हो रहा था कि श्रीरामचन्द्रजी शम्बूक के वध से लौट आ-कर वहां उपस्थित ऊये, चन्द्रकेतु ने लव की प्रशंसा की लव ने अश्वमेध के अश्व के रोकने के अपराध की क्षमा

मांगी तब राजा राम ने लव की बहुत प्यार से मर्य्यादा की इसके उपरान्त कुश भी आ-कर उपस्थित हुआ इन दोनों बालकों को देख कर रामचन्द्र के चित्त में आया कि ये बालक कदाचित् जानकी के हैं, परन्तु उनकी रूखी रूखी बातों के सुनने में चित्त को लगाया, इसी के मध्य वशिष्ठ कौशल्या आदि भी लव और चन्द्रकेतु का युद्ध सुन कर उसी युद्ध भूमि में सब आये।

सातवें में, इसके उपरान्त लक्ष्मण ने राजा रामचन्द्र और बाल्मीकी की आज्ञानुसार सब को बुला कर गङ्गा जी के तीर में सभा की उसमें बाल्मीकी जी की कविता का गान और नृत्य हुआ रामचन्द्र जी भी आये हों तब नटों ने सीता जी के वनवास से ले कर लव और कुश के बाल्मीकी जी को सौंप ने तक का चरित्र किया, तब रामचन्द्र का शङ्का हुई कि कदाचित् सीता परलोक को प्राप्त हो गई हो, इसपर जान्हवी जी और पृथिवी जी ने सीता जी को ला कर अरुन्धती जी को

सौंपा उन्हों ने सब प्रजाओं को जो उस सभा में उपस्थित थीं उन सभों की अनुमतिपूर्व्वक सीता को राजा रामचन्द्र को सौंपा उससे सब प्रसन्न हुए राजा रामचन्द्र जी ने बाल्मीकी जी को धन्यवाद किया॥

## उत्तररामचरित नाटक।

नाटक के ग्रन्थो में पढ़नेबालों की सुगमता के लिये अथवा स्वांग खेलनेबालों की शिक्षा के कारण कुछ खेल और चिन्ह ऐसे लिखे जाते हैं जो साधारण पढ़ने के ग्रन्थों मे नहीं होते, और जिन लोगों ने नाटक का खेल देखा है वे जानते हैं कि ऐसे ऐसे चिन्हों के बिना काम नहीं चलता, इस लिये उन चिन्हों का ब्यौरा हम नीचे लिखते हैं

(१) जो खेल इस प्रकार के ( ) कोष्ट के भीतर लिखे जाते हैं वे किसी नाटक पात्र के वचन नहीं है, किन्तु ग्रन्थकारने पढ़नेबालों को

अथवा स्वांग खेलनेवालों को समझाने के लिये लिख दिये हैं कि पात्र ने इस भांति अमुक काम किया।

(२) जहां कोष्ट में आपही आप लिखा है वहां समझना चाहिये कि आगे का जो वचन है वह पात्र ने प्रगट नहीं कहा हौले हौले ऐसे कहा मानो इसको दूसरा कोई नहीं सुनता है, और जहां कोष्ट के भीतर स्पष्ट अथवा प्रगट लिखा है वहां जानों कि इससे आगे का यह वचन पात्र ने सबके सुनाने को कहा है।

(३) जहां कहीं लिखा है कि अमुक आया अथवा प्रवेश किया वहां समझना चाहिये कि यह पात्र नेपथ्य से रङ्गभूमि में आया, ऐसेही जहां लिखा है कि अमुक गया वहां जानों कि यह पात्र रङ्गभूमि से नेपथ्य में आया।

(४) जहां लिखा है कि स्थान अमुक वहां जानना चाहिये कि सब वृत्तान्त अमुक जगह हुआ और उसी जगह का रूपक नाट्य

घर में नेपथ्य के परदे उठा कर और दूसरे परदों पर अथवा भूमिपर स्वांग खेलनेवाले दिखलाय देते हैं।

(५) जहां कहीं लिखा है कि नेपथ्य में शब्द हुआ अथवा परदे के भीतर शब्द हुआ वहां जानों कि यह शब्द रङ्गभूमि में नहीं हुआ परदे के भीतर हुआ है।

साधारण रीति से काव्य दो प्रकार के होते हैं एक(१) दृश्य दुसरा (२) श्राव्य दृश्यकाव्य को नाटक कहते हैं, और नाटक के ग्रन्थों में छोटे छोटे टुकड़े होते हैं जो और पढ़ने के ग्रन्थों में नहीं होते ऐसे ऐसे काव्य को नाटक कहते हैं।

---

(१) देखने के योग्य दृश्य।

(२) सुनने के योग्य श्राव्य।

# नाटकपात्र पुरुष और स्त्री।

| नाम | रूप |
|---|---|
| सूत्रधार | नाटक का मुखिया। |
| नट | सर्व्वभेषधारी। |
| राम रामभद्र रामचन्द्र | मुख्य नायक, वा महाराजा अयोध्या का। |
| सीता वा जानकी | पट्टरानी। |
| लक्ष्मण | राजा राम का भाई। |
| कञ्चुकी | द्वारपाल, स्त्रियों के सेवकों की संज्ञाविशेष. सेवक हैं, वा खोजा। |
| अष्टावक्र | ऋष्यशृङ्ग का शिष्य वा चेला। |
| वशिष्ठ जी | रामचन्द्र के कुलगुरु। |
| अरुन्धती जी | वशिष्ठ जी की स्त्री। |
| विश्वामित्र | रामचन्द्र के विद्यागुरु। |
| कौशल्या | रामचन्द्र की माता। |
| जनक | मिथिलापुर के राजा वा राम के श्वशुर। |

| | |
|---|---|
| गौतम और सतानन्द | ये दोनों राजा जनक के पुरोहित। |
| दुर्मुख | राम का गुप्तसेवक। |
| आत्रेयी | एक ऋषि की स्त्री। |
| वासन्ती | वनदेवता। |
| शम्बूक | एक शूद्र तपस्वी। |
| तमसा | नदीविशेष। |
| मुरला | नदीविशेष। |
| सौधातक | कोई ऋषिकुमार। |
| भाण्डायन | ऋषिकुमार। |
| लव | रामचन्द्र का पुत्र। |
| चन्द्रकेतु | लक्ष्मण का पुत्र। |
| सुमन्त्र | चन्द्रकेतु का सारथी जो दशरथ का सारथी था। |
| लड़के | ऋषियों के लड़के। |
| विद्याधर | देवविशेष। |
| विद्याधरी | देवविशेष। |
| कुश | रामचन्द्र का बड़ा पुत्र। |
| बाल्मीकी | एक ऋषि वा रामायण का ग्रन्थकार। |

| | |
|---|---|
| वसुन्धरा | पृथिवी वा सीताके माता। |
| भागीरथी | गङ्गा जी। |
| देव | राजा। |
| देवी | रानी। |
| आर्य्य | श्रेष्ठ वा बड़ा। |
| आर्य्यपुत्र | निजपति वा भर्त्ता। |
| नान्दी | नाटक के आरम्भ होने के पहिले मङ्गलाचरण करनेवाला। |

श्रीविद्याधीशाय नमः ।

# उत्तररामचरित नाटक ।

## दोहा ।

श्रीगणेशमहिमा प्रबल विदित सकल संसार ।
बन्दि चरण नाटक रचौं रामचरित्र उदार ॥
बाल्मीक शिव आदि कवि वरणनकियो अपार ।
सारभाग संक्षेप अति कवि भवभूति प्रचार ॥
देवदत्त द्विज आनि उर नाटकविषय विहार ।
कियो सुलभ शिशुजनन हित भाषा सहजप्रकार ॥

(रङ्गभूमि[1] में नान्दी मङ्गलाचरण पढ़ता आया) ॥

## नान्दी ।

इदं कविभ्यः पूर्व्वेभ्यो नमो वाकं प्रशास्महे ।
विन्देम देवतां वाच ममृतामात्मनः कलाम् ॥

---

(१) जहां लीला अथवा खेला होता है उस स्थानको रङ्गभूमि कहते हैं ।

अर्थ। प्राचीनकाल के अति प्रसिद्ध वाल्मीक आदि कवियों को नमस्कार करके हम यह चाहते हैं कि सरस्वती देवी को जो ईश्वर की कला और अधिक सन्तोष की देनेवाली है हम पावें।

(नान्दीपाठ के पीछे सूत्रधार आया और बोला।)

सूत्र। बहुत विस्तार करना न चाहिये मैं आज भगवान (१) महाकालेश्वर की यात्रा के समय काव्यामृत के चाखने में परम चतुर गुणीलोगों से प्रार्थना करता हूं कि पूज्य आपलोग ऐसा जानिये कि यहां श्रेष्ठ काश्यप गोत्र श्रीकण्ठ पद से भूषित भवभूति नाम कवि है (२)।

यह सरस्वती देवी वश की हुई कामिनी के समान जिस ब्राह्मण की सेवा करती है, उस कवि के बनाये उत्तररामचरित नाम नाटक की लीला हमलोग करते हैं॥

---

(१) उज्जयनी नगरवासी।

(२) अर्थात् शिवजीके नाम से मिला हुआ भवभूति नाम कवि है।

यह मैं कार्य्य (१) करने के निमित्त राम-चन्द्र के राज्याभिषेक के समय अयोध्या में आया हूं (चारो ओर देख कर) क्या जो यहां रावण के वंश के नाश करने को धूम-केतु महाराज० रामचन्द्र के राज्याभिषेक का यह समय है सो अवतक रात्रि दिन आनन्द से प्रसन्न चौराहों में भाण्ट चारण और यश गायक लोग क्यों नहीं डोलते फिरते हैं।

नट। (२) (भीतर जा कर बोला) हे सूत्र-धार श्रीमहाराज ने अयोध्या से उन लोगों को अपने,अपने घरों को विदा किया जो लङ्का के लड़ाई में बड़े सहायक महात्मा सुग्रीव आदि वानर और विभीषण आदि राक्षस तथा अनेक देशों से ब्रह्मऋषि और राजऋषि

---

(१) स्तुति और नाच आदि।

(२) क्योंकि सबों के आनन्द देनेवाले राजा राम-चन्द्र के राज्याभिषेक के इस समय आनन्द गीत और नाच आदि का होना उचित है सो किस निमित्त उत्-सव नहीं है, और परिवार के लोग भी कहीं को चले गये हैं।

महाराज रामचन्द्र के राज्याभिषेक के सन्मान के लिये आये थे जिनके आराधन के अर्थ इतने दिनों तक उत्सव हुआ था।

और भी,

कुलगुरु वशिष्ठ जी के साथ रामचन्द्र की माता महारानी कौशल्या आदि अरुन्धती (वशिष्ठ जी की स्त्री) को अगाड़ी करके जामाता के यहां गई हैं।

सूत्र। मैं विदेशी हूं इस लिये पूछता हूं कि यह यामाता कौन है।

नट। राजा दशरथ की शान्ता नाम कन्या थी जिसको राजा लोमपाद ने गोद लिया।

विभाण्डक के लड़के ऋष्यशृङ्ग ने उस कन्या से विवाह किया, और उसने अब बारह वर्ष का यज्ञ आरम्भ किया है, उसके शिष्टाचार से पूर्णगर्भ वधू जानकी को छोड़ कर श्रेष्ठ जन वहां गये हैं।

सूत्र। इससे क्या प्रयोजन है अब आओ राजा के द्वार ही पर चल कर अपनी जाति

के समान स्तुति आदि करने के निमित्त हम-लोग उपस्थित होवें।

नट। सो राजा की पवित्र स्तुति का वर्णन करो, अर्थात् राजा के सन्मुख अपना क्या गुण प्रकाश करोगे।

सूत्र। सुनो भाई सब प्रकार के कहने सुनने में निर्दोषता नहीं हो सकती क्यों कि स्त्रियों और बाणी की साधुता में भी लोग दुर्ज्जन होते हैं।

नट। बरन अति दुर्ज्जन कहना चाहिये क्यों कि देखो रानी जानकी को भी राक्षस के घर रहने से तो लोग अपवाद लगाते हैं, यद्यपि वह अग्नि से पवित्र हैं तथापि उस पवित्रता का निश्चय नहीं करते हैं।

सूत्र। जो ये बातें महाराज सुनैंगे तो बड़ा कष्ट होगा।

नट। सब प्रकार ऋषि और देवता कल्याण करैंगे, (ऐसा कह कर और घूम कर बोला) क्या जी महाराज इस समय कहां है (कुछ सुन कर) लोग ऐसा कहते हैं कि,

स्नेह से जामाता की प्रसन्नता के निमित्त राजा जनक अयोध्यापुरी में आकर और उत्सव से इन दिनों को व्यतीत कर आज जनकपुर को गये, इस कारण पिता के वियोग से उदासीन महारानी जी के विनोद के हेतु महाराज राज सिंहासन से रणवास मे गये हैं।

( ऐसे कह कर निकला )

इति प्रस्तावना।

## ॥ प्रथमाङ्क ॥

( इसके पीछे भीतर जा कर रामचन्द्र और जानकी सिंहासन पर बैठे ।)

राम। हे रानी जी धीरज धरो धीरज धरो वे गुरुजन लोग आपही हम सब को विरह को बहुत कालतक नहीं सह सकते हैं, रहा क्या कि क्रिया तर्पण होम आदि नित्यकर्म्म गृहस्थ लोगों की स्वतन्त्रता को तोड़ते हैं; क्योंकि अग्निहोत्री लोगों की गृहस्थता पापों के डर से बड़ी कठिन होती है।

सीता। जानती हूं आर्य्यपुत्र जानती हूं किन्तु बन्धुजनो के वियोग सन्तापकारी होते हैं।

राम। यह ऐसाही है, निश्चय से ये संसार के पदार्थ इस भांति हृदय के मर्म के काटनेवाले होते हैं, इसी कारण इनसे डरते बुद्धिमान पुरुष इन सब का मनाओं को छोड़ के वन में जा कर विश्राम करते हैं।

कञ्चुकी। (भीतर पैठ कर) हे रामभद्र (ऐसा आधा कह कर डरता हुआ बोला हे महाराज।

राम। (कुछ हंस कर), हे आर्य्य निश्चय से रामभद्र यही मेरे लिये तात के सेवकों का बोलना शोभता है इस लिये आपको जैसा अभ्यास है वैसा ही कहिये।

कञ्चुकी। महाराज ऋष्यशृङ्ग के आश्रम से अष्टावक्र जी आये हैं।

सीता। हे आर्य्य अब किस कारण विलम्ब करते हो।

राम। शीघ्र आने दो।

(कञ्चुकी निकल कर गया)

अष्टावक्र। (भीतर आ कर बोले) आप की जय होवे।

राम। हे आर्य्य मैं आप को प्रणाम करता हूं, यहां बैठिये।

सीता। आप को मेरा नमस्कार है हमारे बड़े लोगों की कुशल क्षेम है। और श्रेष्ठ शान्ता की भी कुशल है॥

राम। हमारे बनोई सोमलता के रस के पीनेवाले भगवान ऋष्यशृङ्ग का यज्ञ निर्विघ्न है, और बड़ी श्रेष्ठ शान्ता का भी कुशल है।

सीता। हम लोगों का क्या स्मरण करती हैं।

अष्टावक्र। (बैठ कर) हां देवी जी भगवान वशिष्ट जी ने आप को कहा है कि, जगत की धारण करनेवाली भगवती पृथिवी ने आप को उत्पन्न किया, विधाता के समान राजा जनक आप के पिता हैं, और हे आनन्द के बढ़ानेवाली सौभाग्यमती निज राजाओं के वंश में कुल के बढ़ानेवाले भगवान सूर्य्य और उपदेश करनेवाले हम गुरु हैं, उनकी आप बधू हैं।

इस कारण और आशिष आपको क्या देवैं केवल वीरपुत्रों को उत्पन्न करो।

राम। हमारे उपर बड़ी कृपा कि, क्यों कि संसारी साधुओं का बोलना केवल फल को प्रकाश करता है, और फिर आदि ऋषीश्वरों के बोलने को यत्नकी पछंपता है।

अष्टा। भगवती अरुन्धती जी महारानियों और शान्ता ने भी बारम्बार यह कहा है कि जो कुछ (१) गर्भ दोहद जानकी जी को चाहिये वह अवश्य अति शीघ्र ला देना उचित है।

राम। जो जो यह कहती हैं वही वही मैं करता हूं।

अष्टा। रानी जी के ननदोई ऋष्यशृङ्ग ने भी कहा है कि हे वत्से तू पूरे दिनों से है इस कारण यहां नहीं बुलाया, और वत्स रामभद्र भी तेरी ही प्रसन्नता के निमित्त वहां हीं छोड़ा गया है, इस लिये पुत्र से भरी गोद चिरञ्जीव तुमको देखेंगे।

राम। (हर्ष से कुछ हंस कर) तैसाही होवै, हे आर्य्ये भगवान वशिष्ठ जी ने भी मुझे कुछ आज्ञा की है।

अष्टा। सुनिये।

---

(१) गर्भवती के मनोभिलषित पदार्थ, इसका देना शास्त्र में महा-फलदायक लिखा है और नहीं देने में बालक सर्व्व प्रकार निर्भाग और अल्पायु होता है।

जामाता के यज्ञ से हमलोग रुके हैं तुम बालक हो, नया राज्य है, और प्रजा के पालन में नियुक्त हो इस निमित्त यश करना चाहिये जो आप सबका परम धन है (१)।

राम। भगवान वशिष्ठ जी जो आज्ञा करते हैं।

स्नेह दया सुख और जानकी को भी संसार को प्रसन्नता और रक्षा करने के हेतु छोड़ते मुझे कुछ भी मन की ग्लानि नहीं है।

सीता। हे आर्य्यपुत्र इसी लिये राघवकुल के धुरन्धर आप कहलाते हो।

राम। अरे यहां कौन है, भगवान अष्टावक्र जी को विश्रामस्थान को ले जावे।

अष्टा। (उठकर और घूम कर बोले) अये कुमार लक्ष्मण आया (ऐसे कह कर निकले।)

लक्ष्मण। (भीतर जा कर) महाराज का जय जयकार रहै, हे आर्य्य उस चित्रकार

(१) अर्थात् सूर्य्यवंशी राजाओं को यशही बड़ा धन है।

ने मेरी आज्ञा के अनुसार इस भीति में आप का चरित्र लिखा है इसे आप देखें।

राम। हे वत्स उदास जानकी को तू प्रसन्न करना जानता है, परन्तु यह चित्र कहां तक लिखा गया है।

लक्ष्मण। रानी जी की जहांतक अग्नि से शुद्धि हुई है।

राम। परमेश्वर कल्याण करे।

देखो, उत्पत्ति से पवित्र जानकी का और पवित्रपदार्थों से क्या होता है, जैसे तीर्थ के जल और अग्नि ये दूसरे पदार्थों से पवित्र नहीं होते हैं।

लक्ष्मण। हे देवि देव यज्ञ के स्थान पृथिवी से उत्पन्न प्रसन्न हो, जीवन के अन्त-तक आपको यह अपवाद है।

राम। पूज्य कुल रूप धनवालों से जगत की प्रसन्नता करनी चाहिये यह बड़ा कष्ट है, इस कारण जो मेरे सम्बन्ध से कल्याणहीन वचन (अर्थात् राक्षस के घर में वास रूप दोष) लोगों ने कहा वह आप के योग्य नहीं

है, क्यों कि सुगन्धवाले फूल का शिर में रहना और चरणों की मार को न सहना यह स्वभावही से सिद्ध है।

सीता। आर्य्यपुत्र जैसा है तैसा है, आओ अब तुम्हारे चरित को देखें।

( इस रीत उठ कर जाती है )

लक्ष्मण। यह पहिला लेख है।

सीता। ( प्रकाश करती हुई ) अब ये ऊपर निरन्तर ठहरे हुये आर्य्यपुत्र की स्तुति करने से ये कौन हैं।

लक्ष्मण। हे रानी जी मन्त्र के सहित जृम्भकास्त्र हैं, ये भगवान कृशाश्व मुनि से कौशिक ऋषि विश्वामित्र को मिले, विश्वामित्र ने ताड़का के बध करने के समय महाराज को प्रसाद कर के दिये हैं।

राम। हे देवि जी इन दिव्य अस्त्रों को प्रणाम करो।

ब्रह्मा आदि देवता और बड़े बड़े पुराने गुरुलोगों ने बेद के हित के लिये सहस्र वर्ष बड़ी तपस्या करके जिन दिव्य अस्त्रों को

पाया बेहो तपस्या के तेज रूप ये दिव्य अस्त्र हैं।

सीता। इन दिव्य अस्त्रों को मेरा नमस्कार है।

राम। सब प्रकार अबहीं तुम्हारे लड़कों के पास आवेंगे।

सीता। मुझ पर बड़ी दया हुई।

लक्ष्मण। जनकपुर का यह समाचार है।

सीता। आओ हमलोग देखें कि फूले नये नील कमल के समान श्याम वरण और अति सुकुमार शोभमान पुष्ट देह की सुन्दरता के सहित आश्चर्य से ठहरे पिता से देखी गई सुन्दर छवि जिस्की सहज मे शिव जी के धनुष तोड़ा है जिस्ने और काक पच्छ से प्रकाशित है मुखमण्डल जिस्का ऐसा आर्य्य पुत्र लिखा गया है।

लक्ष्मण। रानी जी देखो देखो, तुम्हारे पिता और जनक के वंश के पुरोहित गौतम और सतानन्द, वशिष्ठ जी आदि सम्बन्धियों को पूजा करते हैं।

राम। यह सब देखना चाहिये।

जनक के वंशवालों का और रघुवंशियों का सम्बन्ध किसको प्रिय नहीं है जहां दाता और ग्रहण करता आप विश्वामित्र जी हैं।

सीता। ये सब उस समय निश्चय से गोदान और मङ्गल करने से और चारो भाई विवाह के संस्कार से संस्कार पाये आप सबको मैं जानती हूं क्यों कि उसी देश में उसी काल से मैं भी थी।

राम। यह ऐसाही है,

यह वही समय है, हे सुमुखी जब कि गौतम जी.से दिया सुन्दर रमणीय और कङ्कण लगा मूर्त्तिमान उत्सव के समान इस तेरे हाथ ने मुझे आनन्दित किया था।

लक्ष्मण। यह आप, यह श्रेष्ठ माण्डवी, और यह बधू श्रुतिकीर्त्ति हैं।

सीता। वत्स यह दूसरी कौन है।

लक्ष्मण। (लज्जा के साथ हंसी को रोक कर) अरे महारानी जी उर्मिला को पूछती है हो, तो अन्यत्र जाता हूं, (स्पष्ट बोले) रानी

जी देखने के योग्य यह है इसे देखिये, यह भी भगवान परशुराम है (१)।

सीता। (कुछ भ्रम के सहित) मैं डरती हूं।

लक्ष्मण। हे रानी जी देखिये देखिये यह वही है जो महाराज ने किया, ऐसे आधे कहने पर चुप रहे।

राम। (कुछ निन्दा के सहित) प्यारे बहुत देखना है इस लिये और दिखलाओ।

सीता। (कुछ स्नेह से बहुत बड़ाई करती बोली।) हे आर्य्यपुत्र इस विनय की बड़ाई से आप अच्छे शोभते हैं।

लक्ष्मण। ये हमलोग अयोध्या में आये।

राम। (सजल नयन के सहित) स्मरण करता हूं, प्रसन्नता से स्मरण करता हूं।

जीते पिता के चरणकमल के समय नये विवाह संयुत और माताओं से चिन्ता सहित हमलोगों के निश्चय से वे दिन बीत गये।

---

(१) राम ऋषि जी आपको मेरा नमस्कार है। यह दूसरे पुस्तक का पाठ है।

यह भी उस समय जानकी जी,

अति सूक्ष्मता के कारण आपस में असं-युक्त तथा कपोलों पर लटकते केशोंसे शोभित और नई चमेली की कलियों के समान दांतों से तथा मनोहर शरीर के अंगो से भूषित और मनोरम मुखकमल को धारण करती थोड़े वय की इस जानकी ने भी उस समय अ-त्यन्त सुन्दर और चन्द्रमा की किरणों के स-मान सुकुमार और स्वभावसिद्ध रमणीय अ-पने प्रिय अङ्गो से मेरी माताओं को प्रस-न्नता की।

लक्ष्मण। यह मन्थरा है।

राम। ( कुछ कहा नहीं और जगह जा कर ) हे देवी जानकी, यह वही खिरनी का वृक्ष है जहां शृङ्गवेर पुर में पहिले प्यारे निषादों के राजा से हम सब का समागम हुआ था।

लक्ष्मण। ( हंस कर आपही आप ) अहा महाराज ने मझिलीमा का वृत्तान्त छिपाय दिया।

सीता। अहो हमलोगों का यह जटा बनाने का वृत्तान्त है।

लक्ष्मण। पुत्रों मे राजलक्ष्मी के भारको रख कर वृद्ध रघुवंशियों ने जो तप किया था, महाराज ने बालकपन मे उस पवित्र वनवास के व्रत को किया।

सीता। यह सुन्दर पवित्र जलवाली भगवती भागीरथी है।

राम। हे जाह्नवी देवी रघुकुल की मा आप को मेरा नमस्कार है।

हे भगवती राजा सगर के यज्ञ में अश्वके खोजने में व्याकुल और कपिल मुनि के क्रोध की अग्नि से जले हुये हमारे पिता के पितामहों को महाराज भगीरथ ने अनिगिनित तपस्या करके आपके जल के स्पर्श से उद्धार किया।

वह आप अरुन्धती जी के समान बधू जानकी पर कल्याणवाली आखों से देखें।

लक्ष्मण। भरद्वाज जी के बतलाये चित्रकूट के रस्ते में यमुना जीके तीरपर यह बड़ी श्याम नाम वट का वृक्ष है।

राम। इच्छापूर्व्वक देखते हैं।

सीता। क्या इस प्रदेश को आर्य्यपुत्र स्मरण करते हैं।

राम। अये प्यारी मैं इसे क्या भूलता भी हूं। देखो जिस वृक्ष के नीचे, मार्ग चलने के परिश्रम के कारण आलस्य से रमणीय और कांपते अच्छी छिली मृणाल यष्टीके तुल्य दुर्व्वल और बड़े गाढ़ आलिङ्गनो से विश्राम पाये अपने प्रिय अङ्ग को तूने मेरी छाती में रख कर निद्रा पाई थी।

लक्ष्मण। विन्ध्याचल के वन के आरम्भ में विराध का यह संग्राम है।

सीता। इन सब के देखने से क्या लाभ है, आओ तब तक अपना दक्षिण दिशा के वन का प्रवेश करना देखें जहां कि आर्य्यपुत्र ने ताड़ के पत्ते का छाता लगाया था।

राम। ये पहाड़ के झरनों के किनारोंमें तपोवन के वे वृक्ष है, जिन के नीचे विरक्त और ब्रह्मचारीलोग रहते हैं, और फिर जिन पेड़ोंके तरे अतिथि की सेवा में लगे नीवार

के चावल के भोजन करनेवाले इन्द्रीजीत गृहस्थलोग घर बना कर रहते हैं।

लक्ष्मण। देखो सघन अनोकह वृक्षों के समूहसे घिरा हुआ और शीतल श्याम अरण्य से चारों ओर बंधा और गोदावरी नदी के शब्द से पूरित गुफावाला तथा बढ़ते हुये बादलों से अत्यन्त, जनस्थान के मध्य यह प्रस्रवन नाम पर्व्वत है।

राम। हे ललित अङ्गवाली तू उस पर्व्वत में लक्ष्मण की सेवा से हम सब के खेद रहित उन दिनों को क्या स्मरण करती है, अथवा सुस्वादु सलिलवाली गोदावरी को क्या स्मरण करती है, और उसी नदी के किनारों के देशों में हम लोगों के रहने को भी क्या स्मरण करती है।

और भी निकट होने के योग से दोनों के कपोल मिला के बातचीत करते-करते बिना क्रम से मन्द मन्द कुछ कुछ बातचीत करते करते और अति दृढ़ आलिङ्गनो से हमलोगों के बिना जानी रातें रमते बीतती थी।

लक्ष्मण। पञ्चवटी में यह सूर्पणखा है।

सीता। हाय, आर्य्यपुत्र इतनाहीं देखना चाहिये।

राम। अये वियोग से डरनेवाली प्यारी यह चित्र है।

सीता। जैसा है तैसा है आर्य्यपुत्र परन्तु दुर्ज्जन दुख को उत्पन्न करता है।

राम। खेद की बात है, कि जनस्थान का वृत्तान्त वर्त्तमान काल के समान जान पड़ता है।

लक्ष्मण। अब इन पापी राक्षसों ने सुवर्ण के हरिण के छलरूप उपायों से ऐसा काम किया कि रावण के वंश सहित मार डालने आदि युक्तियों से लौटाया भी गया है, परन्तु मुझे पीड़ा देता है, और तूने जनस्थान के बीच विकल इन्द्री आर्य्य के चरित्रों से पत्थर रोता है; और वज्रका भी हृदय फटता है।

सीता। (आंसू के सहित) अये महाराज रघुकुलके आनन्दकारी आप ने इस प्रकार मेरे कारण दुख पाया था।

लक्ष्मण। (इच्छापूर्व्वक रामचन्द्रका वर्णन करते) हे आर्य्य यह क्या है,

देखिये कि ये आप के टपकते आंशू की परम्परा मोती की माला के टूटे दानों के समान धाराओं से गिरते छोटे छोटे टुकड़े हो कर पृथिवी पर गिरते हैं, और मर्म्मच्छेदी शोक का आवेग आप से रोका भी गया है, तौ भी आप के नीचे के होट और नाक के संपुट के कांपने के कारण और लोगों को ज्ञात होता है।

राम। हे वत्स,

उस समय प्रियजन के वियोगरूप विरह से उत्पन्न अति दारुण दुख की अग्नि उपायों से लौटा देने की इच्छा से सहने की इच्छा से सहने के योग्य ऊई थी,

(क्योंकि फिर भी प्रिया के मिलनेकी आशा थी) और फिर चित्र के देखने से उत्पन्न मन में बढ़ती ऊई नई दुख की आगि हृदयमें मर्म्म के फोड़ा के समान पीड़ा देती है।

सीता। हा धिक् हा धिक् आज मैं भी

अत्यन्त उत्कण्ठा से, आर्य्यपुत्र हीन, अपने आप को देखती हूं।

लक्ष्मण। (आप ही आप) ऐसा हो कि में और जगह जाऊं (चित्र को देख कर स्पष्ट बोले) मन्वन्तर से भी अधीक प्राचीन आपके बड़े श्रेष्ठ गिद्धराज जटायू के पराक्रम के उदाहरण का यह वही चित्र है।

सीता। हा, तात विना कारण आप का यह पुत्र सम्बन्धी स्नेह है।

राम। हा तात काश्यप गोत्र पक्षिराज, आप के समान महात्मा तीर्थरूपी वडे साधु के दर्शन का सम्भव, फिर कहां से हो सकता है।

लक्ष्मण। जनस्थान के पश्चिम दण्डक वन की पृथिवी का चित्र कुञ्जवान नाम वह भाग है जिस में दानवलोग रहते हैं, और ऋष्यमूक पर्व्वत में मतङ्ग नाम मुनि जी के रहनेका यह वही स्थान है, तथा श्रमणा नाम सिद्ध शवरी भी यह वही है और यह वही पम्पानाम सरोवर है।

सीता। मेरे हरण करनेवाले के ऊपर वड़े क्रोध और खुले कण्ठ से आर्य्यपुत्र जहां रोये थे।

राम। हे देवी जो यह रमणीय पंपासर है।

देखो कि इसी पम्पानाम सरोवर में मेरे आंसुओं के प्रवाह के समय मद से मीठे बोलनेवाले मल्लिकानाम हंसों ने अपने परों से चमकनेवाले और वड़े दण्डवाले कमलों को कंपाया है जिन में ऐसे ऐसे कमलवाले धरती के विभाग इस में दिखलाई देते हैं।

लक्ष्मण। यह हनुमान जी हैं।

सीता। वड़े दुखी जीवलोक के दुख के दूर करनेवाले और अधिक उपकारी महाभाग यह वही पवनसुत हैं।

राम। भाग्य से महाबाहु और अञ्जनी के आनन्द वढ़ानेवाले ये वेही हैं जिन के बल से हमलोग और सब जगत उपकार पाकर प्रसन्न हैं।

सीता। वत्स इस पर्व्वतका क्या नाम है, जहां फूला कदम्ब का वृक्ष है, और मोर नाचते हैं।

और जहां मलीन शोभायुत और मूर्च्छित आर्य्यपुत्र जिन को रोते हुये तुमने पेड़के तले पकड़ा था, लिखे गये हैं।

लक्ष्मण। अर्ज्जुन वृक्षों से सुवासित माल्यवान नाम यह वही पर्व्वत है, जिस की चोटी पर नीला और ठंडा पानी का बर्सानेवाला नया मेघ रहता है।

राम। वत्स, अब यहां ठहरो. ठहरो इस से अधिक, देखने को मैं समर्थ नहीं हूं, क्योंकि फिर भी जानकी का वही वियोग लौट आकर मुझे दुख देता है।

लक्ष्मण। इस के उपरान्त आर्य्य के और आप के कपि और राक्षसों के असंख्य और अत्यन्त आश्चर्य्ययुत कर्म्म हैं, और यह महारानी बहुत थकी हैं इस कारण मैं निवेदन करता हूं कि अब ठहरना चाहिये।

सीता। हे आर्य्यपुत्र इस चित्र के देखने

से उत्पन्न दोहद की अभिलाषावाली मुझे कुछ निवेदन करना है ।

राम । कहिये आपको क्या कहना है ।

सीता । मै जानती हूं कि फिर भी सुन्दर और गम्भीर वन में विहार करूंगी और पवित्र शुभदर्शन और ठंढेजलवाली भगवती भागीरथी में स्नान करूंगी ।

राम । वत्स लक्ष्मण ।

लक्ष्मण । क्या आज्ञा ।

राम । अतिशीघ्र इस का दोहद सम्पादन करना चाहिये । अभी बड़ेलोगोंने भी कहा है इस कारण उत्तम सुखदाई रथ लाओ ।

सीता । हे आर्य्यपुत्र आपलोगोंको भी वहां चलना चाहिये ।

राम । अयि प्यारी कठोर हृदय क्या यह भी कहना उचित है (अर्थात् मैं तो तेरे विनाहीं कहे चलूंगा )।

सीता । इससे मेरा प्रिय होगा।

लक्ष्मण। जैसी आपकी आज्ञा है। (इस भांति कह कर निकले)

राम। हे प्यारी अब आओ झरोखों में चल कर मुहूर्त्तभर विश्राम करलेवें।

सीता। अच्छा, चलिये परिश्रम से उत्पन्न हुई नींद को दूर करें।

राम। इस कारण अपने सोने के लिये यहां मुझे प्रेमसे पकड़ो। हे प्यारी चन्द्रमा की किरणोंसे चुम्बित और और टपकते चन्द्र मणि हार के समान विलासयुत और चित्र में लिखे राक्षसों कें देखने के डर से स्वेदयुत और मुझे जिलानेवाली अपनी बाहुओंको मेरे कंठ में प्रेम से अर्पण करो।

आनन्द से तैसा कराकर, अयि प्यारी यह क्या है।

हे प्रिये सुख वा दुख, मोह वा निद्रा विषै का फैलना वा मतवालापन है यह निश्चय करने को अशक्य हूं।

क्योंकि तेरे स्पर्श से उत्पन्न इन्द्रियगणों को

मूढ़ करनेवाला विकारचित्तको भ्रम और सं-मोह करता है ।

सीता । (कुछ हंसकर ) आपलोग स्थिर प्रसाद हैं इस से अधिक अब क्या कहना चाहिये ।

राम । हे कमलनयनी कुम्हिला ये जीवरूपी फूल के फुलानेवाली, तथा मन को सुख-कारी, और इन्द्रियगणोंको मोह करनेवाली, और कानोंको वचनामृत के समान सुखदेने-वाली और हृदय को रसायन के सदृश पुष्टि करनेवाली ये तेरी बात हैं ।

सीता । हे प्रिय बोलनेवाले आओ यहां सोवें।

(इस प्रकार शयन के लिये चारो ओर स्थान खोजती है ) ।

राम । क्या खोजना है ।

विवाह के समय से लेकर घर में और वन में लड़कपन है और युवावस्था में भी जिसका आश्रय और किसी स्त्री न सोने के हेतु नहीं किया है, ऐसी यह मेरी भुजा तेरे लिये किया है ।

सीता। (निद्रा से झूमती बोली) ऐसा ही है आर्य्यपुत्र, ऐसाही है।

(इस रीत कह कर सोती है)

राम। प्रिय बोलनेवाली क्या मेरी छातीही पर सोगई।

(स्नेह से विशेष वरणन करते)

यह जानकी घर में लक्ष्मी के समान आ-खोंको अमृत रूपी अञ्जन सलाका के तुल्य हैं, और इसका यह स्पर्श शरीर में चन्दन के तुल्य है, फिर मेरे कराठ मे ठंढे और चिकने मोती के हार के सदृश इसकी यह भुजा है, और इसके कौन गुण प्रिय नहीं है परन्तु इसका वियोग बड़ा असह्य है।

(द्वारपालिका भीतर आकर बोली) महाराज वह आया।

राम। अरे कौन।

द्वार। महाराज का गुप्त सेवक दुर्मुख।

राम। (आपही आप) गुप्त समाचार के जाननेवाले दुर्मुखको मैंने पुरवासियोंके वृत्तान्त जानने के हेतु भेजा था, (स्पष्ट बोले) अच्छा आवे।

(द्वारपालिका निकली)

दुर्मुख। (भीतर पैठकर आपही आप) सीतादेवी की ऐसी अचिन्तनीय पुरजनोंकी करी हुई निन्दा महाराज से कैसे कहूंगा, अथवा मुझ अभागे का ऐसीही सेवा मे अधिकार है।

सीता। (सोते सोते बर्राने लगी) हाय आर्य्यपुत्र कहां हो।

राम। अहा चित्र देखने से महारानी जी को उत्कण्ठा बढ़ानेवाली मेरे ही विरह की भावना सपना उद्वेग करती है।

(स्नेह मे इसके अङ्गोको स्पर्शकरते)।

(अब अधिक सपना देखनेवाली जानकी के बकने को सुन कर राजा राम को वनवास का दुख और सीता के विरह आदिका स्मरण और दैव की निन्दा भी ऐसे विचार कर राजा राम कहने लगे कि) जो सुख मे सुख का बढ़ानेवाला, और दुख मे दुख का दूर करनेवाला, और जो परिश्रम और ग्लानियुत हृदय का विश्राम और जिस मे बुढ़ायेसे भी रसका हरण

नहीं होता और बहुत समयके सङ्ग से लज्जा के दूर होने से बड़े स्नेह मे भी जो स्थित हैं, इस प्रकार की गुणवाली सुन्दर प्रिया का मिलना अति सुलभ नहीं है।

दुर्मुख। (निकट जाकर) महाराज का जयजयकार रहै।

राम। क्या समाचार है।

दुर्मुख। पुरवासी लोग महाराज की निन्दा करते हैं, और कहते हैं कि महाराज दशरथके हम लोगोंको रामभद्र भूल गये।

राम। यह तो बड़ाई है, कुछ दोष तो कह जिसके हटाने की उपाय करूं।

दुर्मुख। (आंसू भरके) महाराज सुनिये (कान मे कुछ कहा)।

राम। अहाहा वाणीरूप वज्रका बड़ा तीखा वेग है।

(इस प्रकार कह कर मूर्च्छित होते हैं)

दुर्मुख। महाराज धीरज धरैं।

राम। धीरज धर।

आहा धिक्कार है कि जो हमने आजकी

के राक्षस के घर के वासरूपी बड़े दोष को अग्नि आदि शुद्ध अनेक अद्भुत उपायों से दूर किया परन्तु अब अनिष्ट फल देनेवाले दैव के कोप से मतवाले कुत्ते के विष के समान फिर भी यह वही चारों ओर फैलता है।

सो मन्दभाग्य मैं अब यहां क्या करता हूं, (करुणापूर्व्वक विचार करते हुये) अथवा और क्या,

देखो किसी काम से लोक को प्रसन्न करना यह सज्जनों का नियम है, सो मेरे पिता ने मुझ को और प्राणों को छोड़ कर उस नियम को पूरा किया था अभी भगवान वशिष्ठ जी ने भी यही आज्ञा दी है।

और भी।

लोक में श्रेष्ठ सूर्य्यवंश के राजाओंने जिस शुद्ध पवित्र यश को प्रकाश किया था, सो मेरे संबन्ध से इस सूर्य्यवंश में लोक उस यश की निन्दा करते हैं, इस कारण मुझ धन्य को धिक्कार है।

हा देवी देवताओंके यज्ञस्थान पृथिवी से

उत्पन्न, हा देवी अपने जन्म के लेने की कृपा से पृथिवी को पवित्र करनेवाली, हा जनक के वंश को आनन्द देनेवाली, हा अग्नि, वशिष्ठ और अरुंधती से स्तुति के योग्यशील रखनेवाली, हा राम के साथ एक जीवन को धारण करनेवाली, हा बड़े बनवास की प्रियसखि, हा बाप की प्यारी, हा थोड़ा और प्रिय बोलनेवाली, ऐसी आपको यह दुख क्यों कर उपस्थित हुआ।

आप से संसार पवित्र हुआ था और आप के विषय में लोक अपुण्य बोली बोलते हैं, आप से जगत का आश्रय था और आप तो बिना अवलम्ब विपत्ति मे पड़ती हैं।

दुर्मुख के ओर देख कर, अरे दुर्मुख लक्ष्मण से कह कि नये राजा राम ने तुम को यह आज्ञा दी है। (कान मे कुछ कहा)

दुर्मुख। अग्नि से अच्छे पवित्र और गर्भ से स्पष्ट निर्म्मल रघुकुल के सन्तान की मूल महारानी जी का त्याग दुर्ज्जनोंके वचनों हीं से महाराज ने किस हेतु यह अयोग्य विचार किया है।

राम। परमेश्वर कल्याण करे देश और पुरवासीलोग कैसे दुर्जन हैं।

इच्वाकू का वंश प्रजाओं से पूजित है, दैव के कोप से इस वंश मे निन्दाका बीज प्रगट हुआ, जो अग्नि शुद्धि के समय कुछ आश्चर्य कार्य्य हुआ था उसे अति दूर होने से जगत मे कौन विश्वास करैगा इस लिये तू जा।

दुर्मुख हा महारानी जी।

(ऐसा कह कर निकला)।

राम। हां बड़ा कष्ट है अति निठुर कर्म्मवाला और क्रूर करता मैं ठहरता हूं।

बचपन से लेकर पाली हुई और बड़े प्रेम के कारण रामही को आश्रय करनेवाली प्रिया को, घर मे पली चिड़िआंको चिडी मार के समान मैं छल से मृत्यु के अर्थ देता हूं यह नहीं छूनेके योग्य और पापी मैं किस कारण देवी को दोष देता हूं,

(सीता का शिर अपनी इच्छा से उठाकर अपनी बाहु को खींचते हुये)।

हे बड़ा प्यारी आश्चर्य कर्म करनेवाले चा-

चण्डाल[1] मुझ[2] को छोड़ो छोड़ो, क्योंकि आप ने चन्दन के भ्रम से दुखदाई विष के पके वृक्ष का आश्रय किया है। (उठकर)

हाय यह जीव लोक अब उलटा पुलटा हुआ, आज रामचन्द्र के जीवन का प्रयोजन समाप्त हुआ, आज यह जगत सूना और पुराने जङ्गल के तुल्य हुआ, यह संसार असार है, शरीर कष्टप्राय है अशरण मैं हूं और क्या करूं, मेरी क्या गति होगी, कहां जाऊं, अथवा दुख के जनाने के लिये रामचन्द्र मे चेतना आई है, मर्म के दुखदाई और ठहरे मेरे प्राणों ने मुझे वज्र के कील के समान बनाया है(१) हाय मा अरुन्धती हाय भगवान् वशिष्ठ और विश्वामित्र जी, हाय भगवती अग्नि, हाय जीवों की धारण करनेवाली पृथिवी देवी, हाय तात जनक, हाय तात, हाय माता, हाय प्यारे महाराज सुग्रीव, हाय प्रिय हनुमान, हाय बड़े उपकारी लङ्का के अधिपति विभीषण, हाय

(१) अर्थात् मेरे हृदय मे तीखी लोहे की कील के सदृश निश्चय मे गाड़ दिया है।

प्यारी त्रिजटा, अभागे रामने आप सब को दोषी किया और अनादर किया, अथवा मैं इनके पुकारने में कौन हूं।

कृतघ्न दुरात्मा और पापी मैंने इन महात्मा और स्पर्श नाम लेनेही से किया की जो हूं सो हूं।

विश्वास से मेरी छाती में लिपटकर सोने वाली घर की शोभारूप और भय से चला गर्भवाली प्रिया को निरदई मैं बलि के समान मांसाहारी पशुओं के सन्मुख फेंकता हूं।

(इस प्रकार कह कर और सीता जी के पावोंको अपने शिर मे रख कर बोले)

कि हे देवी हे देवी, राम के शिरमें आप के पांव का पिछला यह स्पर्श है।

(इस प्रकार कह कर रोते हैं)।

(नेपथ्यमें शब्द हुआ) नही मारना चाहिये, नहीं मारना चाहिये।

राम। देखो जी यह क्या है।

(नेपथ्य मे फिर शब्द हुआ)

यमुना तीरवासी तपस्वी लवणासुर से डरे हुये आप के शरण मे आये हैं।

राम। आश्चर्य्य है, क्या अब भी राक्षसों का भय बना है, सो जब तक इस दुरात्मा कुम्भीनसीके पुत्र के मूल सहित नाश करने के लिये शत्रुहनको भेजता हूं।

(कुछ दूर जाकर और फिर लौट आकर) हाय देवी ऐसी आप क्यों कर जाओगी, भगवती वसुन्धरा स्तुति के योग्य कन्या जानकी की रक्षा करो।

हे पुण्यरूप देव यज्ञ की पृथिवी आप ने जिस पुण्यशीला पुत्री को उत्पन्न किया उसी के कारण जनक के वंशवालों का और रघुवंशियों का सम्पूर्ण गोत्र मङ्गल है।

(ऐसे कह कर निकले)

सीता। हाय प्रिय आर्य्यपुत्र, कहां हो, (अचानक उठ कर) हाय धिक्कार है हाय धिक्कार है दुःस्वप्न के कारण बड़ी अभिलाषा की इच्छा से डरी मैं आर्य्यपुत्र को पुकारती हूं, हाय धिक्कार है हाय धिक्कार है सोई हुई अ-

केली मुझे छोड़ कर आर्य्यपुत्र कैसे चले गये सो अब मुझे क्या करना चाहिये, होवे कोप करूंगी, जब आर्य्यपुत्रको अपने सन्मुख देखूंगी, सेवकों मे से यहां कौन है रे।

दुर्मुख। (भीतर जा कर) महारानी जी कुमार लक्ष्मण विनती करता है कि रथ प्रस्तुत है देवी जी चढैं।

सीता। चल मैं चढ़ती हूं, (उठ कर और घूम कर) मेरा गर्भभार चलता है इस कारण हमलोग धीरे धीरे चलैंगे।

दुर्मुख। महारानी जी इधर आवें इधर आवें।

सीता। तपोवनवालों को नमस्कार है नमस्कार, रघुकुल के देवताओं को नमस्कार है नमस्कार, आर्य्यपुत्र के चरण-कमलों को नमस्कार है नमस्कार, सकल गुरुजनों को नमस्कार है नमस्कार।

(ऐसे कह कर सब निकले)

यह चित्रदर्शन नाम पहिला अङ्क सम्पूर्ण हुआ।

उत्तरराम चरित्र में चित्रविलोकन नाम।
प्रथम अङ्क वरणन कियो देवदत्त सुखधाम

## ॥ दूसरा अङ्क ॥

( नेपथ्य में शब्द हुआ ) तपोधनवालों का अनाशुभ है।

(पथिक के भेष से तापसी भीतर जा कर बोली) अरे क्या यह वनदेवता फूल फल और पल्लव का अर्घ बना कर मेरे सन्मुख उपस्थित है।

(वनदेवता भीतर पैठ कर और अर्घ को दे कर बोली )

आपको यह वन इच्छापूर्व्वक भोग के योग्य है, और आप के समागम से मेरा यह आज का अच्छा दिन है साधुओं का बड़े पुण्य से अच्छे लोगों के सङ्ग मिलना होता है, पेड़ों की छाया जल पुष्प फल और मूल और जो कुछ तपसियों के योग्य भोजनीय वस्तु है वह सब आप को पराधीन नहीं है, आप उन को अपने पदार्थ के तुल्य भोग करने के योग्य हैं।

तापसी। यह क्या कहिना चाहिये।

देखिये साधुओं की जीव का लोगों के चित्त को प्रिय है, बोलना विनय से मधुर बुद्धि स्वभाव से ही लोगों के कल्याण में तत्पर है,

और आप का बोलना दोषरहित है, इस कारण चाहे सन्मुख अथवा पीछे नित्य अनुराग से युत निष्कपट और पवित्र साधुओं का चरित शोभित होता है।

( ऐसे कह कर दोनों बैठी )

वन। आप का क्या नाम है।

तापसी। मेरा आत्रेयी नाम है।

वन। हे आत्रेयी, आप का यहां आना कहां से हुआ है, और दण्डकवन में आप के आने का क्या प्रयोजन है।

आत्रेयी। इस दण्डकवन के प्रदेश में अगस्त्य जी आदि बहुत से सामवेद के गाने में बड़े निपुण मुनीश्वरलोग बसते हैं, उन से वेदान्त पढ़ने के लिये वाल्मीकी के तपोवन से इस वन में आई हूं।

वन। जो और मुनिजन वेद पढ़ने के लिये उसी पुराने ब्रह्मवादि वाल्मीकी ऋषिकी उपा-

सना करते हैं तो आप के इतनी दूर आने का क्या कारण है।

आत्रेयी। वहां पढ़ ने में बड़ा भारी विघ्न है, इस निमित्त मैंने बड़े प्रवास को स्वीकार किया है।

वन। अरे कैसा।

आत्रेयी। उस भगवान वाल्मीकी का किसी देवता विशेष ने सब प्रकार से अद्भुत और स्तन्य दूध के त्याग मात्र के वय में वर्त्तमान दो बालक ला कर सौंप दिये, इस कारण केवल ऋषिजनों को ही नहीं वरन चराचर जीव मात्र के मन में स्नेह उत्पन्न होता है।

वन। अये प्यारी तुझे उन दोनों के नाम का ज्ञान है (१)।

आत्रेयी। निश्चय उसी देवता विशेष ने उन दोनों के कुश और लव ऐसे नाम और प्रभाव भी कहे हैं।

वन। अरे प्रभाव कैसा है।

---

(१) अर्थात् उन दोनों का नाम जानती है।

आत्रेयी। निश्चय से उन दोनों को रहस्य के सहित जृम्भकास्त्र आजन्म सिद्ध है।

वन। तर्क से कहती है कि, यह बड़ा आश्चर्य्य है।

आत्रेयी। भगवान वाल्मीकी ने धाय के पालन के समान आप अनुग्रह कर के उन दोनों का पोषण और सब प्रकार की रक्षा की, मुण्डन और कर्णवेध हुये उन दोनों को तीनों वेद अर्थात् ऋक्, यजुष् और साम वेदों को छोड़ कर अन्य अन्य विद्या बड़ी सावधानी से पढ़ाई, फिर थोड़े ही काल के पीछे गर्भ से ग्यारहवें अथवा बारहवें वर्ष में क्षत्रियों की उचित विधि के अनुसार यज्ञोपवीत दे कर दोनों को तीनो वेदविद्याओं को भी पढ़ाया, बड़े तेजस्वी और बुद्धिमान वे दोनों हम सब के साथ पढ़ने के योग्य नहीं हैं। क्योंकि गुरु जैसे बुद्धिमानो को पढाता है, तैसे ही बुद्धि हीनो को पढ़ाता है, निर्बुद्धियों को शास्त्र के अर्थ ज्ञान में सामर्थ्य बढाता नहीं और न अल्प करता है परन्तु बुद्धिमान और

निर्बुद्धियों के फलोत्पत्ति के समय दोनों में बड़ा भेद हो जाता है कि जैसे उत्तम मणि स्फटिक आदि का प्रकाशित होते है।

और मट्टी के पिण्ड नहीं।

वन। यही पढ़ने का विघ्न है।

आत्रेयी। कुछ और भी है।

वन। अब और क्या है।

आत्रेयी। फिर वेही ब्रह्मऋषि किसी एक दिन मध्याह्न के समय तमसा नदी के तीर पर गये थे, और वहां बगले के चुगते हुये जोड़े में से एक को व्याध से मारा जाता देख कर अकस्मात् प्रकाश करनेवाली सरस्वती देवी को अनुष्टुप छन्द से उच्चारण किया।

कि, अरे व्याध तू इस संसार में बहुत वर्ष पर्य्यन्त स्थिति को न पावे, क्योंकि तू ने काम से मोहित बगले के जोड़े में से एक को मारा।

(ऐसे कहा)।

वन। आश्चर्य्य है कि यह वेद को छोड़ कर नया छन्दों का अवतार हुआ।

आत्रेयी। फिर उसी समय में उस सर्वज्ञ वालमीकी ऋषि के समीप आ कर भगवान भूतभावन ब्रह्मा बोले कि हे ऋषि आप वाणी रूप ब्रह्म के ज्ञाता हैं, इस कारण रामचरित्र का वरणन करो, क्योंकि आप का तेज, अवाधित और ऋषि सम्बन्धी दृष्टि जान पड़ती है, प्रथम कवि हो ऐसे कह कर अन्तरध्यान हो गये, तब भगवान वालमीकी ने मनुष्यों में शब्द ब्रह्म के तुल्य प्रगट इतिहासरूप रामायण को बनाया।

वन। बड़े हर्ष की बात है तो अब संसार पण्डित हो जायगा।

आत्रेयी। इस कारण मैंने कहा था कि वहां पढ़ने का बड़ा भारी विघ्न है।

वन। तो उचित है।

आत्रेयी। हे कल्याणरूपा मैंने विश्राम कर लिया, अब अगस्त्य जी के आश्रम का मार्ग बतलाओ।

वन। यहां से पञ्चवटी मे जा कर इस गोदावरी के किनारे ही किनारे आप चली जाइये।

आत्रेयी। (ठंढी सांसभरती बोली कि) अये प्यारी क्या तपोवन यही है, क्या पञ्चवटी यही है, क्या गोदावरी नदी यही है, क्या प्रस्रवन नाम पर्व्वत यही है, क्या तू जनस्थान की रहनेवाली बन देवता वासन्ती है।

वासन्ती। येही सब हैं।

आत्रेयी। हे वत्से जानकी, तेरे प्रसङ्ग से उत्पन्न कथाओं का विषय और वही यह तेरा प्रिय बन्धुवर्ग, नाम मात्र शेष तुझे हम लोगों को प्रत्यक्ष देखने के योग्य करते हैं।

वासन्ती। (डरती हुई आपही आप) किस कारण नाम मात्र शेष ऐसा इस ने कहा, (स्पष्ट बोली) हे श्रेष्ठ, रानी सीताजी को क्या कुशल नहीं है।

आत्रेयी। केवल कुशलही नहीं है, वरन अपवाद भी है।

वासन्ती। अरे कैसा।

आत्रेयी। (कान में कुछ कहा)

वासन्ती। हाय हाय, बड़ा कठिन दैव का कोप है।

(यह कह कर मूर्च्छित हुई)

आत्रेयी। हे कल्याणरूपा, धीरज धरो धीरज धरो।

वासन्ती। हाय प्यारी सखी, हाय बड़े भाग्यवाली, तेरे भाग्य में ऐसा लिखा था, रामभद्र, रामभद्र, अथवा तुम से क्या, हे आर्य्ये आत्रेयी, फिर उस वन में छोड़ कर लक्ष्मण जी के लौट जाने पर रानी सीता जी का क्या हुआ आप को कुछ विदित है।

आत्रेयी। नहीं नहीं।

वासन्ती। हाय बड़ा कष्ट है, कि श्रेष्ठ अरुन्धती और वशिष्ट जी के अधिकार से युत रघुकुल के भवन में बड़ी बूढ़ी रानी कौशल्या आदि के जीते पर भी यह अनर्थ किस प्रकार हुआ।

आत्रेयी। तब ऋष्यशृङ्ग के यज्ञ में गुरुजन थे, अब वह बारह वर्ष का यज्ञ परिसमाप्त हुआ, और ऋष्यशृङ्ग ने गुरुजनों का पूजन कर के बिदा किया, तब भगवती अरुन्धती जी ने कहा कि बधू जानकी जी से

विरहित अयोध्या को न जाऊङ्गी, इसी बात को रामचन्द्र की माताओं ने भी स्वीकार किया इन सब के अनुरोध से भगवान वशिष्ट जी बोले कि वालमीकी के तपोवन में जा कर हम लोग बसेंगे।

वासन्ती। अब वह राजा किस काममें लगा है।

आत्रेयी। उस राजा ने अश्वमेध यज्ञ का आरम्भ किया है।

वासन्ती। हाय हाय, उस व्याह करने-वाले राजा को धिक्कार है। (१)

आत्रेयी। परमेश्वर कल्याण करै।

वासन्ती। भला तब उस यज्ञ में धर्म्मपत्नी कौन है।

आत्रेयी। सोने की सीता जी की मूर्त्ति बनाय ली है। (२)

---

(१) क्योंकि अश्वमेध आदि पुण्य कर्म्मोंमे स्त्री सहित ही का अधिकार होता है।

(२) राम ने सोने की सीता की मूर्त्ति बनाकर यज्ञ का आरम्भ किया है इस से समर्थ राम को दूसरी स्त्री के स्वीकार करने से विमुखता और सीता के लिये कोई भी अनोखी प्रीत कही गई है।

वासन्ती। खेद की बात है कि,

बज्र से अति कठोर और फूल से भी अधिक कोमल, लोक मे रामचन्द्र के समान महापुरुषों के चित्तको, अच्छे प्रकार न जानने को, कौन समर्थ हो सकता है।

आत्रेयी। वामदेव ऋषि से मन्त्र संस्कार किया अश्वमेध यज्ञ का घोडा छोडा गया है, और शास्त्र के अनुसार उस के रचक भी नियुक्त किये गये हैं, दिव्य अस्त्र का ज्ञाता चतुरङ्ग सेनासे युक्त लक्ष्मण जी का चन्द्रकेतु नाम पुत्र उन का सेनापति भी भेजा गया है।

वासन्ती। (स्नेह और आश्चर्य्य युत सजल नयन से बोली) बडे आनन्द की बात है कि कुमार लक्ष्मण जी को भी पुत्र है तो हे मा मैं जीती हूं।

आत्रेयी। इसी समय में कोई ब्राह्मण अपने मरे पुत्र को राजा के द्वार पर फेंक कर छाती पीटता कहने लगा कि राजा ब्रह्मण्य नहीं है इस के पीछे रामभद्र ने सोचा कि राजा के अपराध के बिना प्रजाओं में अकाल

मृत्यु नहीं आती है, इस प्रकार अपने दोष को ठहराते करुणारूप रामभद्र को अचानक आकाश वाणी हुई, कि हे राम शम्बूक नाम शूद्र पृथिवी में तपस्या करता है वह मारने के योग्य है, इस कारण उसे मार कर ब्राह्मण के पुत्र को जिलाओ।

( इस के सुनते हीं खड्ग हाथ में ले कर और पुष्पक विमान पर चढ़ कर सब दिशा और किनारों में शूद्र तपसी के खोजनेके अर्थ जगतपति ने डोलने फिरने का आरम्भ किया है )।

वासन्ती। शम्बूक नाम धूम्र पान करनेवाला शूद्र इसी जनस्थान नाम बन में तपस्या करता है, इस से सम्भव होता है कि फिर भी इस वन को रामभद्र सुशोभित करें।

आत्रेयी। हे कल्याणरूपा' अब तो मैं जाती हूं।

वासन्ती। ठीक है आज का यह दिन बड़ा कठोर हुआ।

देखिये कि, जिन्में शब्दायमान धूप से पीड़ित कबूतर और कुक्कुटों के घोसले हैं, और छाया में बैठे हुये जिन की छाल से पक्षी कीड़े निकाल कर खाते हैं, वे वृक्ष हाथियों के कपोलों की खजलाने की रगड़ से कम्पित होने पर गिरे हुये और धूप से कुम्हिलाये अपने फूलों से गोदावरी नदी की पूजा करते हैं।

( ऐसे कह कर और इधर उधर देख कर दोनों गई )

(विष्कुम्भक आया अर्थात् अगली कथा चली )

( इस के पीछे दया से उद्यत खड्ग को लिये रामभद्र आये )

राम। अरे मेरे दहिने हाथ तू ब्राह्मण के लड़के के जिलाने के अर्थ इस शूद्र जातीय तपसी में भी खड्ग को छोड़, क्योंकि पूर्णगर्भ से दुखी सीता के निकालनेवाले राम का तू

अङ्ग है, इस कारण तेरे हृदय में दया कहां से आई है। (१)

(अत्र किसी प्रकार मार कर) कठिन हृदय राम के तुल्य कार्य्य किया गया और वह ब्राह्मण का पुत्र भी जिया।

(दिव्य पुरुष आकर बोला) महाराज का जयजयकार रहै।

श्री महाराज धर्म्मराज से भी अधिक रक्षा करनेवाले और मुझे दण्ड देते आप से यह ब्राह्मण का लड़का जिलाया गया, और मेरी भी यह बढ़ती भई, इस से यह शम्बूक नाम मैं आप के चरणों में नमस्कार करता हूं, क्योंकि अच्छे लोगों के सङ्ग से उत्पन्न मरना भी बड़ा कल्याणकारी होता है।

राम। हम को दोनों प्रिय हैं, इसलिये बड़ी तपस्या के फल का भोग करो, और जिन लोकों में आनन्द और सुख विशेष और जिन में पवित्र सम्पत्ति अर्थात् सौभाग्य आदि है ऐसे

(१) अर्थात् राम का अङ्ग होने से तेरे में कभी भी दया का सम्भव नहीं है।

अजय वैराज नाम तेजोमय लोक तुम को होवें।

शम्बूक। आप के चरण कमल के प्रसाद से यह महिमा प्राप्त हुई है, और यहां तपस्या ने क्या किया, अथवा तपस्या ने बड़ा उपकार किया, देखिये, सब जीवों के स्वामी और रक्षा करने में समर्थ आप संसार में सब जनों से खोजे जाने के योग्य है, ऐसे योग्य आप मुझ नीच जाती शूद्र के खोजनेके अर्थ शतयोजन से भी अति दूर से मेरे निकट इस वन में आये, यह आप का दर्शनरूप प्रसाद मेरी तपस्या का फल है, और नहीं तो अयोध्यासे फिर इस दण्डकवन में आप का आना कहांसे हो सकता।

राम। क्या दण्डकनाम वन यही है। (चारो ओर देख कर) अच्छा, देखो एक ओर शीतल और श्यामल कान्ति से शोभित दूसरी ओर दीर्घ विस्तार के कारण कठिनता से देखनेके योग्य, तथा स्थान स्थान में झरनों के जल के गिरने के शब्द से शब्द करती दिशायें

और तीर्थ आश्रम तपोवन पर्व्वत नदी गुफा और कठिन वन से युक्त और पहिचाने हुये ये दण्डकवन के प्रदेश देख पड़ते हैं।

शम्बूक। यही दण्डकवन है इसी दण्डकवन में महाराज रहते थे।

और यही भयानक मनुष्य हिंसा आदि कर्म्म में लगे चौदह सहस्र राक्षसों को और खर दूषण, त्रिसिरा को लड़ाई में मारा था।

राक्षसों के बध होने से अब इस जनस्थान नाम सिद्धक्षेत्र में हमारे समान डरनेवाले देशवासियों का बिना भय के डोलना फिरना होता है।

राम। केवल दण्डकवनहीं नहीं, वरन जनस्थान भी है।

शम्बूक। हां ठीक है देखिये सब जीवों को महाभय देनेवाले मतवाले भयानक, वनैले जन्तुओं के झुंड से भरी पहाड़ी, गुफायें और जनस्थानके अन्त तक ये बड़े वन दक्षिणदिशा में विद्यमान हैं। और,

देखिये कि, कहीं कहीं नहीं बोलने

कारण गम्भीर, तथा कहीं कहीं वनजन्तुओं के बोलने से भयानक शब्दवाली और अपनी इच्छा से सोपे बड़े भारी फलवाले सर्पों के स्वांसरूप बन से जलती अग्निवाली, तथा खुदी धरती के मध्य शोभित छोटी तलैयों के जल-वाली और प्यास से व्याकुल गिरगिटोने बड़े सर्पोंके पसीने के जल को पिया है जिन में ऐसी ऐसी सीमा विद्यमान हैं ।

राम । प्राचीन काल में जहां खरदूषण आदि रहते थे उस जनस्थान वन को देखता हूं, और प्रथम के जाने हुये उन वृत्तान्तों को प्रत्यक्ष के समान अनुभव करता हूं ।

(चारो ओर देख कर) सब प्रकार अरण्य के रहने में प्यारी सखी विदेह राजा की पुत्री जानकी थी, और ये वेही महावन हैं इन से अधिक भयानक क्या होगा, (अर्थात् प्रिया के स्मरण से अति दुःसह है)

(आंसू लाते हुये)

(हे प्यारी सीता मैं तेरे साथ फूलों के सुगन्धों से महंकते वनों में रहता था, बड़े

खेद की बात है, कि यहां सीताने आनन्द पाया था, और उस के स्नेह के बरणन करने में मैं अशक्य हूं।

कुछ भी प्रियकर्म्म नहीं करता हुआ केवल एक स्थान के वास के सुखों से सम्पूर्ण सन्ताप को निवारन करता है, इस लिये जो कोई जन जिस किसी का परम प्रिय होता है वही उस का सब कुछ है।

शम्बूक। महाराज इन गतपदार्थों का सोच करना व्यर्थ है, अब मद से मधुर बोलने-वाले मोरों के कण्ठकी कोमल छवि के समान शोभाओं से भरे हुये और किनारों में सघन रक्खे जाने के कारण अधिक काली छायावाले युवा पेड़ों की शाखाओं से सुशोभित, तथा ठहरे हुये मृगों के समूह से युत और गम्भीर मध्यमारण्य को महानुभाव देखें।

और, इसी मध्यमारण्य बन में मद से अभिमानी पक्षियों से सेवित बेतस की लताओं के फूलों से सुगन्धित, शीतल, और निर्म्मल पानीवाली तथा फलों के समूहों के पक जाने

से कालेजामुनि के निकुञ्जों में ऊपर से गिरने के कारण शब्दायमान झरनाओं से युत, नदियां बहती हैं।

और भी,

इस मध्यमारण्य वन में गुफाओं के रहनेवाले तरुन भालुओं की प्रतिध्वनि से भारी, और घुत्कार से अस्पष्ट बोलना बड़ी सघनता को धारण करती हैं, और शल्लकीनाम वृक्ष विशेषों की शीतल और उग्र गन्ध हाथियों के घिसने से टूटे वृक्षों की इधर उधर फैली गाठों से टपकती हुई दूध की महक चारो ओर फैलती है।

राम। (आंसू को रोकते) तेरे रस्ते मङ्गलकारी होवें और पुण्यवान लोकों को जाने के लिये विमान पावे।

शम्बूक। अब तक पुराने ब्रह्मवादी अगस्त्य ऋषि को प्रणाम कर पीछे अक्षयस्वर्गलोक में जाऊंगा।

(ऐसे कह कर गया)

राम। यह वही पहिले का जाना वन

फिर आज मैंने देखा, जिस वन में प्यारी के साथ पहिले बहुत काल तक रहते हुये कुछ कुछ गृहस्थि और कुछ कुछ मुनियों के समान रहते और अपने धर्म्म में लगे हुये हम लोग सांसारिक सुखों के रस जाननेवाले हुये थे।

और भी।

ये वेही मयूरों के शब्द से युत पर्व्वत हैं, और ये वेही मद से झूमते मृगवाले वन के प्रदेश हैं, और मनोहर वेंतकी लताओं से सुशोभित तथा सघन और श्यामल वड़हल के रूखवाले ये वेही नदियों के किनारे हैं।

और निकट से भी जो यह मेघमाला के समान जान पडता है, सो प्रस्रवन नाम पहाड़ है जहां गोदावरी नदी बहती है।

इसी प्रस्रवन नाम पर्व्वतके बड़े विशाल शिखर में पक्षिराज जटायु नाम गिद्धके रहनेका स्थान है, इसी पर्व्वत के अधोभागों मे गोदावरी उन पर्णशालाओं में हमलोग भी रहते थे, और जिन भागों में गोदावरी नदी के जल है उन में फलके बोझ से झुके और श्यामल अनोकह

नाम दृत्त विशेष की शोभा जिस के मध्य में बोलते हुये पक्षियों से युत यह रमणीय वन का अन्त विद्यमान है।

अहा, इस कारण यहीं ही वह पञ्चवट है, जहां बहुत काल के रहने से अनेकविध विश्वासयुत वार्तचित और विहार आदि की अधिकता के प्रकाश करनेवाले प्रदेश हैं, और प्रिया जानकी की प्यारी सखी वासन्ती नाम वनदेवता रहती है, वह क्या यह रामभद्र को आ-कर गिरा।

( अर्थात् अति शोचनीय दुसरी अवस्था उपस्थित भई )

अब भी,

बहुत काल के सन्ताप से उत्पन्न अति असह्या विष के फैले हुये रस के समान, तथा किसी स्थान से बड़े वेग से घुसे हुये वान के टुकड़े के समान, तथा हृदयरूप मर्मस्थान में बड़े मोटे अति दुखदाई फूटे फोड़े के बराबर, अधिक वृद्धिको पहुंचा शोकरूप दुख, मुझे इन्द्रियों से विकल और मूर्छित करता है।

तब भी उन पहिले के परिचित पृथिवी के भागों को देखता हूं, ( विचार कर ) आश्चर्य है कि जैसे पहिले यथा स्थित थे तैसे अब अयथा स्थित हैं।

( तैसा ही दिखलाता है ) ।

प्रथम मेरे रहने के समय जहां नदियों का प्रवाह था वहां अब किनारा है, तथा वृक्षों का सघन और असघन भाव परस्पर बिपरीत हो गये हैं जहां अलग अलग हुए थे वहां पास पास हो गये हैं और जहां पास पास हुए थे वहां अलग अलग हो गये से दिखलाई देते हैं, बहुत काल के पीछे इस बन को देखा तो औरही के समान है ऐसी मुझे आशङ्का भई, परन्तु पर्व्वतों को यथास्थित रहने से ज्ञात होता है कि यह वही वन है।

वडे खेद की बात है कि यद्यपि मैं नहीं देखने को चाहता हूं तब भी पञ्चवटी का स्नेह वडे जोर से मुझे यहां से अपनी ओर खेंचता सा है।

( करुणा करते )

जिस पञ्चवटी में मैंने उन पूर्व्वके परिचित आनन्द के समूह रूप दिन अपने घर के समान उस प्यारीके सङ्ग बिताये थे, और सर्वदा अति बड़ी जिस पञ्चवटी सम्बन्धी कथ,ओं के कथनों से काल बिताते थे।

अर्थात् तैसा कथा का समूह भी मुझे सुख-प्रद हुआ था) और अब प्राणवल्लभा का नाश करनेवाला एक अभागा राम उस पञ्च-वटी को कैसे देखें, अथवा बिना आदर किये कैसे चला जावे।

शम्बूक। (भीतर आकर) महाराज का जयजयकार रहे, हे महाराज भगवान् अगस्त्य जी ने मुझ से आपका यहां निकट आना सुन कर आपको यह कहा है, कि विमान से उतर ने में दूब, अच्छत, रोली, फूल, फल आदि मङ्गलकारी वस्तुओं को प्रस्तुत करनेवाली और बड़ी कृपायुत लोपामुद्रा और सब महाऋषिलोग भी तुम्हारी प्रतीक्षा करते हैं, इस कारण यहां आओ और हम सब को बड़ाई दो, पीछे वड़े शीघ्रगामी पुष्पक

विमान पर चढ़ कर और अपने देश में जाकर अश्वमेध यज्ञ के लिये उपस्थित होंगे।

राम। भगवान जैसी आज्ञा करते हैं।

शम्बू। अच्छा, तब महाराज पुष्पक विमान को इधर फेरैं।

राम। हे भगवती पञ्चवटी, गुरुजनों की आज्ञा के अनुरोध से राम का अतिक्रम क्षण भर आप क्षमा करें।

शम्बू। महाराज देखैं देखैं।

पत्ते के घर के मध्य में बोलनेवाले उलूक-समूहों के घुर घुर शब्द से युक्त बांसों के गुच्छों में चुप चाप कपोतों के समूह है जिसमे ऐसा क्रौञ्चावत नाम पर्व्वत है, इस पर्व्वत में फिरते मयूरों के बोलने के भय से डरे और व्याकुल सर्प पुराणे चन्दन वृक्ष की शाखाओं के अग्र-भागों में ऊपर को जाते हैं।

और भी,

गद्गद शब्द करनेवाले गोदावरी नदी के जल जिन में तथा मेघ मे लगे अग्रभाग जिनके इसी कारण काले शिखर जिनके ऐसे दक्षिण

दिशा के पर्वत हैं, तथा आपस के धक्कों के लगने से संकुल और प्रचण्ड जैसा हो तैसा बहनेवाली जो लहरे हैं इनके शब्द से कठोर और गम्भीर जलवाले पवित्र ये नदियों के मिलने के स्थान है।

( ऐसे कह सब निकल गये )

यह पञ्चवटी प्रवेश नामक दूसरा अङ्क सम्पूर्ण हुआ।

उत्तररामचरित्र में, पञ्चवटी एक धाम।
द्वितीय अङ्क वरणन कियो, देवदत्त सुखकाम॥

## ॥ तृतीयाङ्क प्रारम्भ ॥

(इसके अनन्तर तमसा और मुरला ये दो नदी आईं)

तमसा। हे सखी मुरले, तू व्याकुल सी क्यों है।

मुरला॥ अये भगवती तमसे! भगवान् अगस्त्य जी की लोपामुद्रा नाम पत्नी ने बड़ी श्रेष्ठ गोदावरी नदी को कहने के लिये मुझे भेजा है, क्योंकि तू जानती है जैसे वधू के त्याग से ले कर अबतक, अति गम्भीरता से (बाहर अप्रगटित) भीतर बहुत पीड़ा करता हुआ (अर्थात् प्यारी के वियोग की वेदनावाला) इसी से राम का करुणारस (१) पुटपाक के सदृश हो रहा है।

इस कारण तादृश अत्यन्त प्यारी जानकी

---

(१) पुटपाक के सदृश बड़े ढकनेवाले बर्त्तन मे रक्खे फल के समान।

के बड़े वियोग में पड़े अति शोक की लहरों से अब बहुत दुखी राजा राम को देखकर मेरा हृदय अत्यन्त कांपता सा है, क्योंकि, अब भी लौटते समय अवश्य रामभद्र पञ्चवटी में आवेगा, और बधू जानकी के साथ उन विहार के स्थानों को देखेगा जो प्यारी के साथ संलाप के साक्षी हैं, देखना चाहिये, कि उन उन स्थानों के देखने में अति धीर रामभद्र को भी इस प्रकार की अवस्था में बड़े भारी शोक के क्षोभ से स्थान स्थान में मूर्च्छा होने का डर है, इस कारण हे भगवती गोदावरी आपको वहां सावधान हो कर रहना चाहिये(१)।

ठंढे जल के बून्दों से मिली हुई और कमल के केशर से सुगन्धित लहरियों के वायू को धीरे धीरे चलाने से रामचन्द्र को मूर्च्छा से जिलाते रहना(१)।

---

(१) अर्थात् मोहजनित मूर्च्छा के दूर करने का यतन करो, जल के बुन्दों से मिली हुई इस विशेषण से पवन को शैत्य, कमल के केशर से सुगन्धित इससे सुगन्धत्व, और धीरे धीरे इससे मन्दगति, अर्थात् शीतल मन्द-सुगन्ध-पवन कहा गया।

तमसा। स्नेही को अनुकूलता का प्रकाश करना उचित ही है, परन्तु मोह के दूर करने का उपाय तो पहिलेही रामभद्र के निकट आज आगया है।

मुरला। अरे कैसा।

तमसा। सुनिये,पहिले ठीक बाल्मीकीजी के तपोवनके समीप लक्ष्मण जी के परित्याग करने और लौट जाने पर प्रसव की बड़ी वेदना से रानी सीता ने वडे वड़े दुख के वेग से अपने आप को जान्हवी की धारा में गिराया, और उसी समय वहां दो बालक उत्पन्न किये, तब भगवती गङ्गा जी और पृथिवी जी उसकी रक्षा कर उसे रसातल को ले गई, फिर दुध छोड़ने की पीछे हीं जानकी के उन दोनों बालकों को वड़े ऋषि बाल्मीकी जी को गङ्गा देवीने आप अर्पण किये।

मुरला। (आश्चर्य्य से)।

राजा राम के समान महापुरुषों की दशा का विपाक भी अति अनोखा होता है, क्यों कि,ऐसे लोगों के सहायक भी ऐसेही गङ्गा

जी और पृथिवी जी आदि बड़ेही लोग होते हैं।

तमसा। अब तो शम्बूक के इस समाचार से जानपड़ता है कि इस जनस्थान नाम वन को रामभद्र आवेगा, इस बात के भय से भगवती भागीरथी सरजू नदी के मुख से सुनकर शङ्का से जो लोपामुद्रा ने स्नेहसे शङ्का किया था, उसी को शोच कर सीता जी के साथ किसी गृहाचार के छल से गोदावरी नदी के देखने के लिये आई है।

मुरला। भगवती जाह्नवी जी ने अच्छा विचार किया है, कि राजधानी के रहने से अवश्य वे, वे, संसारोदय के(१) मङ्गलकारी राजकार्य्यों के देखने से चित्त के दुख दूर होते थे, और अब कार्य्य रहित केवल शोकही साथ रखनेवाले का पञ्चवटी में आना बड़ा अनर्थकारी है, सो क्या अब सीतादेवी रामभद्र का आश्वासन करैंगी॥

तमसा। भगवती भागीरथी देवी ने क्यों

(१) लोक के हितकारी।

कहा था कि जिस लिये हे पृथिवी से उत्पन्ना सीता आज निश्चय चिरञ्जीव कुश और लव के जन्म दिन से ले कर द्वादश वर्ष की (१) ग्रालिगिरह है, इस कारण अपने पुराने श्वशुर जो अबतक के मनुवंश राजऋषि वंश के उत्पादक पापों को नष्ट करनेवाले सूर्य्यदेव हैं उनकी अपने हाथों के तोड़े हुये फूलों से सेवा करो, पृथिवी में रहते तुमको हमारे प्रताप से देवता भी नहीं देख सकते फिर मनुष्यों की क्या कथा है, और मुझे कहा कि हे तमसा! बधू प्यारी जानकी तुझ से अति ही प्रेम रखती है इस लिये तू जानकी के निकट ही रह सो अब मैं जैसी आज्ञा है वैसी करती हूं।

मुरला। मैं भी इसी समाचार को भगवती लोपामुद्रा से निवेदन करूंगी, और राम-

---

(१) वय की संख्या की गिनती के अर्थ वर्ष की संख्या के समान संख्या की ग्रन्थि सहित दूर्वा, गोरोचन गुग्गुल आदि वस्तुसहित सूत्रधारण रूप मङ्गलकारी विधि ग्रालिगिरह है।

भद्र तो आया ही है, ऐसा मैं तर्क करती हूं।

तमसा। सो यह गोदावरी के हृद से निकल कर,

प्रिय वियोग से मलिन, दुर्बल कपोल से सुन्दर, और चञ्चल केश के समूह से युत मुख-कमल को, धारण करती तथा करुणारस की मूर्त्ति के समान अथवा विरह की वेदना की शरीर के सदृश जानकी वन को आई।

मुरला। क्या यह वही है।

अति सुकुमार फूल के समान हृदय के मुखलानेवाला और बड़ा क्रूर शोक का सन्ताप रूप दुख वृन्त के गुच्छों से टूटे पत्र के समान इस वियोग से मलीन जानकी के दुबले शरीर को तपाता है, ( अर्थात् मूर्च्छित कर्त्ता है ) जैसे शरद ऋतु की धूप के केतकी के फुल के भीतर के दल को मूर्च्छित करती है।

( इस प्रकार घूमकर दोनों नद्दियां निकली )

(१) विष्कुम्भक आया, अर्थात् अगली कथा चली।

(१) यह कुछ जगह छोड़कर लिखना चाहिये।

(इस के पीछे फूलों के तोड़ने से व्याकुल हाथ और दया से सुनने में लगी हुई सीता आई)

सीता। आश्चर्य्य है, मैं जानती हूं कि मेरी सहेली शारुन्ती बोलती है।

(नेपथ्य में शब्द हुआ)

सीतादेवी ने पहिले अपने हाथों से तोड़े शल्लकी इत्यादि विशेष के कोमल पत्तों से जिस चञ्चल हाथी के बच्चे का पूर्व्वपालन किया था।

सीता। उसका क्या हुआ,

(फिर नेपथ्य में शब्द हुआ)

यह वही हाथी का बच्चा अपनी प्यारी के साथ जल में विहार करता था, किसी दूसरे बलवान् हाथियों के राजा ने जीतने के लिये वहां आकर उसे पकड़ा है।

सीता। (भय से युक्त कुछ दूर जा कर) आर्य्यपुत्र मेरे उस पुत्र की रक्षा करो, रक्षा करो, (विचार कर) हा धिक्कार है२ इस पञ्च-वटी के देखने से बहुत काल के परिचित वेही अक्षर मुझ मन्द भागिन को आ कर चारोओरसे घेरते हैं, हा आर्य्यपुत्र।

(इस प्रकार मूर्च्छित होती है)

तमसा। (भीतर पैठ कर) बत्से धीरज धरो धीरज धरो।

(नेपथ्य में शब्द हुआ) हे विमानों के राजा यहां हीं ठहरो।

सीता। (धीरज धर कर भय से कांपती और प्रसन्न हो कर) आश्चर्य है कि जल से भरे मेघ के गर्जन के समान गम्भीर यह वाणी कहां से प्रगट हुई है, इस वाणी के सुननेवाली मुझ मन्दभागिन को भी जो शीघ्र निरन्तर आनन्द करती हैं।

तमसा। (सजल नयन होती और कुछ हंसती हुई) अये प्यारी वत्से अप्रगट कहीं के शब्द के श्रवण से तू ऐसी आश्चर्य से व्याकुल हुई, जैसे मयूरी कहीं के मेघ की गर्जन को सुन कर प्रसन्नता से विकल होती है।

सीता। हे भगवती धर्मसिद्ध ऐसा आप क्यों कहती हैं, मैंने फिर स्वर के संयोग से निश्चय किया है, कि आर्य्यपुत्र ही बोलते हैं।

तमसा। (हां ठीक है) सुना गया है कि तपस्या करनेवाले शूद्र के दण्ड देने के लिये इक्ष्वाकु के वंश का राजा जनस्थान को आया है।

सीता। निश्चय है कि भाग्य से वह राजा राजधर्म को नहीं छोड़ता है।

(नेपथ्य में शब्द हुआ)

जहां के वृक्ष और मृग लोग भी एक स्थान के रहने से मेरे बन्धु हैं, अर्थात्, साथी हो गये हैं, और जिन जिन स्थानों में प्यारी के साथ मैं बहुत काल तक बसा था, वे येही बहुत से झरनों के गुफावाले और गोदावरी नदी के किनारे के पर्वत के तट हैं।

सीता। (देख कर) हा कैसे प्रातःकाल के चन्द्रमण्डल के समान धूमिल कान्ति और दुर्बल आकार से यह प्रिय गम्भीर और प्रताप से जाने गये आर्य्यपुत्र ही हैं, इस लिये मुझे पकड़ो।

(इस प्रकार कह कर और तमसा को प्रेम से पकड़ कर मूर्च्छित होती है)

तमसा। ( धारण करती ऊई ) वत्से धीरज धरो धीरज धरो।

( नेपथ्य में शब्द ऊआ ) इस पञ्चवटी के देखने से।

भीतर छिपी शोक की अति भयानक और जलति अग्नि के जो जलने से पहिला धुआं का समूह रूप मोह है वह चारोओर से मुझे घेरता है (१)।

अहा प्यारी जानकी,

तमसा। ( आप ही आप ) बड़े लोगों ने भी यही आशङ्का की थी।

सीता। ( धीरज धर कर ) अहा यह क्यों कर ऊआ।

( नेपथ्य में शब्द हुआ )

अहा देवी दण्डक वन के वास में प्यारी सखी विदेह राजा की पुत्री।

( ऐसे कह कर मूर्छित होते हैं )

---

(१) अर्थात् मेरी बऊत काल से छिपी दुख की आग मे अब शोक की बढ़ानेवाले पहिले के परिचित स्थानों के देखने से अति भारी के स्मरण रूप छत का गिरना है।

सीता। हा धिक्कार है हा धिक्कार है, मुझ मन्दभागिन के निमित्त कमल नयन को बन्द कर मूर्च्छित हो हैं, हाय हाय, कैसे धरणीपर उत्साह रहित और अशरण गिरे हैं, हे भगवती तमसा आर्य्यपुत्र की रक्षा करो रक्षा करो जिलाओ जिलाओ।

( इस प्रकार कह कर तमसा के पावों में गिरती है )

तमसा। हे कल्याणी आप ही जगतके स्वामी रामचन्द्र को जिलाओ, क्योंकि आपके इस प्रिय स्पर्श हाथ में रामचन्द्र रूप जन अनुरक्त है।

सीता। जो होवै सो होवै आप जैसी आज्ञा करती है, (वह हमको मान्य है)।

( भय से निकली )

( इसके उपरान्त भूमि में गिरते और सजल नयन सीता से स्पर्श प्रसन्नता से सचेतन रामभद्र आते है )

सीता। ( कुछ हर्ष से आप ही आप ) मैं जानती हूं कि त्रिलोकनाथ का जीवन फिर भी लौट आया।

सीता। (बड़े शोक से भरे वाक्युत कण्ठ से अस्पष्ट बोलती ऊई)।

हे आर्य्यपुत्र निश्चय से अकारण परित्याग और हा प्यारी जानकी यह बोलना समान नहीं है, (सजल नयन से) अथवा वज्र-मयी दूसरे जन्म में फिर मिलने के योग्य नहीं मुझ मन्दभागिन के निमित्त ऐसे अनु-राग युत दया से कहते आर्य्यपुत्र के ऊपर निरदई न होऊङ्गी, मैं भी इनके दयालु हृदय को जानती हूं, ऐसा हो मेरा भी हृदय है।

राम। (चारोंओर देख कर और निराश हो कर) हा, यहां कोई भी नहीं है।

सीता। हे भगवती तमसा! बिना का-रण परित्यागकरनेवाले इसके ऐसे देखने से मेरे हृदय को कैसी प्रीति होती है कि मैं नहीं जानती हूं नहीं जानती हूं।

तमसा। जानती हूं वत्से मैं जानती हूं।

इस समय फिर प्यारे की मिलने की संभा-वना के न होने के कारण आप का हृदय नि-राश हो कर उदासीनता को पहुंचता है, और

विना अपराध परित्याग रूप अप्रिय कार्य्य के होने के कोप से मलीन होता है, तथा इस बहुत काल व्यापी वियोग के विरह में शीघ्र मिलने के लिये व्याकुल होता है, और रामचन्द्र की तैसी सौजन्यता से भरे वचनों की परम्परा के सुनने से अधिक प्रसन्न होता है, अर्थात् कोप को छोड़ता है, और भी करुणारस से परिपूर्ण वचनों के सुनने से बड़े करुणा रस से परिपूर्ण है, तथा स्नेहजनित अनुराग से द्रवीभूत सा होता है।

राम। हे देवी,

स्नेहरस से सींचा और अति शीतल मूर्त्तिमान प्रसाद, गुण के समान आपका स्पर्श अब भी मुझे आनन्द करता है, (अर्थात् तुम्हारे अङ्ग के स्पर्श से उत्पन्न आनन्द का भी मैंने आज अनुभव किया) हे आनन्ददायिनी तू मुझे छोड़कर फिर कहां गई।

सीता। अथाह देखे गये स्नेह के समूह से आनन्द के बढ़ानेवाले अमृतरूप आर्य्यपुत्र के ये वेही विलापी प्रिय-वचनों के मैंने सुने,

जिनके विश्वास से विना कारण परित्याग से उत्पन्न और कलङ्क से मलीन अपने जन्म लाभ को बहुत प्रशंसायुत समझती हूं।

राम। अथवा प्यारी कहां है, निरन्तर कल्पना के अभ्यास के बढने के कारण से प्रगट भया यह राम को भ्रम है।

( परदे के भीतर शब्द हुआ कि प्रमाद है, अर्थात् बड़ा अनर्थ आ कर गिरता है )

( सीतादेवी के हाथों से तोड़े शल्लकीवृक्ष के पत्तों से पहिले जिस चञ्चल हाथी के छोटे बच्चे का पालन हुआ था, इस आधे श्लोक को पढा )

राम। ( आश्चर्य्य से अधिक प्रीतिपूर्व्वक) उसका क्या हुआ।

(फिर नेपथ्यमें शब्द हुआ कि वही हाथी का छोटा बच्चा अपनी प्यारी के साथ जल में विहार करता था किसी बड़े मातबाले हाथियों के राजाने जीतने के लिये शीघ्र आ कर उसे पकड़ा है )।

सीता। इस समय उस हाथी के बच्चे की रक्षा के लिये किसको भेजूं।

राम। वह दुरात्मा कहां है जो प्यारी जानकी के सहित पुत्र तुल्य हाथी के बच्चे को जीतता है।

( ऐसे कह कर उठते हैं )

वासन्ती। ( घबड़ाती हुई भीतर आ-कर ) क्या महाराज रघुनन्दन हैं।

सीता। क्या मेरी प्यारी सखी वासन्ती है।

वासन्ती। महाराज का जयजयकार रहै।

राम। ( विचार कर ) देवी जी की प्यारी सखी क्या वासन्ती है।

वासन्ती। महाराज शीघ्रता कीजिये इस जटायू नाम पर्व्वत के शिखर के दक्षिण सीता तीर्थ के अगाडी गोदावरी नदी के पार जा कर महाराज रानी जानकी के पुत्र को आदर से देखैं।

सीता। हा तात जटायू, आप के बिना जनस्थान सूना हो गया है।

तमसा। यहां क्या कहती हैं, देखो लड़का ही स्नेह की अत्यन्त सीमा है और यही मा बापों के स्नेह की गांट है, पुत्र तो मा बापों के अधिक स्नेह से अन्तःकरणों के बांधने की एक गांठ हैं।

वासन्ती। महाराज ! इधर भी देखें।

थोड़े काल से उत्पन्न और चञ्चल पुच्छवाला प्रबल अपनी प्यारी के सहित मदवाले नाच के उत्सव के अन्त में, मणि मुकुट के सदृश कदम्ब वृक्ष में कलङ्गी जिसके शिर में है, ऐसा मोर शब्द करता है।

सीता। (आश्चर्य से सजल नयन होती) यह वही है यह वही है।(१)

राम। वत्स ! प्रसन्न रहो आज हमलोग भी विद्यमान हैं।

(अर्थात् तुम्हारे देखने से जीते हैं)

सीता। ऐसा ही होवे, (आपने जो कहा वही होवे, यह मोर प्रसन्न रहै)।

राम। चक्र के आकार घूमने में नेत्रा-

(१) जिसे मैंने पुत्र बनाया था।

वरणों के भीतर मण्डल के समान गोलाकार घुमाया है चक्षु को जिसने और चलने विलास-युत और मधुर भौं होके नृत्यों से शोभाकरने-वाली तथा समधिक लज्जावती सीता के नव अंकुरित किसलय और अति कोमल कमल-पत्र के सदृश हाथों से पाये ताल से नाचते तुमको पुत्र के तुल्य बड़े स्नेही मन से स्मरण करता हूं, बडे हर्ष की बात है, कि पक्षिलोग भी अधिक स्नेह प्रकाश करते हैं, युवा न होने के कारण थोड़े थोड़े फूलों का उत्पन्न करने-वाला और प्यारी जानकी जी ने जल सींचने के कारण जिस कदम्ब का पालन किया था।

सीता। (सजल नयन होती और विचार करती) आर्य्यपुत्र ने भी भली भांति जाना।

राज। महारानी सीता जी का यह पहाड़ी मयूर उस कदम्ब को स्मरण करता है, कि मेरे समान यह कदम्ब भी मेरी माता सीतादेवी से पाला गया है, इस कारण यह मेरे सगे भाई के सदृश मेरा प्रिय है, इस आदि स्मरण के विषयों का ज्ञान करता है,

जिस लिये कि स्वजन के तुल्य अपने अति प्रिय इस कदम्ब में भी अधिक आनन्द को पाता है।

वासन्ती। महाराज यहां तब तक आसन का स्वीकार करें(१)।

प्यारी स्त्री मित्रवाले आपके सोने के लिये कदलीवन के मध्य रक्खी यह वही पूर्व्व परिचित शिलातल रूप सज्जा है, जहां ठहरी हुई सीता जिस कारण उन हरिणों को बहुत बार घास पत्ते देती थी, इसी निमित्त उन हरिणों ने अंबतक इस शिलातल को नहीं छोड़ा है॥

राम। पहिले यह तो देखने के अशक्य है।

(इस रीति रोते हुये अन्यत्र बैठते हैं)

सीता। हे सखी वासन्ती! इन सब के दिखलानेवाली तू ने आर्य्यपुत्र का और मेरा यह क्या किया,(२) हा धिक् हा धिक् यह

(१) अर्थात् इस आसन पर बैठें।

(२) शोक का बढ़ानेवाला अत्यन्त घोर कर्म्म का आरम्भ किया।

वही आर्य्यपुत्र है, यह वही पञ्चवटी का वन है, यह वही वासन्ती है, ये वेही नानाप्रकार के प्रिय वार्त्ताओं के साची गोदावरी नदी के वन के समीपवर्त्ती देश हैं, ये वेही लड़कों के समान हरिण, पची, और वृच हैं, यह वही मैं हूं, फिर मुझ मन्दभागिन के देखे गये भी वे सब नहीं हैं,सो यह जगतके लोगों के विचार का फल है।

वासन्ती। हे सखी सीता आप रामचन्द्र की अवस्था को क्यों नहीं देखती हैं(१)।

कमल के फूल के भीतरी पंक्ति के समान मधुर और कोमल ऐसे अङ्गों से रामचन्द्र रूप इस जनने तुम्हारे लोचनों को आनन्द दिया, और निरन्तर आपसे इच्छापूर्व्वक देखा भी गया है, परन्तु नये के तुल्य जान-पड़ता है(२) अब इन्द्रियों से विकल और

---

(१) सीता के निमित्त वासन्ती का यह कहना है कि इस समय भागीरथी के वर दान से सीता जी का साचात् दर्शन का अभाव है। (२) प्रति समय में विना अनुभव करी प्रीति की उत्पन्न करनेवाली रामचन्द्र के देखने से आप की परितृप्ति न भई।

शोभा से हीन शोक से दुर्बल शरीर यह वही रामचन्द्र जन है, इसे बड़े दुख में भी देखना चाहिये और जानना चाहिये कि कैसा हुआ है, तथापि तादृश अति शोचनीय अवस्था को पहुंच कर भी हम सब के नेत्रों को तो प्रिय और मधुर ही हैं।

सीता। देखती हूं सखी देखती हूं।

वासन्ती। वत्से देखती हुई तुम बहुत काल तक रहो।

सीता। हाय राजन् यह आप मेरे विना और मैं भी आपके विना (निश्चय से हम सब का विरह अचिन्तनीय है) स्वप्न में भी किसने सम्भावना किया था, इस कारण कुछ समय तक दूर से जन्म के समान दर्शन याती वा पाके जल के भीतर भी तबतक आर्य्यपुत्र को देखती हूं।

(इस भांति देखती है)

तमसा। (स्नेह से सजल नयन युत हो कर आलिङ्गन करती)।

बड़े पूरे प्रवाह की अधिकता के वेग से

गिरी हुई और प्रिय दर्शन से उत्पन्न आह्लाद और फिर प्रियदर्शन न होने के कारण शोक-रूप सन्ताप से प्रगट नेत्रजल को छोड़ती और तृष्णा से फिर फिर आदरपूर्व्वक देखने के लिये खुली तथा स्नेहरस को टपकानेवाली और प्रसन्नता से उजली और अत्यन्त मधुर इसी लिये अमृत की नदी के तुल्य तुम्हारी यह दृष्टि प्राणेश्वर रामचन्द्र तो स्नान कराती है (१)।

वासन्ती। फूलों के केशर की वर्षा करने-वाले सब वृक्ष, पुष्प और फूलों का अर्घ (अर्थात् राजा रामचन्द्र के लिये भेंट) देवें, तथा फूले कमलों के सुगन्ध से सुगन्धित वन का पवन बहै, और प्रिय के मिलने के अनु-राग से ऊंचे कन्धेवाले पक्षीलोग निरन्तर मधुर स्वर से यश का गान करें (२) क्योंकि

(१) अर्थात् तुम प्रीति के रस की आधिक्यता से अति प्रियतम को निरन्तर दर्शन का विषय करती हो।

(२) अर्थात् रान का राजा के उचित सत्कारके सम्पा-दन के अर्थ, वृक्ष अर्घ देने के तुल्य, वन की पवन चवर के सदृश, पक्षीलोग भांट चारण गायकके समान सत्कार करें।

फिर भी यह राजा रामचन्द्र इस वन में आप से आप आये हैं।

राम। हे सखी वासन्ती यहां आओ, और निश्चय से यहां हीं बैठो।

वासन्ती। ( सजल नयन होती और बैठ कर ) महाराज कुमार लक्ष्मण जी को भी क्या कुशल है।

राम। ( सुनी अन सुनी कर )

मिथिला देश के राजा जनक की कन्या जानकी ने कोमल के समान अपने हाथों से दिये पानी, मुनि का अन्न, और हरे घासों से, जिन तरु, पक्षी, और मृगों का, पालन किया था, उन सब के देखने से मेरे हृदय के पियलानेवाला और पत्थर का भी तोड़नेवाला कोई अनिवार्य्य चित्त का विकार प्रगट होता है(१)।

वासन्ती। महाराज निश्चय से पूंछती हूं, क्या कुमार लक्ष्मण को कुशल हैं।

---

(१) अर्थात् प्रिया के विरह से उत्पन्न शोक से और जड़मय अवस्था से भिन्न एक दशा उत्पन्न होता है।

राम। (आप ही आप) अये प्यारी ! महाराज ! यह स्नेहसे रहित सम्बोधन का पद है, केवल सुमित्रा के पुत्र लक्ष्मण मेंहीं सजल नेत्र और गद्गद अक्षरों के सहित कुशल का प्रश्न है(१) इस कारण मैं मानता हूं कि सीता का समाचार इसने जाना है, ( स्पष्ट वोले ) हां कुमार लक्ष्मण की कुशल है, ( इस प्रकार कह कर रोते हैं )।

वासन्ती। अये राजन् ! किस कारण आप कठिन से भी कठिन हो गये हैं(२)।

सीता। हे सखी वासन्ती किस निमित्त तू इनको ऐसा कहती है, सब के प्रिय होने के योग्य ये आर्य्यपुत्र हैं विशेष कर मेरी सखियों के ( अर्थात् मधुर भाषण के योग्य हैं )।

वासन्ती। तू मेरे प्राण के समान वड़ी

---

(१) अर्थात् मङ्गल के जानने की इच्छा रखती है और सीता के विषय की वात की नहीं है।

(१) अर्थात् आपने विना कारण सहधर्म्मिणी परित्याग किया है।

प्यारी है, अर्थात् अति अधिक प्रिय कथा के प्रसङ्गों के स्थान होने के कारण अन्तःकरणके तुल्य दूसरा हृदय है,तथा अति रमणीय और मधुर स्वरूप होने से परम आनन्द के उत्पन्न करनेवाली चन्द्रमा की कला के सदृश लोचनों की तू कौमुदी है, और मेरे शरीर में अमृत अर्थात् अनिर्व्वचनीय स्पर्शसुख की उत्पन्न करनेवाली तू सुधारस के समान है इस आदि प्रथम के कहे मधुर वचनों की परम्पराओं के आपने सन्तोष दे कर उसी सीता को निर्दयी राक्षस के समान वन में त्याग किया है, अथवा शान्त रहै, अधिक कहने से क्या फल है।

(इस प्रकार कह कर मूर्च्छित होती है)

राम। युक्त स्थल में वाक्य की निवृत्ति भई, (अर्थात् पूरा करनेवाला वाक्य नहीं कहा गया) और मोह भी हुआ, सखी धीरज धरो धीरज धरो।

वासन्ती। (धीरज धर कर) महाराज ने इस अकार्य्य को क्यों किया।

सीता। हे सखी वासन्ती! तुम ठहरो ठहरो।

राम। संसार के लोग नहीं सह सकते हैं(१)।

वासन्ती। सो किस लिये।

राम। वेही लोग कुछ जानते होंगे।

तमसा। लोगों का कहना उचित ही है(२)।

वासन्ती। अये कठोर हृदय निश्चय से यश ही आपको प्रिय है, अकारण प्रियतमा के परित्याग से अधिक घोर और विषम अनर्थ और निन्द्य कर्म्म क्या होगा, कुछ भी नहीं है, बड़े वन में उस मृगनयनी सीता का क्या हुआ कहिये इसको आप कैसा समझते हैं।

सीता। हे सखी वासन्ती तूं हीं दारुण

---

(१) अर्थात् बहुत काल तक राक्षस के घर के वास से दोष की आशङ्का कर सीता के ग्रहण करने में प्रसन्न नहीं होते हैं।

(२) अर्थात् लोक की निन्दा से आपने सहधर्मिणी स्त्री का परित्याग किया, यह तो बड़ा आश्चर्य हुआ।

दुखदाई और कठोर है, जो ऐसी कहती हुई ज्वाला बढ़ाती है(१)।

तमसा। तुम दोनों के ऊपर स्नेह और तुम्हारे कनिष्ठ की शङ्का से उत्पन्न शोकरूप दुख को वासन्ती कहती है, अथवा स्नेहरूप दुख से ऐसा कहती है, इस कारण इसका कुछ भी दोष नहीं है।

राम। सखी यहां और क्या मानना चाहिये।

डरे एक वर्ष के मृग के समान अति चञ्चल और चकित लोचनवाली और पूरे गर्भ के भार से आलसयुत और अधिक दुर्बल उस सीता की चन्द्रमा की चाननी के सदृश अति सुन्दर और कोमल कमल नाल के बराबर अति सुकुमार और मनोहर ऐसी देहलता को राक्षसों ने भक्षण किया अर्थात् नाश किया।

सीता। आर्य्यपुत्र धारण करती हूं, यह मैं धारण करती हूं, अर्थात् जीती हूं।

राम। हा प्यारी जानकी कहां है।

---

(१) विलाप करने से आर्य्यपुत्र को मेरे वियोग के दुख को फिर तूं जगा देती है।

सीता। हा धिक् हा धिक्, आर्य्यपुत्र भी बड़े ऊंचे स्वर से रोते हैं।

तमसा। वत्से, यह ऊंचे स्वर से रोना युक्ति सिद्ध है, कि दुखित और शोक से व्याकुलों को दुख के शान्ति के अर्थ विलाप आदि करनाहीं चाहिये।

जिस लिये कि,

जल से परिपूर्ण तड़ाग का जल के निकलने के मार्ग से बड़े जल का निकलना हीं प्रतिविधान का उपाय होता है, तैसे हीं प्रबल दुख के बढ़ने से हृदय को विलाप आदि से धारण करते हैं, अर्थात् अव्यवस्थित हृदय को फिर व्यवस्थापन करते हैं(१) विशेष कर रामभद्र का अनेक प्रकार के कष्ट का देनेवाला यह जीवलोक हुआ है॥

क्यों कि, अधिक एकाग्र और शास्त्र से

---

(१) जैसे जल निकलने के मार्ग से अधिक बढ़े जल के निकलने पर अवशिष्ट जल सहित तड़ाग का प्रमाण होता है, तैसेहीं रोदन आदि से बाहर दुख के वेग को, शेष दुख को हृदय सहता है।

युक्त मन से इस बड़े विस्तार राज्य का पालन करना चाहिये, और जैसे धूप फूल को कुम्हिलाती है, तैसे हीं प्रिया के वियोग रूप सन्ताप जीव को तपाता है, और भी आपही अति प्यारी का त्याग कर आपही रोदन आदि से शोकरूप सन्ताप के दूर करने की चेष्टा करनी भी दुर्लभ है, जिस लिये कि बुद्धिमान लोगों के विचार से विरुद्ध होने के कारण असङ्गत है, अब वह भी बड़े सन्ताप से उत्पन्न ठंढी श्वास आती है क्यों कि बड़े शोक के सन्ताप का अल्प करनेवाला और हितकारी विलापही होता है।

राम। कष्ट है हो कष्ट है।

देखो, प्रिया के विरह से उत्पन्न शोकरूप दुख का अति गाढ़ उद्वेग हृदय को अधिक व्यथा करता है, परन्तु दो भाग करके विदीर्ण नहीं कर देता, शिथिल शरीर क्षण क्षण में मूर्च्छा का प्राप्त होता है तथापि चेतना का नहीं छोड़ता, तथा हृदय के भीतर का सन्ताप शरीर को जलाता है परन्तु भस्म शेष

नहीं करता (१) और दैव मर्म का काटने-वाला मेरे ऊपर प्रहार करता है किन्तु मेरे प्राण को नहीं हरण करता।

सीता। यह ऐसा ही है।

राम। हे पुरवासी और देश के रहने-वाले,

सीतादेवी का निवास हमारे घरमे आप-लोगों को प्रिय न हुआ इसी कारण हमने निर्ज्जन वन में सीतादेवी को तृण के समान परित्याग किया,(२) पश्चात्ताप न किया, और पहिले प्यारी के साथ बहुत काल के जाने प्रसिद्धभाव वन के स्थल आदि पदार्थ मुझे अति व्याकुल करते हैं, इस लिये अशरण और उपायहीन हमलोग करुणा कर रोते हैं, अब भी आप सब प्रसन्न होवै, अर्थात् सीता ग्रहण करने में प्रसन्नतारूप अनुग्रह करें।

---

(१) अर्थात् सब शरीर के भस्म करने से मेरे दुःख का अन्त हो जाता।

(२) अर्थात् आप लोगों की प्रसन्नता के अर्थ ही अति प्रियतमा का परित्याग भी स्वीकार किया।

तमसा। शोक के सागर का अति गम्भीर और बड़ा भारी अनिवार्य्य प्रवाह है।

वासन्ती। महाराज बीते विषयों में धीरता करनी चाहिये।

राम। हे सखी धीरता करनी चाहिये ऐसा क्या कहती है।

सीता देवी से हीन संसार के बारह वर्ष बीते ( अर्थात् यह जीवलोक सीता से रहित रहा ) सीता का नाम भी नष्ट हुआ, क्या राम तब नहीं जीता था नहीं जीता ही था, सो किस हेतु मैं धीरज नही रखता हूं।

सीता। आर्य्यपुत्र के इन बचनों से मैं मोहित हुई हूं।

तमसा। वत्से ऐसा ही है,

ये बाते स्नेह से भींजे अत्यन्त प्रिय तुम्हारे हृदयों के नहीं हैं किन्तु अधिक शोक के जनानेवाले अति कठिन हैं, और तैसी ये बातें तुम्हारे ऊपर विषयुक्त अमृत की धारा के समान पड़ती हैं।

राम। अये प्यारी वासन्ती, निश्चय,

जैसे, शरीर के भीतर टेढ़ा हो कर जलता अङ्गार रूपबाण घुसा हो, और जैसे विषधर जन्तू का काटना हो, तैसा ही अति अधिक असह्य क्लेश का करनेवाला बड़ा तीखा और अति दारुण हृदय का छेदकरनेवाला शोक का कील हृदय में मर्म्मस्थान को काटता क्या मुझ से नहीं सहाजाता, वरन सहा ही जाता है(१)।

सीता। मैं ऐसी मन्दभागिन हूं जो फिर भी आर्य्यपुत्र को दुखदायिनी भई(२)।

राम। ऐसे अत्यन्त अचञ्चल ठहरा हृदय और उपायों से अति अधिक धीरता के रखनेवाले मेरे, पहिले के परिचित अनेक प्रकार के बहुतेरे प्रिय और रमणीय पदार्थों के देखने से अधिक बढ़ी चित्त की यह चञ्चलता किसी कारण अनिवार्य्य है, मैंने अत्यन्त चञ्चल और बढे करुणारस रूप शोक के रोकने के अर्थ जो जो उपायें किये, कोई भी अनिर्व्वचनीय

(१) अर्थात् तैसा मर्म का छिदनेवाला प्रिया के विरह-रूप शोक का अनुभव करता मैं क्या धैर्य्यवान् नहीं हूं किन्तु धैर्य्यवान् हूं। (२) अर्थात् मेरे ही कारण आर्य्य-पुत्र को इस प्रकार का शोक हुआ।

चित्त का विकार मेरे हृदय की विकलता को करता है, जैसे पानी का बड़ा प्रबल वेग बालू पुल को तोड़ता है।

सीता। आर्य्यपुत्र के इस अनिवार्य्य और बड़े असह्य दारुण दुख के बढ़ने से जगा हुआ और अपना ही शोकरूप दुख मेरे चित्त को कंपाता है।

वासन्ती। (आपही आप) महाराज रामचन्द्र बड़ी शोचनीय दशा को पहुंचे हैं, इस कारण भिन्न विषय में लगाती हूं(१) (स्पष्ट बोली) अब महाराज जनस्थान वन के बहुत काल से जाने भागों के देखने से अपनी आत्मा को आनन्द देवें।

राम। ऐसा ही होवे (ऐसे कह कर और उठ कर जाते हैं)।

सीता। प्रियसखी के बतलाये दुखरूप शोक के दूर करने के और प्रसन्नता के जनानेवाले उपायें केवल दुख के बढ़ानेवाले ही हैं।

---

(१) अर्थात् अब कुछ समय तक महाराज के चित्त को अन्य विषय में आसक्त करती हूं।

वासन्ती। महाराज महाराज,

इसी सम्मुखवाले लता के गृह में उस सीता के आने का मार्ग देखते आप रहते थे, वह सीता गोदावरी नदी के किनारे पर आ-श्चर्य से हंस की क्रीड़ा को देखती बहुत देर तक ठहरी थी, फिर लौट कर आने में विलम्ब होने के कारण दुखी अन्तःकरण से आपको देख कर व्याकुल होती आप की प्रसन्नता के लिये कमल पुष्प के भीतरी मृदु किशलय के सदृश अपनी रमणीय प्रणाम की अञ्जली रची थी।

सीता। दुखदाई है सखी वासन्ती तू दुखदाई है, जो ऐसे हृदय के मर्म्म के वेधने के हेतु छिपे बाण के तुल्य इन वचनों से फिर फिर मुझ मन्दभागिन को और आर्य्यपुत्र को पीड़ा देती है।

राम। हे कठोर हृदय जानकी, यहां वहां देख पड़ती है और दया नहीं करती, (बड़े खेद की बात है) हे देवी जानकी मेरा हृदय फटता है, देह का बन्धन अस्थि

आदि शिथिल होते हैं,(१) तेरे विरह में संसार शून्य और अशरण मेरे निमित्त हुआ, मैं ऐसा मानता हूं, और निरन्तर शोकाग्नि की ज्वाला से जलता सा मैं हृदय के भीतर जलता हूं,(२) और विरह के शोक के अधिक होने से दुख में अवश होता अत्यन्त अधीर मेरा अन्तरात्मा घोर अन्धकार में डूबता है, तथा मोहरूप भ्रम मेरी दृष्टि के विषय को चारो ओर से रोकता है,(३)इसी लिये अधिक मन्द भाग्य मैं क्या करूं(४)।

(इस प्रकार कह कर मूर्छित ही होते हैं)

सीता। हा धिक हा धिक फिर भी आर्य्यपुत्र मूर्छित ही होते हैं।

वासन्ती। महाराज धीरज धरें धीरज धरें।

---

(१) ढोले होते हैं।

(२) तेरे बिरह की शोकाग्नि से निरन्तर मेरा हृदय जलता है।

(३) मैं मोहान्धी न होता हुआ कुछ भी देखने को समर्थ नहीं हूं।

(४) किसी उपाय के न होने के कारण मैं निरासा हुआ हूं।

सीता। हा आर्य्यपुत्र, मुझ मन्दभागिन के कारण सब प्राणियों के मङ्गल के आधार आप के जन्म का प्रति क्षण मृत्यु के भय से दारुण अन्त हुआ, हाय मैं मरी।

(ऐसे कह कर मूर्च्छित होती है)

तमसा। वत्से समाधान हो समाधान हो, फिर तेरे हाथ के स्पर्श ही रामभद्र के जीवन का उपाय है।

वासन्ती। क्यों कर अब भी अच्छे स्वास नहीं लेते हैं, हाय प्यारी सीता तू कहां है हाथ के स्पर्श से अपने प्राणनाथ को जिलाओ।

सीता। (भ्रम से निकट जा कर) हृदय और ललाट में स्पर्श करती है।

वासन्ती। बड़े भाग्य से रामभद्र फिर भी जी उठे।

राम। अमृत के सदृश लेपों से मेरे बाहरी और भीतरी शरीर के धातुओं को लीपता हुआ सा यह स्पर्श फिर भी मुझको

जिलाता है, और आनन्दता के कारण दूसरे प्रकार की मूर्च्छा को लाता है (१)।

(आनन्द से बन्द नेत्रों सहित ही हूं, सखी वासन्ती, तू भाग्य से बढ़ती है)

वासन्ती। महाराज कैसा।

राम। हे सखी, और दूसरा क्या, फिर भी जानकी मीली।

वासन्ती। अये राजन वह कहां है।

राम। (स्पर्शसुख को पा कर) देख यह क्या तेरे अगाड़ी ही खड़ी है।

वासन्ती। अये महाराज मर्म्म के छेदन करनेवाले अनर्थ वचनों को क्या बकते हो, क्यों कि प्रियसखी सीता के वियोग रूप सन्ताप से जली, अर्थात् अत्यन्त ताप से तपी मुझ मन्दभागिन को फिर जलाते हो।

सीता। मैं भागने की इच्छा करती हूं, क्यों कि फिर बहुत काल के अच्छे भाव (२)

---

(१) शोक कृत मोह को हटा कर हर्ष कृत मोह को बढ़ाता है। (२) अन्तःकरण की प्रीतिरस का प्रकाशक रस विशेष को भाव कहते हैं।

सहित मनोहर और शीतल आर्य्यपुत्र के इस स्पर्श से दीर्घकाल के बड़े दारुण सन्ताप को हरण करता और वज्र लेप के सदृश बंधा विना बल का कांपता और अवश के समान यह मेरा हाथ है ।

राम । हे सखी, प्रलाप(१) कहां से है ।

पहिले बालकपने में विवाह की क्रिया में कङ्कण सहित प्यारी का जो हाथ मैंने ग्रहण किया था, और जिसे मैं अमृत से शीतल इच्छापूर्व्वक स्पर्शों से भली भांति जानता हूं।

सीता । हे आर्य्यपुत्र वही आप अब भी हो (२) ।

राम । मैंने उस सीता का तुषार के समूह के समान मधुर और सुन्दर लवली नाम वृक्षविशेष के नये अंखुआ के तुल्य प्रथम का परिचित ही यह वही हाथ पाया ।

( इस प्रकार कह कर ग्रहण करते हैं )

सीता । हा धिक् हा धिक् आर्य्यपुत्र के

(१) अनर्थक बकना ।

(२) अर्थात् मेरी प्रीति का आप ही एक स्थान हैं ।

स्पर्श से मोहित मुझको निश्चय से प्रमाद उत्पन्न हुआ।

राम। हे सखी वासन्ती, स्पर्श के हर्ष से उत्पन्न आनन्द से अवश इन्द्री और प्रसन्नता की जड़ता से विवश इन्द्री मैं हुआ हूं, अर्थात् अपने शरीर के व्यापार में मैं असमर्थ हूं, इस लिये तबतक तू इसे पकड़।

वासन्ती। कष्ट है कि यह महाराज को प्रमाद है।

सीता। शीघ्रता से अपना हाथ खींच कर कुछ हट जाती है।

राम। हा धिक् प्रमाद है हा धिक् प्रमाद है।

जड़ता से अवश कांपनेवालों और पसीने के टपकानेवाले मेरे हाथ से, और कांपनेवाला अवश और पसीने से भींगा तथा पहिले का जाना वह सीता का हाथ अति कोमल कमल पत्र के समान छूट गया।

सीता। हा धिक् हा धिक् अस्थिर और निश्चल विषय ज्ञान रहित और विषय ज्ञानके

अर्थी इधर उधर गिरा नेत्रवाला आर्य्यपुत्र अपनी आत्मा के स्वस्थकरने को समर्थ नहीं होता है।

तमसा। (स्नेह से देख कर)।

प्यारे के अङ्ग स्पर्श से उत्पन्न आनन्द और पसीने के साथ रोमाञ्च से तथा कांपती अङ्ग-वाली वत्स सीता, पवन से और नये मेघ के जल से कांपती और सींची नये अंखुआवाली कदम्ब की लाठी के सदृश शोभित हुई।

सीता। (आप ही आप) आश्चर्य है कि भगवती तमसा निश्चय से अवश इस पद से मेरी आत्मा को लज्जा देती है, क्योंकि यह मानती है कि यह परित्याग है, और यह संग्रह है, तैसे परित्याग रूप अपमान से और ऐसे ही प्रियतम के अङ्ग आदि से भी मैं अति लज्जित हुई हूं।

राम। (चारो ओर देख कर) क्या नहीं है अरे निर्दयी विदेह राजा की पुत्री।

सीता। सच है कि मैं निर्दय हूं, जो

ऐसी दशा में वर्त्तमान तुमको देखती जीती हूं(१)॥

राम। कहां है हे देवी प्रसन्न हो, ऐसी दशा में प्राप्त मुझे परित्याग करने को तू योग्य नहीं है।

सीता। अये आर्य्यपुत्र आप का यह वचन विपरीत है(२)।

वासन्ती। महाराज प्रसन्न हो, अपने हीं स्वभाव-सिद्ध लोकोत्तर धीरता से, और अत्यन्त विरह के शोक की अन्त सीमा को पहुंचे, अपनी आत्मा को स्थिर करो, और मेरी प्यारी सखी सीता यहां कहां है।

राम। सच है कि नहीं है, नहीं तो वासन्ती भी उसे क्यों कर न देखती, सो निश्चय से यह सपना हीं है, परन्तु मैं सोता नहीं हूं, अथवा राम को निद्रा कहां से है,

---

(१) अर्थात् प्रथम मेरा परित्याग कर पीछे मेरे अर्थ इस प्रकार के दुख का प्रकाश करना अनुचित है।

(२) अर्थात् मेरे न मिलने के शोक आप उन्मत्त हो गये हैं।

सर्व्वप्रकार यह वही भगवान निरन्तर सीता के अङ्ग स्पर्शरूप भ्रम का उत्पन्नकरनेवाला विप्रलम्भ नाम रस है।

सीता। कठिन हृदय मैंने हीं आर्य्यपुत्र को विप्रलम्भित किया(१)।

वासन्ती। महाराज देखैं देखैं,

जटायू नाम पक्षिराज से रावण का तोड़ा हुआ और सन्मुख देख पड़ता काले लोहे का यह रथ है, और अगाड़ी ही समीप में ये पिशाचवदन और अस्थि मात्र शेष रथ के ले जानेवाले गदहे हैं, इनको देखैं, इसके आगे रावण के खड्ग से कटा जटायू का पक्षमूल विद्यमान है, और सुन्दरता से प्रकाश करती तथा कोप से जलती सीता को ले जाता हुआ इसी कारण भीतर बिजुली से व्याकुल मेघ के समान शत्रु रावण आकाशमार्ग से गया था।

सीता। ( कुछ भय से ) हे आर्य्यपुत्र

(१) जिस कारण आर्य्यपुत्र विप्रलम्भ से उत्पन्न दारुण दुख का अनुभव करता है वह मेरे ही दोष से है।

रावणसे तात जटायू मारेजातेहैं और मैं हरी जाती हूं, रक्षा करो रक्षा करो।

राम। ( झटपट उठ कर ) अरे पापी तात जटायू के प्राण का और सीता का हरणकरनेवाला कहां जाता है।

वासन्ती। अये महाराज राक्षसकुल के प्रलयकारी धूमकेतु अब भी आप के क्रोध का विषय है(१)।

सीता। अहा मैं मतवाली ऊई(२)।

राम। सच मुच यह अब प्रलाप ही है देखो,

रिपु रावण के बध के अर्थ सुग्रीव और विभीषण आदि उपायों के होने से और निरन्तर संग्राम क्रिया आदि प्रिया के वियोगरूप दुख के दूर करने के सम्बन्धवाले यतनों से और तैसे हीं वीर रावण कुम्भकरण आदि

---

(१) जैसे प्रलयकाल में धूमकेतु ग्रहविशेष सकल लोकका नाशकरनेवाला है, तैसे हीं आप सकल राक्षस के मारनेवाले हैं, सो अब क्रोध का विषय क्या रावण है।

(२) क्यों कि रावण के किये हरण आदि वृत्तान्तों के वर्त्तमान ज्ञान में मुझे मतवाला पन ऊआ है।

राक्षसों के नाश से संसार में उत्पन्न अत्यन्त अद्भुत रसरूप मनोहर नेत्रवाली सीता का उस विरह की निश्चय से शत्रुओं का बध ही अवधि थी, इस लिये तादृश विरहरूप दुख के सहने में फिर मिलने की सम्भावना से क्लेश नहीं हुआ था, और अब निरवधि होने से प्रिया के वियोगरूप विरह का यह दुख बिना उपाय मुझ से कैसे सहा जावे।

सीता। यह निरवधि है, तो, हा मन्द-भागिन मैं मरी(१)।

(ऐसे कह कर रोती है)

राम। हा कष्ट है,

जिस सीता की फिर प्राप्तरूप विषय में कपीन्द्र सुग्रीव के साथ मित्रता व्यर्थ है, और अन्य अन्य वानरों की वीरता विफल है(२) फिर जिसमें जाम्बवान की प्रज्ञा अफल है, और

(१) निरवधि पद से फिर समागम की आशा के टूट-जाने से मैं मरी अर्थात् जीवन की आशा भी मुझे नहीं है।

(२) अर्थात् कपियों के पराक्रम से भी कुछ उपकार नहीं हो सकता है।

जहां वायु के पुत्र की भी गति नहीं है(१) और फिर जहां विश्वकर्मा के पुत्र नल और नील भी मार्ग बनाने को समर्थ नहीं हैं, और जहां सुमित्रा के पुत्र लक्ष्मण के बाणों का विषय नहीं है, इस लिये हे प्रिये तू कहां है।

सीता। उस पहिले के विरह की मैं बहुत स्तुति करती हूं(२)।

राम। हे सखी वासन्ती, राम का दर्शन अब सुहृदों के दुःख ही के अर्थ है, सो यह अब कबतक तुमको रोआवैगा, इस लिये मुझे जाने के निमित्त आज्ञा करो।

सीता। (घबड़ा हठ से तमसा को आलिङ्गन करती बोली) हे भगवती तमसा आर्य्यपुत्र जाते ही हैं।

तमसा। वत्से, धीरज धरो धीरज धरो, आज निश्चय से हमलोग भी आयुषमान कुश

(१) अर्थात् जहां हनुमान जी भी पहिले के तुल्य समुद्र लङ्घन आदि से कुछ भी उपकार करने में समर्थ नहीं है। (२) फिर मिलने के उपायों के होने से स्तुति के योग्य है।

और लव के वर्षवर्द्धन ग्रालिगिरह के मङ्गलों के सम्पादन के कारण भागीरथी जी के तीर-ही पर चलती हैं(१)।

सीता। हे भगवती प्रसन्न रहो, एक क्षणमात्र भी तबतक इस दुर्ल्लभ जन को देखूं।

राम। मेरे अश्वमेध यज्ञ के लिये सह धर्मचारिणी है।

सीता। (कुछ निन्दा करती आप ही आप) आर्य्यपुत्र सह धर्मचारिणी कौन है।

राम। सोने की सीता की मूर्त्ति बनाकर उसी को सह धर्मचारिणी किया हैं।

सीता। (ठंढी सांस भरती और सजल नयनों से) आर्य्यपुत्र अब आप हैं, आश्चर्य्य है कि अब तुमने मेरे परित्याग की लज्जा के वाण को उखड़ा(२)।

---

(१) अर्थात्, दीर्घायुष कुश और लव की जन्मदिन से ले कर बारहवें वर्षकी ग्रालिगिरह के मङ्गलाचरण करने के लिये आओ चलें।

(२) आर्य्यपुत्र आप मेरी मुर्त्ति में निश्चय से एकान्त की प्रीतिता से यहां के स्नेहपद से कहे जाते हैं, अर्थात् दूसरी स्त्री के नहीं ग्रहण करने से मेरी लज्जा के बाण को दूर किया।

राम। उस सीता की मूर्त्ति में सजल-नयनों की प्रसन्नता करूंगा।

सीता। वह धन्य हैं, जिसे आर्य्यपुत्र बहुत सन्मान करते हैं, और जो आर्य्यपुत्र को प्रसन्न करती सब जगत की आशा की जगह हुई[1]।

तमसा। (कुछ हंसती हुई सजल नयन और स्नेह से सीता का आलिङ्गन करती बोली) अयि वत्से इस प्रकार अर्थात् वह धन्य है तू अपनी मूर्त्ति की स्तुति करती हैं।

सीता। (लज्जा से नीचे मुख करती हुई आप ही आप) भगवती तमसा ने मुझे हंसा है।

---

(१) यहां भी राम के कहे हुये वाक्य का अन्य नायिका में इस अर्थ को भ्रम से ग्रहणकरनेवाली इसी कारण मेरे प्रियतम ने मुझ से भिन्न अन्य नायिका में नयनों की प्रसन्नता करैंगे, इससे भग्न मनोरथ सीता की यह उक्ति है, और भी जो मुझ से भिन्न नायिका है वह धन्य है, धन्य इस पद से राम के स्नेह का कारण होने से स्तुति के योग्य है, मैं तो अधन्य हूं, वह सब जनों के सर्व सुमङ्गल की आशा का मूल है, राम के विनोद से सर्व का जीवन और रक्षा होती है।

वासन्ती। परस्पर दर्शन का लाभ हम-लोगों के लिये हुआ, यह महान् प्रमाद है, आप को अत्यन्त शोक का बढ़ानेवाला है, क्यों कि सीता की सहेली मुझे देख कर आप को सीता का स्मरण होने से अनर्थकारी है, और जाने के निमित्त, फिर जैसे कार्य्य की हानि न हो, वैसा कीजिये।

सीता। इस समय मुझ से वासन्ती प्रति-कूल हो गई है(१)।

तमसा। पुत्रि आओ चलें।

सीता। (बड़ा कष्ट हुआ) अच्छा आओ चलें।

तमसा। क्यों कर चलें जिस तेरे,

प्रियतम में अत्यन्त लगे और तृष्णा से आ-दरपूर्व्वक देखने में बहुत खुले विलोचनों की मर्म्म के पीड़ा-देनेवाले चेष्टारूप यत्न फिर अपनी अवस्था में लाने के लिये समर्थ नहीं होते हैं(२)।

(१) अर्थात् मेरे प्रियतम को जाने की आज्ञा करती है, इस लिये अप्रिय कार्य्य की करनेवाली है।

(२) फिर तू निश्चल और बहुत खुले विलोचनों से अपने प्राणनाथ को देखती है।

सीता। अपुण्यमानों के दर्शन के अयोग्य आर्य्यपुत्र के चरणकमलों को मेरा नमस्कार है नमस्कार(१)।

(इस प्रकार मूर्च्छित होती हैं)

तमसा। वत्से धीरज धरो धीरज धरो।

सीता। (धीरज धर कर) अब मेघ के भीतर छिपे पूर्ण चन्द्रमा का दर्शन तबतक होगा(२)।

तमसा। दैव की बड़ी आश्चर्य गति है।

देखो, यह करुणा के रस भिन्न भिन्न रूप प्रकाश करता है, जैसे पानी यद्यपि एक ही है तथापि बबूले, लहर, भंवरे, आदि भिन्न भिन्न रूपों को दिखलाता है, और फिर भी सम्पूर्ण जल ही अन्य नहीं है।

---

(१) अक्षत पुण्यजनों को अर्थात् पुण्य से हीन हमारे समान मन्दभागिनियों के देखने के अयोग्य ऐसे आर्य्यपुत्र के चरणकमलो में मेरा नमस्कार है नकस्कार।

(२) जैसे मेघ के न होने से पूनों के चन्द्रमा का दर्शन स्पष्ट होता है, फिर मेघ के होने से बहुत समय तक चन्द्र दर्शन नहीं हो सकता है, तैसे मेरे समान मन्द-भागिन के अभाग्य से आर्य्यपुत्र के चरणकमल का दर्शन नहीं हो सकता है।

राम। अये विमानराज इधर आओ इधर आओ।

( इस प्रकार सब उठते हैं )

( तमसा और वासन्ती सीता और रामचन्द्र को आशीर्व्वाद देती हैं )

हम सब के साथ वसुन्धरा, मन्दाकिनी नाम आकाशगङ्गा, वह कुलपति सूर्य्य, वेद का कर्त्ता ब्रह्मा, और अरुन्धती के सहित वशिष्ट मुनि जी, बड़े बड़े मङ्गल के लिये और अन्त में सौभाग्य के अर्थ तुम सीता और राम को कल्याण देवें।

( इस रीति सब निकल कर गये )

(यह छाया नाम तृतीय अङ्क सम्पूर्ण हुआ)

दोहा।

उत्तररामचरित्र कर, तृतीय अङ्क सुखदाइ।
छाया नामक अति शुभग, रचा महेश बनाइ॥

# चतुर्थ अङ्क।

(इसके उपरान्त सौधातक और भाण्डायन दो मुनि-कुमार आये)

एक। हे सौधातक आज अतिथिजनों के ठहराने से और उनके अधिकार के अनुसार सेवा के निमित्त खाने और पीने के पदार्थों के रखने से अति रमणीय वाल्मीकी के आश्रम की शोभा देखनी चाहिये। देखो कि,

उसी दिन की प्रसूता हरिणी के पीने से अधिक अवशिष्ट गरम और मधुर(१) नीवार के भात के मांड़ को आश्रम का मृग जितना चाहिये उतना पीता है, घी सहित भात के इधर उधर फैले सुगन्ध से थोड़ा मिला हुआ, और बेरी के फल से मिले बथुआ के साग के पचाने का सुगन्ध सब जगह फैल रहा है।

---

(१) मुनियों के ध्यान का नाम है।

सौधातक। आज बड़े बूढ़ों के आने से अनध्याय का कारण आया,

( अर्थात् पाठ के विघ्न का हेतु आया).

प्रथम। ( विशेष हंस कर ) गुरुलोगों मे तुम्हारे बहुत आदर का कोई अनोखा कारण जान पड़ता है।

सौधातक। हे भाण्डायन आज बड़े वृद्ध लोगों के समूह का धुरन्धर और श्रेष्ठ यह कौन नामी अतिथि आया है।

भाण्डायन। अरे गुरुजनों के उपहासक तुझे धिक्कार है, यह तो ऋष्यश्टङ्ग के आश्रमसे अरुन्धती है. अगुआ जिन में ऐसी महाराज दशरथ की महारानियों को ले कर भगवान् वशिष्ठ जी आये है, सो ऐसा क्यों कर अनर्थकवकता है।

सौधातक। क्या वशिष्ठ जी हैं।

भाण्डायन। फिर कौन हैं।

सौधातक। मैंने तो ऐसा जाना कि यह बाघ है अथवा भेड़िया है(१)।

---

(१ अर्थात् सब शरीर में उस्के बहुत रोम होने से उसे बाघ आदि मैंने जाना।

भाण्डायन। अहा तुमने क्या कहा।

सौधातक। उस आये हुये ने उस दीन कल्याणी गायको मड़मड़(१) यह शब्द के साथ खाया था।

भाण्डायन। वह मांस मधुर पर्क ऐसा वेद का विषय है, यह बहुत मान्यलोग कहते हैं कि वेद के पारग ये ब्राह्मण अतिथि के निमित्त अति छोटी गौ, वडा भारी बैल, अथवा वड़े मोटे बकरा, को गृहस्थलोग मारते है, इस गृहस्थ-धर्म्म को मनु याज्ञवल्क्य परासर आदि धर्म्मशास्त्र के करनेवाले उपदेश करते हैं।

सौधातक। मैं तुमसे हार गया हूं।

भाण्डायन। किसके समान।

सौधातक। जिसने आये हुये वशिष्ठ मिश्रों ने छोटी गैया भेजी, और आज ही के आये हुये राजर्षि जनक के अर्थ भगवान बाल्मीकी ने दही दूध और सफेद चीनि

(१) तोड़ताड़ के मार डालना इसको मड़मड़ शब्द कहते हैं।

आदि से मधुपर्क भेजे, फिर छोटी बछिया क्यों नहीं भेजी।

भाण्डायन। मांस खानेवालों के अर्थ ऋषियों ने ऐसी ही विधि ठहराई है, अर्थात् मांस निश्चय किया है, और मांस छोड़नेवालों मे राजा जनक है।

सौधातक। किस कारण उसने मांस छोड़ा है।

भाण्डायन। उस राजा जनक ने रानी सीता का दैव से दुर्दशा का होना जब से सुना है तभी से गृहस्थाश्रम को छोड़ कर वाणप्रस्थ धर्म्म का स्वीकार किया है, और तैसे ही इसके कितने वर्ष चन्द्रद्वीप के तपोवन में तपस्या करते बीते(१)।

सौधातक। तो किस कारण यहां आया है।

भाण्डायन। बहुत पुराने प्रिय मित्र बाल्मीकी जी के देखने को आया है।

(१) अर्थात् बरष बारह वाणप्रस्थ के धर्म्म में तपस्या करते दिन ये हैं।

सौधातक। आज सम्बंधियों के साथ इसका दर्शन सिद्ध हुआ कि नहीं।

भाण्डायन। भगवान् वशिष्ठ जी ने अभीं महारानी कौशल्या के पास भगवती अरुन्धती को यह कहने के निमित्त भेजा है कि आप वहां जा कर राजा जनक को देखो।

सौधातक। जबतक ये बड़े बूढे आपस में मिलते हैं, तबतक हमलोग भी छोटे छोटे ब्राह्मणके लड़कों के साथ मिल कर और खेलते हुये अनध्याय के आनन्द को बढ़ावैं॥

(ऐसे कह कर निकले)

भाण्डायन। सो यह वेद का उपदेश करनेवाला बूढ़ा राजर्षि जनक वाल्मीकी और वशिष्ठ जी की आराधन करके इस समय आश्रम के वाहर वृक्ष के नीचे ठहरा है।

जो राह, हृदय में वारम्बार ठहरे सीता के(१) शोक से भीतर छिपी है अग्नि

---

(१) सीता का शोकजनक को जलते अग्नि के समान हो रहा है।

जिस में ऐसे शमी के वृक्ष के समान यह जनक सन्ताप का अनुभव करता है।

( ऐसे कह कर दोनों ऋषिकुमार निकले )

(विष्कुम्भक आया) ( अर्थात् अगिली कथा की सूचना भई )

( इसके पीछे राजा जनक प्रवेश करता है )

जनक। जिस कारण कन्या जानकी में तैसा परित्यागरूप अति दारुण अनिष्ट ऊआ, इस हेतु बड़े तीखे हृदय की वेदना के जनानेवाले घावयुत मन से उत्पन्न और अति कठोर, और निरन्तर धारा प्रवाह के समान अनुभूयमान और यद्यपि बङ्कत काल से प्रगट भी है तथापि नया ही गिना गया है इस कारण नये आरे के सदृश हृदय के मर्मस्थल को काटता मेरा शोक, क्रोध को नहीं दूर करता है, ( अर्थात् अब मुझे उपताप करता है )।

वड़ा कष्ट है कि वुढ़ाई और असह्य दुख से वारम्वार दुखी तथा पराक अर्थात् वारह दिन के उपवास से साध्य प्रायश्चित्त रूप व्रत-विशेष से और सान्तपन आदि तपस्याओं से सूखा रस धातु और कार्य्य करने में असमर्थ अब भी मेरा दुख से जला यह देह त्याग नहीं होता है, अत्यन्त अन्धकार और सूर्य्य के उदय से रहित नरकविशेष लोक आत्मघातियों को होते हैं ऐसी ऋषिजन आज्ञा करते हैं,(१) बहुत वर्ष के वीत जाने पर भी प्रति समय में निरन्तर वड़ी दारुण चिन्ता से प्रकाश रहित नये के समान अति दारुण विषम दुख किसी प्रकार हटाने के योग्य नहीं ऐसा मेरा दुख का वेग, नहीं ठंढा होता है।

अये जगत-माता हे पृथिवी की कन्या देवी सीता, ऐसा तेरा भाग्य वन कर प्रगट हुआ कि जिस की लज्जा से अपनी इच्छा के अनुसार मैं रोने को भी समर्थ नहीं हूं, हाय हाय वेटी।

---

(१) अर्थात् ये आत्मघाती हैं उनको अन्धतामिस्र अ-सूर्य्य नाम नरकविशेष लोक होते हैं।

मैं तेरे अनियम से रोनेवाले और थोड़े हंसनेबाले शोभा से युत कितने एक कोमल कली के समान दांतों के अग्रभागों के निकलने से और अटपट नरम और मधुर बोलनेवाले लड़कपन के मुखकमल को स्मरण करता हूं।

हे भगवती पृथिवी, सचमुच तू बड़ी कठोर है(१)॥

तुम (पृथिवी) अगिन और बाल्मीकी और वशिष्ठ और वशिष्ठ जी की स्त्री अरुन्धती जी और गङ्गा जी, अथवा यदि सूर्य्यवंश के आदि पुरुष कुलगुरु आप सूर्य्यदेव ने, जिस सीता के चरित्र रूप महिमा को जाना है, और जैसे सरस्वती देवी विद्या को उत्पन्न करती है तैसे आपने जिसको उत्पन्न किया, और फिर हे दारुणे तेरे समीप आगे अगिन की परीक्षा आदि से शुद्धिरूप प्रमाणी कृत

(१) जो कन्या जानकी का उस प्रकार का परित्याग रूप दुख के देखने पर भी तु दुखी न भई अर्थात् अति दृढ़ है।

उसी सीता रूप कन्या का तैसा परित्यागरूप अति दारुण दुख के देखने को तूंने कैसे सहा।

( इतने में परदे के भीतर शब्द हुआ )

कि भगवती महारानीलोग इधर आवें इधर आवें।

जनक। ( देख कर ) अये गृष्टी से मार्ग वतलाई हुई भगवती अरुन्धती जी हैं, ( उठ कर ) किसे फिर महादेवी ऐसा कहा, ( विचार कर ) हाय किस प्रकार की यह महाराज दशरथ की धर्म्मपत्नी मेरी प्यारी सखी कौशल्या है, कौन ऐसा विश्वास करता है मैं जानता हूं कि वही यह है।

यह कौशल्या राजा दशरथ के गृह लक्ष्मी के समान रहती थी, अथवा लक्ष्मी ही थी ( समान पद देने से क्या फल है ) बड़ा कष्ट है और बड़ा खेद है कि भाग्य के वश से लेशरूप कुछ भी जो नहीं कहने के योग्य है दूसरे के तुल्य निरन्तर असह्य दुख के परम्परा के अनुभव से विकृत शरीरता के

कारण पिशाच के देह के सदृश देहवाली जान पड़ती है, देखो यह कैसा आश्चर्य्य दशा का परिणाम हुआ।

और भी यह कैसी दूसरी दशा की उलटी पुलटी विपरीतता भई है।

पहिले पहिल यह कौशल्या रूप ही जन बड़े उत्सव की मूर्त्ति के समान महा आनन्द की स्वरूप थी, अब उसी का देखना घाव में खारी नून लगे के तुल्य है, अर्थात् सहने के योग्य नहीं है।

( इसके उपरान्त अरुन्धती कौशल्या और द्वारपालि का भीतर प्रवेश करती हैं )

अरुन्धती। क्या कहती हूं, कि आप वहां जा कर राजा जनक को देखें, इसी प्रकार की यह तुम्हारे कुलगुरु की आज्ञा है, इसी निमित्त मुझे भेजा है, इस हेतु पद पद में यह क्या बड़ा भारी उपाय है।

कञ्चुकी। हे महारानी जी, अपनी आत्मा को स्थिर करो, और भगवान वशिष्ठ जी की आज्ञा पालन करो, यही मेरी प्रार्थना है।

कौशल्या। ऐसे दारुण दुख के समय में जनकपुर के राजा को देखना उचित है, यह साथ हीं सब दुख उठते हैं, इस कारण मैं वटे ऊये अपने दुखी हृदय के स्थिर करने को समर्थ नहीं हूं।

अरुन्धती। इसमें सन्देह क्या है।

देखो मनुष्यों में अच्छे बन्धु के वियोग से उत्पन्न धारा के प्रवाह रूप दुख का समूह अति प्रिय स्वजन के देखे जाने पर अति दुसह होते ऊये सहस्र धाराओं के समान बाहर बहने लगते हैं, अर्थात् अति अधिक होते हैं।

कौशल्या। बेटी और बधू जानकी की ऐसी शोच के योग्य दूसरी दशा के होने पर राजर्षि जनक को मैं अपना मुख कैसे दिखलाऊं।

अरुन्धती। आप का स्तुति के योग्य और जनक के वंश में श्रेष्ठ यह जनक समधी है, जिसको याज्ञवल्क्य मुनि ने वेदान्त भाग को पढ़ाया है।

जनक। ( पास जा कर ) हे भगवती अरुन्धती जी, हल पकड़नेवाला राजा जनक आप को प्रणाम करता है।

पवित्ररूप तेज के समूह का सागर भी और गुरुओं में अति श्रेष्ठ गुरु तुम्हारे पति वशिष्ठ जी निश्चय से जिस तुमसे अपने तांईं पवित्र मानते हैं(१) उस जगत पूज्य देवी आप को मैं प्रातःकाल की सन्ध्या के सदृश पृथिवी में अपने मस्तक को झुका कर वन्दना करता हूं।

अरुन्धती। हे राजर्षि आप को परम ज्योतिः स्वरूप ब्रह्म प्रकाश करैं, और रजो गुण से परे विशुद्ध सत्व गुण रूप यह तेजोमय सूर्य्यदेव तुमको पवित्र करैं, अर्थात् तुम्हारी रक्षा करैं।

जनक। हे श्रेष्ठगृष्टी प्रजा के पालन करनेवाले राजा की माता की क्या कुशल है।

कञ्चुकी। हे राजर्षि अधिक निठुर और

---

(१) तैसे पुण्यों के आधार भी वशिष्ठ जी जिस आप से अपने तांईं अधिक पुण्यमान मानते हैं।

कठिन पदों से हम सब की निन्दा और तिरस्कार भई,(१) इसी सीता के परित्याग से उठे क्रोध से बहुत काल से रामभद्र के मुखचन्द्र के देखने को छोड़नेवाली महादुखी महारानी को दुखित करने को आप योग्य नहीं है, रामभद्र का भी भाग्य के बिगड़ने के कारण जो निश्चय चारो ओर से फैला बड़ा भयानक निन्दारूप गौगा सीता के अपवाद रूप लोगों का कोई भी कहना जो पुरवासी और देशवासी छोटे लोग अग्नि से पवित्रता को नहीं मानते, इस कारण दारुण सीता के परित्याग रूप अति कठिन कर्म्म का उसने अनुष्ठान किया।

जनक। वाः वाः हमारी प्रसूति के शोधन करने में यह अगिन कौन है,

(अर्थात् अगिन समर्थ नहीं है) क्यों कि

(१) क्यों कि राम ने तो प्रजा पालन के अनुरोध से जानकी के परित्याग रूप अति निठुर कर्म्म का अनुष्ठान किया इसी से प्रजा के पालन करनेवाले राजा की माता का इस अति निठुर पद से तैसे राम की माता का क्रोध के प्रकाश-करनेवाला यह कथ हैं।

हमारे लड़के अग्नि से भी पवित्र है, अपवाद सहित सीता के परित्याग करनेवाले रामभद्र से अपमान पा कर हमलोग ऐसे कहनेवाले लोगों से भी तिरस्कार किये जाते हैं।

अरुन्धती। यह ऐसा ही है, परन्तु बेटी सीता के अर्थ अग्नि यह पद बहुत थोड़ा है, क्योंकि सीतां ही जगत के पवित्र पदार्थों के उपमा का स्थान है। हाय बेटी।

तू बालिका अथवा शिष्य है जो मेरी है सो रहे तथा पवित्रता से भी अति अधिक जो तेरे में मेरी भक्ति है फिर उसे दृढ़ करती है, अर्थात् श्रद्धां को स्थिर करती है, गुण के ग्रहण-करनेवालों में गुण हीं पूजा और सन्मान का स्थान है, और स्त्री पुरुष आदि चिन्ह तथा वय भी पूजा का स्थान नहीं है(१)।

कौशल्या। हमारी मन की व्यथा सब साथ हीं उठ खड़ी होती हैं।

(इस प्रकार मूर्च्छित होती है)

(१) अर्थात् गुण के ग्रहणकरनेवाले वय और लिङ्ग की निरपेक्षा से गुणों की पूजा करते हैं।

जनक। हाय यह बड़ा कष्ट है।

अरुन्धती। राजर्षि और क्या है।

परम प्रिय आप के देखे जाने पर वह राजा दशरथ और उसके साथ आप प्रिय बन्धु के मिलने का सुख, और तैसी शिशु जन अर्थात् बालिका सीता और तैसे अति सुखकारी दिन इन सब को इस कौशल्या ने स्मरण किये, इस कारण ये सब उपस्थित हुये, अब स्मरण के पीछे तुम्हारी प्रियसखी कौशल्या इस दारुण और घोर दुख के अच्छे पकजाने पर तैसे सुख के सन्तान के अनन्तर अपने आप को ऐसी शोचनीय अवस्था से शोचित देख कर विमूढ़ हो गई(१) क्यों कि कुलीन कामिनियों का चित्त फूल से भी अधिक कोमल होता है, अर्थात् बड़े शोक के सहने के योग्य नहीं होता है।

जनक। बड़ा कष्ट है, बड़ा कष्ट है, देखो सर्व्वप्रकार मैं निर्दयी हूं, और जो बहुत काल के बीतने पर प्यारे मित्र की प्रिय स्त्री को स्नेह से नहीं देखता हूं।

वह राजा दशरथ मेरा सम्बन्धी स्तुति के योग्य है, और वही मेरा प्रिय बन्धु है, वही मेरा दूसरा हृदय है, वही परम आल्हाद का स्वरूप है, और वही साक्षात् सम्पूर्ण मूर्त्तिमान मेरा जीवन है, मेरे देह का स्वरूप अथवा मेरे जीवन का स्वरूप भी वही है, इस जीवन के स्वरूप से अधिक जो कुछ प्यारा है सो भी मेरा दशरथ ही है, इसी लिये सौभाग्यवान महाराज दशरथ मेरा क्या नहीं है वरन मेरा सभी दशरथ ही है।

वड़ा कष्ट है कि यह वही कौशल्या है।

एकान्त में इस कौशल्या अथवा इसके पति राजा दशरथ का जो अधिक दूषि तथा, स्त्री और पुरुष अर्थात् कौशल्या और राजा दशरथ का जो उदार निन्दाकरने का स्थान, मैं हुआ था, इस दोषरूप निन्दा करने के पीछे परस्पर कोप के शान्ति के विषय में अथवा कोप में मेरी इच्छा के अनुकूल दैव हुआ था, कलह के पीछे दोनोंके मेल करने में जो अमेल करने में मेरी इच्छा के आधीन है, अथवा उन

बन्धुओं के वृत्तान्त के स्मरण से व्यर्थ है, अर्थात् कुछ प्रयोजन नहीं है, जिस लिये कि उन प्रिय लोगों के समाचार का स्मरण मेरे हृदय को खींच कर सन्ताप करता है, तैसे पहिले वृत्तान्त के स्मरण से भी मुझे अति दुःसम सन्ताप होता है।

अरुन्धती। हा बड़ा कष्ट है कि बहुत काल से ठंढी स्वास के रोकने से अति निठुर इस कौशल्या का हृदय हो गया है।

जनक। हा प्यारी सखी! (इस प्रकार कह कर और कमण्डल के जल से छिड़कता है)।

कञ्चुकी। पहिले पहिल बन्धु के तुल्य सुखप्रद अर्थात् सकल सौभाग्य की करनेवाली एक रस, अचल और स्थिर अनुकूलता को दिखला कर, फिर फिर प्रतिकूलता के करने से दारुण और अति कठिन विधि हृदय की व्यथा को नितराम् (१) बढ़ाता है।

कौशल्या। (कुछ सचेत हो कर) हाय

(१) अत्यन्त।

बेटी जानकी तू कहां है, विवाह के संस्कार से उत्पन्न रमणीयता के परिग्रह का एक अद्वितीय भूषण, और बिलासयुत, निर्म्मल हंसने से सुन्दर, मनोहर तेरे मुखकमल को स्मरण करती हूं, और चारो ओर से विलास करती शरद्काल के चन्द्रमा की किरण रूप कान्ति के समान अपने अति रमणीय अङ्गों से हे वत्से तू यहां आ और मेरी गोदी की शोभा कर, देख सर्व्व प्रकार महाराज दशरथ कहते हैं कि यह जानकी बड़े पूज्य रघुवंशियों की बधू है, और फिर हमारी तो जनक के सम्बन्ध से दुहिता ही है।

(कहां है, हम सब को छोड़ कर कहां गई है)

कञ्चुकी। जो महारानी जी आज्ञा करती हैं।

पांच लड़को के अर्थात् राम आदि चारो भाईयों और शान्ता के उत्पन्न करनेवाले राजा दशरथ के सब पुत्रों से सुबाङ्ग नामक रांचस प्रधान का शत्रु राम अधिक प्रिय था,

वैसे ही राजा दशरथ के चार बधुओं में अर्थात् सीता उर्म्मिला आदि के रहते पर भी जैसे कन्या शान्ता प्यारी थी, उसी प्रकार सीता भी प्यारी भई(१)।

जनक। हा प्रिय मित्र महाराज दशरथ, आप ऐसे थे, सर्व्वप्रकार मेरे हृदय के प्रसन्न करनेवाले आप किस भांति विस्मरण होते हैं।

क्यों कि, निश्चय से कन्या आदि के पिता आदि जामाता के पिता गुरूजन आदि का पूजन करते हैं, विवाह सम्बन्ध के होने पर भी आप का आराधन मुझ में उलटा हुआ, जिस निमित्त की आपने मित्रबुद्धि से मेरे लिये विवाह सम्बन्ध के अनुरूप आचरण नहीं किया है, क्यों कि तैसे मेरे बड़े प्यारे मित्र भी आप कालरूप यम से स्वर्गलोक को भेजे गये, इस घोर और भयानक नरक तुल्य संसार में बन्धुहीन होने से नरक के समान

(१) राजा दशरथ ने सीता को अपनी कन्या के समान देखा था।

दुखदायी इस लोक में मुझ पापी के सम्बन्ध का वह बीज अर्थात् विवाह के सम्बन्ध का मूल जीवन को धिक्कार है, वरन तुम्हारे बिना मेरा प्राण का रखना केवल दुःख ही के लिये है।

कौशल्या। बेटी जानकी, अब मैं क्या करूं, कठिन वज्रलेप के समान दृढ़ क्षतबन्धन से बन्धा स्थिर और निश्चल मेरा जीवन मुझ मन्दभागिन को नहीं छोड़ता है।

अरुन्धती। हे राजपुत्री धीरज धरो, एकान्त ही में शोक का त्याग करना चाहिये, और भी तुम्हारे कुलगुरु ने ऋष्यश्रृङ्ग के आश्रम से जो कुछ कहा था उसे क्या आप नहीं स्मरण करती हैं, यह तो होनहार था सो हुआ, किन्तु फिर भी अन्त में यही मङ्गलकारी होगा, (अर्थात् परिणाम में हितकारी होगा)।

कौशल्या। हे भगवती, मेरा मनोरथ अतिक्रान्त हुआ, (अर्थात् मेरी सब आशा दूर गई)।

अरुन्धती। हे राजपुत्री कौशल्या उस कुलगुरु के वचन को आप क्या झूंठ मानती हैं, हे उत्तम क्षत्रिया इसे झूंठा नहीं मानना चाहिये, यह ऐसा ही होगा।

ब्रह्म साक्षात्कार करनेवाले वशिष्ठ जी आदि ब्राह्मणों के कहे वचनों में संशय न करना चाहिये, क्यों कि इन वशिष्ठ जी आदि की वाणी में सत्यरूप मङ्गलमयी लक्ष्मी स्थित है, इसी लिये ये लोग मिथ्या-वाणी को नहीं कहते हैं, इसी कारण यह परिणाम में मङ्गल-कारी होगा।

(नेपथ्य में शब्द हुआ) सब लोग सुनते हैं।

जनक। आज निश्चय से वशिष्ठ जी आदि बड़े लोगों के आगमन के कारण खेलनेवाले बालकों का बड़ा उत्कट यह शब्द हुआ है।

कौशल्या। बालकों का स्वभावसिद्ध परस्पर बन्धुत्व होता है।

(अच्छे देख कर) आश्चर्य है कि रामभद्र की शोभारूप लक्ष्मी के सदृश इन बालकों के मध्य यह बालक कौन है, जो बल में पूर्ण

मनोहर सुन्दर और कोमल अपने अङ्गों से हमारे लोचनों को आनन्द करता है।

अरुन्धती। (आप ही आप प्रसन्नतापूर्व्वक बड़ी चाह से छिपाती बोली) जान्हवी जी ने एकान्त में जो यह कर्णामृत गोप्य जन्मान्तर के वृत्तान्त का रहस्य मुझसे निवेदन किया था, वह कानों को परम सुख का उत्पन्न करनेवाला अमृत के समान है, परन्तु फिर मैं नहीं जानती हूं कि चिरञ्जीव कुश और लव दोनों में से यह कौन है।

जनक। काले कमल के पत्ते के समान श्यामवरन मधुर काकपक्ष के समूह ही का एक भूषण रखनेवाला, तथा पवित्र शोभा से युत और अपनी उत्तम सुन्दरता की कान्ति से अपने साथ के बालकों के झुंड को शोभित करता, वही मेरा वत्स रघुनन्दन जो यह शिशु शीघ्र देखने हीं से मेरी आंखों को सुधारूप कज्जल लगाने से उत्पन्न सुख को करता है, सो यह कौन है।

कञ्चुकी। निश्चय चत्रिय ब्रह्मचारी यह बालक है, मैं ऐसा जानता हूं।

जनक। ऐसा ही यह है, देखो।

पीठ के दोनों भाग में शिखा को स्पर्श करनेवाले वाणों के रखने की दो तूणीर का धारणकरनेवाला, और भस्म की विभूति को बिन्दु के पवित्र चिन्ह से शोभित, और छाती में रुरु मृगविशेष के चर्म्म के वस्त्रवाला, और धनुष की रस्सी बनाने की उपकारी लताविशेष की मौर्वी मेखला, अर्थात् ब्रह्मचारी के धारण करने के योग्य कर धनी से बन्धा, और मजीठे के रङ्ग से रङ्गे वस्त्र का पहिनेवाला, और भी हाथ में धनुष और रुद्राक्ष की जप करने की माला, और पीपल के दण्ड का रखनेवाला है, इन बातों से जान पड़ता है कि यह चत्री ब्रह्मचारी है।

हे भगवती अरुन्धती जी, यह कहां का है आप क्या जानती हैं।

अरुन्धती। आज ही हमलोग भी आये हैं।

जनक। हे बड़े गृष्टी मुझे बड़ा आश्चर्य

है, इस कारण तुम जा कर भगवान् बाल्मीकी जी को ही पूछो, और इस बालक को से कहो कि तुमको कुछ एक बड़े बूढे लोग देखने चाहते हैं।

कञ्चुकी। जो महाराज आज्ञा करते हैं, (ऐसा कह कर निकला)।

कौशल्या। क्या कहते हो, ऐसा कहो जिससे वह आवे।

अरुन्धती। ऐसे मधुर और सुन्दर स्वरूपवाले का विनय आदि सत्चरित क्या भिन्न होता है(१)।

कौशल्या। (विचार करती) देखो कैसा विनययुक्त दृष्टि के वचन को सुन कर और साथी ऋषिबालकों को छोड़ कर इधर ही सन्मुख वह लड़का चला आता है।

जनक। (बहुत कालतक विचार कर) देखो जी यह क्या है, इस लड़के में नम्रता और लड़कपन के मनोहरत्व से शोभित, तथा

---

(१) अर्थात् ऐसा सुन्दर स्वरूपवाला यह बालक गुरुजनों की कथा की रक्षा से हीन न होगा।

निपुण मतियों से ग्रहण के योग्य और अज्ञानियों से ग्रहण करने के अयोग्य बड़ाईयों की आधिक्यता देख पड़ती है, बहुत छोटा अयस्कान्त मणि का टुकड़ा जैसा लोह धातु को अपनी ओर खैंचता हैं, तैसा बड़ा बलवान् सम्मोह, हर्ष से जड़ता को पहुंच कर, तपस्या से स्थिर मेरे मन को अपनी ओर खैंचता है।

लव। (भीतर आ कर आप ही आप) जिन लोगों के नाम और कुल अज्ञात हैं उन पूज्यों को हम अपने आप किस रीति प्रणाम करेंगे, (विचार कर) फिर यह शास्त्र से अविरुद्ध प्रकार है जो वृद्धों से सुनते हैं (विनय से निकट जा कर) आप सब को लव का प्रणाम है।

अरुन्धती और जनक। चिरञ्जीव बहुत कालतक जीवो।

कौशल्या। हे मेरे वत्स असंख्य कालतक जीवो।

अरुन्धती। यहां आओ बेटा, (ऐसा कह कर और लव को गोद में ले कर आपही आप) भाग्य से केवल मेरी गोद ही नहीं पूर्ण भई, वरन बहुतकाल से मेरा मनोरथ भी पूरा भया॥

कौशल्या। वत्स यहां भी आओ, (लव को गोद में ले कर) आश्चर्य है कि थोड़े फूले नील कमल के समान श्याम वरण, और ऊंचे पुष्ट शरीर के अङ्गों से, कमल के केसर के खाने से लाल कण्ठ और मधुर गम्भीर बोलने-वाले राजहंस की मेघ-ध्वनि के तुल्य और रसयुक्त अनुकरणकारी बड़े गम्भीर शब्द के बड़े भारी स्वर से, केवल रामभद्र की बराबरी नहीं करता है, किन्तु कठिन कमल गर्भ के तुल्य सुकोमल रामभद्र के समान इस वत्स का स्पर्श भी है, बेटा तबतक तेरा मुख देखती हूं (उसकी ठोड़ी ऊपर को उठा कर विचार करती और आश्चर्य से ठंढी सांस भरती बोली) हे राजर्षि इसके मुख को आप क्यों नहीं देखते हैं, अच्छे प्रकार देखने से बेटी

बधू जानकी के मुखचन्द्र के सदृश ही इसका मुख जान पड़ता है।

जनक। देखता हूं सखी देखता हूं।

कौशल्या। आश्चर्य्य है कि मेरा हृदय उन्मत्त सा हो गया है, कुछ भी अकथनीय सीता के मुख के तुल्य इसके मुख ने मुझे ठग लिया है।

जनक। (विचार कर) बेटी सीता और रघु-वंश के धुरन्धर रामचन्द्र की वह प्रसिद्ध मूर्त्ति, और वही कान्ति, वही बोलना, और वही विनय, इस बालक में सब प्रतिबिम्ब हो कर एकट्ठे भये हैं, और इसी प्रकार स्वभाव-सिद्ध पवित्र प्रभाव है, बड़े खेद की बात है कि मेरा चञ्चल मन किस कारण यह बालक सीता का है, इन कुपथों में दौड़ता है।

कौशल्या। बेटा तेरी मा है, और अपने पिता को स्मरण करता है।

लव। नहीं नहीं।

कौशल्या। तब तूं किसका पुत्र है।

लव। भगवान् वाल्मीकी जी का हूं।

कौशल्या। अये प्यारे कहने की बात कह।

लव। इतना ही जानता हूं।

( नेपथ्य में शब्द हुआ )

हे हे सेनावाले निश्चय से कुमार चन्द्रकेतु यह आज्ञा करता है, कि तपोवन के आश्रम के निकट स्थान में कोई न जावे।

अरुन्धती और जनक। अये अश्वमेध यज्ञ के अश्व की रक्षा के प्रसङ्ग से वत्स चन्द्रकेतु आया है, इस लिये उसे देखना चाहिये इस निमित्त आज का अच्छा दिन है।

कौशल्या। वत्स लक्ष्मण का पुत्र आज्ञा करता है; यह अमृत तुल्य मधुर वचन सुन पड़ते हैं।

लव। हे आर्य्य चन्द्रकेतु नाम यह कौन है।

जनक। तू जानता है कि राजा दशरथ के राम लक्ष्मण ये लड़के हैं।

लव। ( हां ठीक है ) येही रामायण कथा के नायक हैं।

जनक। तो अब क्या।

लव। उन लोगों को क्यों नहीं जानता हूं।

जनक। उस लक्ष्मण का पुत्र यह चन्द्रकेतु है।

लव। तो उर्म्मिला का पुत्र मिथिला देश के राजर्षि का दौहित्र है।

अरुन्धती। (हंस कर) रामायण कथा की चतुराई वत्स ने प्रगट की।

जनक। (विचार कर) जो तू कथा में ऐसा प्रवीण है, तो वतला तवतक पूंछता हूं कि, राजा दशरथ के लड़कों के किस नाम से कौन कौन लड़के हैं, और किस किस स्त्रियों में उत्पन्न हुये हैं।

लव। यह कथा का प्रविभाग हम सबो ने वा औरौं ने अवतक नहीं सुना है।

जनक। कविने क्या अवतक नहीं वनाया।

लव। वनाया तो पर अवतक प्रकाश नहीं किया, और निश्चय से उसी का कोई भी एक भाग दूसरे अर्थ के प्रयोजन से रसवान और अभिनयार्थ किया,(१) और उसी अपने

(१) अर्थात् नटों की अङ्ग चेष्टा से जो कर्थ प्रकाश

हाथ के लिखे हुये पुस्तक को भगवान बाल्मीकी मुनि ने नाच गान वाद्य के सूत्रकार भरत मुनि के निकट भेजा है।

जनक। किस लिये।

लव। वह भगवान भरत मुनि अवश्य उस भाग को अप्सराओं को शिखलावैगे।

जनक। वह हम सब को बहुत आश्चर्य्य का उत्पादक है।

लव। फिर उस रामायण की कथा में भगवान् बाल्मीकी का बड़ा यतन है, बाल्मीकी जी ने किसी शिष्य के हाथ वह पुस्तक भरत जी के आश्रम में भेजी है, और उसकी रक्षा के निमित्त उसके साथ धनुषधारी मेरे भाई को भी भेजा है।

कौशल्या। बेटा तेरे भाई भी है।

लव। मेरा आर्य्य कुश नाम भाई है।

---

किया जाता है, जैसे अभिनय तो वह है जो नटलोग अपने अङ्गो से राम और युधिष्ठिर आदिक के अवस्थाओं का अनुकरण करते हैं।

कौशल्या। ज्येष्ठभाई है, जो आर्य्य इस पद से कहा गया है।

लव। यह ऐसा ही है, उत्पत्ति के क्रम से निश्चय वह बड़ा है।

जनक। हे चिरञ्जीव क्या तुम दोनों भाई साथ उत्पन्न भये हो।

लव। तब क्या।

जनक। तो बतला रामायण कथा की कल्पना का कैसा क्रम है।

लव। झूंठे पुरजन के अपवाद से व्याकुल राजा ने देवताओं के यज्ञस्थान पृथिवी से उत्पन्न रानी सीता को घर से बाहर निकाल दिया, उस निकट प्रसव की वेदनावाली और अकेली को बड़े बन में छोड़ कर लक्ष्मण फिर लौट गये. (ऐसा क्रम है)

कौशल्या। हाय बेटी रमणीय चन्द्रमा के समान सुन्दर मुखवाली, फूल के तुल्य सुकुमार तेरे शरीर का और अकेली तेरा अब दैव के कोप से यह क्या परिणाम हुआ।

जनक। हाय बेटी,

निश्चय बिना जाना गया अति घोर परित्याग रूप अपमान, और इसी प्रकार पुत्र जनन के समय की उठी वेदना को पा कर, और चारो ओर से घेरते राक्षससमूहों को होने से अधिक डरती हुई तू ने वार वार मुझे कहा कि हे तात मेरी रक्षा करो, कहां हो, ऐसा वार वार तूने मेरा स्मरण किया।

लव। (अरुन्धती के ओर) हे श्रेष्ठ ये दो नों कौन हैं।

अरुन्धती। यह कौशल्या, और यह जनक है।

लव। वड़े आदर और खेद से आश्चर्ययुत हो कर देखता है।

जनक। देखो दुष्ट पुरजनों की कैसी दुरात्मता है,(१) और राजा राम का विना विचार किये शीघ्र करना यह आश्चर्य्य है।

यह सीता विषयक हिंसारूप अति घोर

(१) अर्थात् दुर्मर्य्यादता अन्याय पथ की स्थिति, पतिव्रता के कुल के समूहों की शोभारूप सीता के चरित्र में अपवाद के लगाने से स्पष्ट है।

दारुण वारम्वार वज्र के समान अपने कोप के गिरते हुये के देखनेवाले को धनुष वाण से अथवा शाप के देने से जला देने का यह समय है(१)।

कौशल्या। हे भगवती अरुन्धती कोपित राजर्षि जनक को प्रसन्न करो, और राम की रक्षा करो रक्षा करो।

अरुन्धती। निश्चय दूसरे से अपमान पाये तेजस्वी पुरुषों का धनुष वाण अथवा शाप इनमें से कोई शान्त होने का उपाय है, अथवा मनस्वी लोग प्राण के जाने पर भी अपमान के दुख को नहीं सहते हैं, अपमान करनेवाले को धनुष आदि से दण्ड देते है, इस विषय में तो तैसा प्रायश्चित्त करना उचित नहीं है, इस लिये कि हे राजन आप का राम पुत्र है,

(मित्र के पुत्र होने से आप का भी पुत्र

(१) अर्थात् मेरा यह राम के लिये अस्त्र प्रयोग और शाप आदि से सीता के परित्याग से उठे कोप के प्रकाश करने का यह समय है।

ही है) और तैसे ही दीन प्रजा भी रक्षा के योग्य है, राम के दुखी होने पर प्रजा अनाथ हो जायगी।

जनक। अथवा चाप और शाप ये दोनों प्रयोग रूप दण्ड रघुनन्दन में नहीं हो सकते क्यों कि रामरूप मेरा पुत्र का पात्रविशेष मूल धन है, मेरे स्नेह का पुत्र रूप एक स्थान है, और तथा बहुत से ब्राह्मण-लड़के बूढ़े विकल आतुर आदि और स्त्रियों के समूह ये सब जिसमें हैं ऐसे प्रजासमूह को पालन करने के योग्य हैं।

(ऋषिबालक भ्रम से भीतर आ कर बोले) हे कुमार लव, पशु शास्त्र से कथित अश्व अश्व, ऐसा कोई भी जीवविशेष जनपद में सुनाई देता है, वही यह हम सबों ने अभी प्रत्यक्ष किया है।

लव। अश्व अश्व ऐसा वहां पशु-शास्त्र में और युद्धशास्त्रमें पढ़ा जाता है, इस निमित्त कहो बहुत कैसा है।

लड़के। सुनिये,

पीछे बड़ी पूंछ का रखनेवाला यह अश्व वारम्बार उस पूंछ को हिलाता है, और तैसे बड़े कंठ और चारो खुरों से युक्त नरम घासों को खाता हुआ आम के फल के समान विष्ठा के टुकड़ों को त्याग करता है, अथवा बहुत कहने से क्या फल है फिर वह दूर जाता है इस लिये यहां आओ आओ हमलोग भी उसी अश्व के निकट चलें।

(ऐसे कहते पास आ कर लव के मृगचर्म्म और हाथों को खेंचते हैं)

लव। (आश्चर्य्य से रोकता और विनय से बोला) हे वड़े लोग, देखो देखो ये सब मुझे लिये जाते हैं, (ऐसे कह कर और घूम कर शीघ्र जाता है)

अरुन्धती और जनक। वत्स अपनी इच्छा को पूरी करै।

कौशल्या। हे भगवती, मैं जानती हूं, कि इसे न देखूंगी तो मैं न जीऊंगी, इस कारण अन्यत्र चल कर हम सब जाते हुये बड़ी आयूवाले को तवतक देखें।

अरुन्धती। वह चञ्चल बड़े वेग से अति दूर गया, अब क्यों कर देख पड़ेगा।

कञ्चुकी। ( भीतर आ कर बोला कि ) भगवान बाल्मीकी ने कहा है कि आपलोगों को इस समय में जानना चाहिये।

जनक। शिशु सम्बन्धी वृत्तान्त बड़ा गम्भीर है ( कुछ भी नहीं कहने के योग्य ) क्या होगा, हे भगवती अरुन्धती, हे सखी कौशल्या, हे आर्य्य गृष्टी, आप ही हम सब चल कर भगवान प्राचेतस को देखें।

( ऐसे कह कर वृद्धों का समूह निकला )

लड़के। उस आश्चर्य को कुमार ही देखे।

लव। ( देखा और जाना ) निश्चय यह, अश्व अश्वमेध यज्ञ का है।

लड़के। आपने कैसा जाना।

लव। क्या तुम सब मूर्ख हो, अश्वमेध यज्ञ के प्रकरण के काण्ड में आप सबों ने पढ़ा ही है, क्यों नहीं देखते हैं, देखो प्रत्येक सैकड़ों कवच पहने, घोड़ चढ़े, लठ्ठवाले, और धनुष बाणवाले, रक्षक लोग विद्यमान हैं,

बहुधा वह वैसा ही दिखलाई देता है, जो इसमें विश्वास न होवे तो जा कर पूछो।

लड़के। क्या हो क्या हो किस प्रयोजन से यह अश्व चारो ओर से घिरा डोलता फिरता है।

लव। ( कुछ चेष्टा करता आप ही आप ) अरे अश्वमेध यह यज्ञ, विश्व-विजयो क्षत्रियों का बड़ा बलवान, और सब क्षत्रियों का पराभव रूप बड़ाई की आधिक्यता की परीक्षा का स्थान है।

( परदे के भीतर शब्द हुआ )

सातो भुवन में एक वीर, ( अर्थात् जिसके समान दूसरा पराक्रमी न होवे ) उसका और रावण के वंश के नाश करनेवाले राजा रामचन्द्र के अश्वमेध यज्ञ का यह घोड़ा है और यह पताका है, वरन अश्व और पताका रूप मूर्त्तिमती वीर की ध्वनि है, अर्थात् वीर का एक प्रचार है।

लव। ( मन में दुखी होता हुआ )

आश्चर्य है कि अधिक क्रोध के जगानेवाले अक्षर सुनाई देते हैं।

लड़के। क्या कहते हैं,(१) कुमार बुद्धिमान है वही इस अर्थ को जानेगा।

लव। क्या हो क्या हो, क्या पृथिवी क्षत्रियों से शून्य भई,(२) जिसका रण अति गर्वित बोलते हो।

( परदे के भीतर शब्द हुआ ) अरे महाराज के सन्मुख कहां चले हैं।

लव। मूर्ख तुम सबको धिक्कार है।

जो वे वीरपुरुष हैं तो संसार में रहैं, उनकी कथा से हमको कुछ प्रयोजन नहीं है,

---

(१) किस प्रयोजन के निमित्त यह अश्व चारों ओर रक्षकों से घिरा हुआ डोलता फिरता है, इसको जानने की इच्छा से जो सेनावालों ने यह अश्व पताका आदि कहा, उस अर्थ के जानने को हम सब समर्थ नहीं हैं इस कारण।

(२) अर्थात् अश्वमेध यज्ञ के अश्व के रोकनेवाले के न होने से वीरहीन भई।

परन्तु यह दूसरी डरानेवाली, यह अश्वपताका आदि भय की दिखलानेवाली क्या है, इसमें मैं नहीं डरता हूं, और अधिक बकने से क्या फल है, मारे बाणों के वेधी तुम्हारी पताका को मैं हरन करूंगा।

अरे लड़को, लौट कर ढेलों से मारते और पीटते इस घोड़े को लाओ, निरपराध यह घोड़ा मृगों के मध्य चरै।

( भीतर आ कर क्रोध और अभिमान से सेना पुरुष बोला )

अरे चञ्चल तुझे धिक्कार है, क्या बकता है, बड़े प्रचण्ड और निर्दयी शस्त्रधारियों का समूह तुझ छोटे बालक की गर्वित बाणी को भी न सहैंगे, और धनुष बाण को चढ़ाया हुआ राजपुत्र चन्द्रकेतु भी अपूर्व्व वन की शोभा के देखने में लगा है और ऐसा आश्चर्य्य में चित्त लगाया है कि अब भी नहीं आता है, इस लिये इन सघन पेड़ों की ओर से छिपे तुम सब भागजावो।

लड़के। हे कुमार, इस घोड़े से कुछ प्रयोजन नहीं है, चमकते शस्त्रवाले और आयुधधारियों के समूह आपको धमकाते हैं, और यहां से आश्रम का स्थान बहुत दूर है, इस कारण यहां आओ हम सब हरिणों की कुलांच के समान भाग चलें।

लव। क्या प्रसिद्ध शस्त्र चमकते हैं।

( धनुष को चढ़ाता हुआ बोला )

धनुष की प्रत्यञ्चारूप जीभसे भूषित और भयानक किनारे हैं दांत के तुल्य जिसके ऐसे धनुष के अग्रभाग के दो दांत के सदृश दोनों किनारेवाला, तथा घोर सुनने में भयजनक घर घर ऐसे शब्द का उत्पन्नकरनेवाला, और ग्रास करने में तत्पर अर्थात् विश्व के लीलने में उद्यत और हंसता हुआ यमराज के मुख-यन्त्र की जृम्भा को अनुकरण करता हुआ, और उसके समान वैसा ही उदरवाला, मेरा यह धनुष होवे।

( ऐसे कह कर जैसा चाहिये तैसा इधर उधर डोलते फिरते सब निकले )

यह कौशल्या और जनक के योग नाम चौथा अङ्क सम्पूर्ण हुआ।

दोहा।

कौशल्या अरु जनक को जानकि भयो मिलाप।
चतुर्थ अङ्क पूरण भयो निर्म्मल विषय कलाप॥

## पञ्चम अङ्क ।

( परदे के भीतर शब्द हुआ ) हे हे सेनावालो हमलोगों को अवलम्बन मिला अवलम्बन मिला,* क्या हो देखो ऊंची नीची धरती में चलने के प्रतिघात से हिलती चलती कोविदार नाम वृक्ष की वनीरथ की केतुरूप पताका जिसकी ऐसा यह चन्द्रकेतु हमलोगों के युद्ध का होना सुन कर बहुत शीघ्र सुमन्त्र सारथी से भी अधिक चलाये जल्दी दौड़नेवाले और बड़े वेगवाले घोड़े हैं जिसमें ऐसे रथ से आता है ।

( इसके पीछे सुमन्त्र सारथि के चलाये रथ से धनुष हाथ में ले कर हर्षयुत आश्चर्य सहित चन्द्रकेतु प्रवेश करता है )

चन्द्रकेतु । हे श्रेष्ठ सुमन्त्र देखो, रघुवंश का अपरिचित भया अंशुश्रा सब ओर सेनाओं के शरीर में, हाथियों के कपोल क गांठि का तोड़नेवाला तथा टङ्कार से भयानक

और ज्वलित हजारों बाणों का रखनेवाला तथा सहायहीन अकेला मुनिजनों का बालक मुझे आश्चर्य्य करता है।

और, कुछ कोप से लालवर्ण मुख की शोभारूप श्रीका रखनेवाला, तैसा ही चञ्चल और लम्बी चूड़ा की शिखा अथवा छिलके की पाग का धारणकरनेवाला, तैसा कोई भी विना जाने वंशके जन्म और वृत्तान्तवाला, यह वीर छोटा लड़का वारम्वार धनुष की शब्द करनेवाली प्रत्यञ्चा की कोटी के अग्रभागवाले ऐसे धनुष से रण के मध्य में सेनाओं के ऊपर तुषारों की धाराओं की समान बाणरूप वर्षा को करता है।

आश्चर्य्य है आश्चर्य्य है।

सुमन्त। हे चिरञ्जीव।

देव और दानवों के पराक्रम के जीतनेवाले, और तुम्हारे ही तुल्य रूप इस बालक को देख कर, कुशिक सुत विश्वामित्र के यज्ञ के विघ्नकारी राक्षसों के जीतने को धनुषधारी रघुनन्दन श्रीरामचन्द्र को स्मरणकरता हूं।

(अर्थात् यह बालक, बालक राम के देह से अभिन्न देह जान पड़ता है)

चन्द्रकेतु। इस एक के साथ हमारे बहुत से सेनावालो के युद्ध का आरम्भ है इस कारण मेरा हृदय लज्जित होता है।

यह अकेला बालक, समर की भूमि से उठि धूलियों मे बहुधा चमकते भयानक, कर-पल्लव से पकड़े शस्त्र के समूहों से, तथा शब्दाय-मान सोने की करधनी के शब्द से, झंझन यह शब्द करनेवाले रथीयों से, तथा अधिक मदरूप जल के स्रावी मेघ के समान हाथियों के समुदायों की सेनाओं से, घिरा हुआ है।

सुमन्त। वत्स इन सब एकट्ठी सेनाओं से इस बालक का कुछ भी अहित नहीं हो सकता, फिर क्या जुदे जुदे युद्ध करनेवाली इन सेनाओं से भी इसका कुछ अहित हो सकता है।

क्या कहना चाहिये, जब सेना के लोग इकट्ठे मिल कर एक समय युद्ध करनेवाले भी इस लड़के के जीतने को समर्थ नहीं हो

सकते हैं, तो द्वन्द युद्ध करनेवाले इन्हों से इसका पराजय कभों भी नहीं हो सकता है।

चन्द्रकेतु। हे आर्य्य जल्दी कीजिये इस लिये की इसने हमारे आश्रितजनों का बड़ा भारी मर्दन आरम्भ किया है। देखिये।

चारो ओर से गोलनेवाले ये गिरिरूप कुञ्ज के हाथियों के घटा के समूहों में अधिक उत्पन्न कान का पीडा देनेवाला, तैसे नगाड़ों के शब्दों से नादित और विशाल ऐसे धनुष की प्रत्यञ्चा के उठे टङ्कार से शब्द को ऊंचा प्रगट करता महापराक्रमी लव, दौड़नेवाले भयानक और बहुत मस्तक कटों के समूहों से, तथा अधिक मनुष्य के देह के भोजन से तृप्त कालरूप यमराज के भयङ्करमुख के खाने के बचों से, रणभूमि को आच्छादित करता है।

सुमन्त। (आप ही आप) ऐसे वीर के साथ वत्स चन्द्रकेतु का बराबर युद्ध का करना मैं क्यों कर जानूं (विचार कर) अथवा इक्ष्वाकु के घर के हमलोग वृद्ध हैं, निश्चय युद्ध के उपस्थित होने पर क्या गति होगी।

चन्द्रकेतु। (आश्चर्य और लज्जा से युत भ्रम से) धिक्कार है कि हमारी सेना के लोग सब ओर से भाग गये।

सुमन्त्र। (रथ को जलदी चला कर) हे आयुष्मान् तुमारे लोगों से बह यह बड़ा वीर कहा गया है।

चन्द्रकेतु। (भूल में आ कर) हे आर्य्य मेरे, पुकारनेवालों ने इसे किस नाम से पुकारा है।

सुमन्त्र। वत्स, लव ऐसा कहा है।

चन्द्रकेतु। हे महाबाहो लव इन सेनाओं से आप को क्या फल है,
(अर्थात् इनके बध से आपकी क्या प्रतिष्ठा है)
देखो, यह मैं आया इस निमित्त मेरे निकट आओ कि तुम्हारा तेज हमारे तेज से ठंढा होवे, (अर्थात् पराभव को पहुंचे)।

सुमन्त्र। कुमार, देखो देखो।
तुमसे द्वन्द्व युद्ध के निमित्त पुकार कर बुलाया हुआ और संपूर्ण सेना के विनाश से जैसे बड़ा गर्व्वित सिंह का बच्चा हाथियों के

झुण्ड के मारने से मेघ शब्द को सुन कर मेघ-शब्द के ओर लौटता है, तैसे लौटा।

( इसके पीछे महा पराक्रमी लव शीघ्र आता है )

लव। साधु राजपुत्र साधु सच है कि इक्ष्वाकु का वंशोद्भव निश्चय तू है, इस कारण यह देखो मैं लौट ही आया हूं।

( परदे के भीतर बड़ा शब्द हुआ )

लव। ( बड़े वेग से पीछे को लौट कर ) अब क्यों कर मेरे बानों से भिन्न देह भागी हुई भी फिर लौट आ कर मेरे साथ युद्ध करने की अभिलाषा करनेवाली सेना और सेनापति लोग निकट आ कर मुझे मारते हैं, उन सब को धिक्कार है।

यह चारो ओर की दिशाओं से ऊपर फैलता बड़ा विशाल और भयानक सेनाओं का कोलाहल रूप शब्द, प्रलयकाल के उठे पवन से चारो ओर टकराते समुद्र के प्रवाह के समान सैलों के मारने से अर्थात् प्रलय-काल के पवन से उखाड़े पर्व्वतों के गिरने के

धमक से वड़वानल अग्नि के तुल्य महाभय कारी मेरा क्रोधानल, एक क्षण में, सब सेनासमूह को ग्रास करै। ( ऐसे कह कर घूमने लगा )।

चन्द्रकेतु। भो भो कुमार अतीव आश्चर्य्य-कारी पराक्रम रूप गुणों के अधिकता से हमारे प्रिय हो, इस कारण से आप हमारे मित्र हैं, इसी लिये जो हमारे अधिकार मे है वह आप के अधिकार में ही है, इस हेतु से अपने मित्र के अधिकार में होने के कारण अपने सेवक सेना आदिक में किस निमित्त पीड़ा करते हैं(१) निश्चय यह चन्द्रकेतु मैं तुम्हारे पराक्रम की परीक्षा का स्थान हूं, इस कारण मुझ से तुम्हारे बल की परीक्षा होगी।

लव। ( हर्ष और आश्चर्य्य से इधर को लौट आ कर )।

वड़ा आश्चर्य्य है, देखो, महानुभाव सूर्य्य-वंश के कुल के कुमार को प्रसन्न और

---

(१) अर्थात् अपने आधीनों को पीड़ा देना आप सदृश वीरों को उचित नहीं है यह तात्पर्य्य है।

कठोर वीर-वचन की बोली है, इस कारण इन सैनिकों से क्या फल है, वरन इस ही की सम्भावना तब तक करूं।

( फिर परदे के भीतर बड़ा शब्द हुआ )

लव। ( बड़े क्रोध के सहित अच्छे जान कर ) वीर की सम्भावना के विघ्न करनेवाले इन सेना के शब्दों से मैं बारम्बार व्याकुल किया गया हूं।

( उन सेनाओं के ओर जाता है )

चन्द्रकेतु। हे आर्य्य, देखिये यह देखने के योग्य है।

कौतूहल के उत्पन्न करनेवाले वीरोचित अभिमान से मेरे में निसाना का बांधनेवाला, तथा पीछे मेरी सेनाओं से पीछा किया गया बड़े धनुष का रखनेवाला, यह लव, दो प्रकार की गति से, अर्थात् अच्छे उठे पवन से चञ्चल और इन्द्रधनुष के धारण करनेवाले मेघ की शोभारूप लक्ष्मी की समान, शोभा को, धारण करता है।

सुमन्त्र। हे कुमार तुम हीं इसे देखने

को भी जानते हो, हमलोग तो केवल आश्चर्य्य के आधीन होगये है।

चन्द्रकेतु। अरे हे हे राजालोग।

अनगिनित संख्यायुत और हाथी घोड़ा रथों पर चढ़े, तथा वर्मतरों को पहिने, और बड़े वयक्रमवाले, तुम सब से, पांव से चलनेवाले, गज तुरग आदि से हीन, अकेला साधनहीन, पवित्र मृगचर्म्म के रखनेवाले, और कवचादि हीन, बालकपने से सहज सुन्दर, शरीरवाले, इस लव में, जो यह समर में उद्यम किया गया है, इससे आप सब को धिक्कार है, और हमको भी धिक्कार है।

लव। (मोह से) बालक है इस बुद्धि से युद्ध से सेनाओं के रोकने से मेरे ऊपर किस लिये दया का प्रकाश करते हो, (विचार कर) होवे, काल विलम्ब के रोकने के लिये और शीघ्र विजय-लाभ के अर्थ जृम्भक नाम अस्त्र-विशेष से तवतक सेनाओं को निद्रा के आधीन करता हूं।

(ऐसे कह कर ध्यान करता है)

सुमन्त। सो किस कारण, हमारी सेना में अचानक सेना का किया युद्ध के उत्साह क्षत कोलाहल रूप शब्द बन्द हुआ है।

लव। अब बड़े अभिमानी इसको देखता हूं।

सुमन्त। (भ्रम के सहित) वत्स मैं जानता हूं कि इस कुमार ने जृम्भकास्त्र का प्रयोग किया है।

चन्द्रकेतु। इसमें क्या सन्देह है।

इस सेनाओं के बीच में, अन्धकारमय और विद्युत्सम्बन्धी तेजोमय भयानक समूह यह क्या आकर गिरा, इसके देखने को सेनाओं के भेजे हुये चक्षु को पहिले निगल गया पीछे छोड़ दिया तैसा करता हुआ क्लेश देता है, आंखो को क्लेश देने के पीछे यह सेना का समूह लिखे हुये चित्र के समान कुछ चलती फिरती नहीं ऐसी ठहरी है, इस कारण मैं जानता हूं कि निश्चय अतुलित पराक्रम यह जृम्भकास्त्र ही प्रकाशित होता है।

जृम्भकास्त्र पहिले अन्धकार पीछे प्रकाश उसके पीछे निद्राको उत्पन्न करता है

(बड़ा आश्चर्य है आश्चर्य है)

देखो, प्रलय काल की प्रवृत्ति के होने से कठोर और भयजनक पवनों से चलाये, और विद्यमान हैं मेघ जिन में ऐसे मेघान्धकार के समान मैले, तथा बिजुलि के चमक से पीले वरणवाले गुफाये है जिन्हो के ऐसे विन्ध्य पर्व्वत के समान, और पाताल के उदररूप कुंज में अति समूहभूत अन्धकार के सदृश अति कृष्णवरण तथा अग्नि के ताप से अधिक दीप्तमान पीतल के आभरण के तुल्य जोतिरूप ज्वाला को दीप्तिवाले.ऐसे जृम्भकास्त्रोंसे आकाश मण्डल परिपूर्ण करता है।

सुमं। फिर जृंभकास्त्र की सिद्धि इस को कहां से हुई है।

चन्द्र। हम जानते हैं कि भगवान वाल्मीकी से मिले हैं।

सुमं। भगवान वाल्मीकी का परिचय

अस्त्रो में नहीं है, विशेष कर जृम्भकास्त्रो में भी नहीं है।

जिसलिये कि, ये जृम्भकास्त्र कृशाश्वमुनि के पुत्र भूतहैं, अर्थात् कृशाश्वमुनि हीं ने पहिले तप कर के इन जृम्भकास्त्रों को उत्पन्न किया पीछे कुशिक के पुत्र विश्वदो मित्र विश्वामित्र को दिये, फिर विश्वामित्र ने शिष्य की परम्परा से रामभद्र को दिये, राम ने विश्वामित्र से उन के यज्ञ के विघ्नकारी राक्षसों के बध करने के समय में समस्त जृम्भकास्त्र पाये थे।

चन्द्र। जिनलोगो में सत्वगुण का विशेष आविर्भाव हो गया है, वे आपही समस्त जृम्भकास्त्र के देखने को समर्थ होते हैं।

सुम। वत्स, तुम सावधान हो देखो यह बड़ा वीर लौटता आता है।

कुमारों ने आपस में एक दुसरे के ओर, आश्चर्य है कि कुमार बड़ा, प्रियदर्शन है।

स्नेह के सहित अनुराग पूर्व्वक वर्णन करते।

क्या है, यह अकस्मात् संभ्रम अथवा वीरत्व

आदि गुणों को अधिकता अथवा अति प्राचीन जन्मान्तर का दृढ़ मृत भ्रातृत्वरूप सम्बन्ध जिस में ऐसा परिचय है, अथवा दैवयोग से अविज्ञात स्वकीय भ्रातृत्वरूप कोई भी सम्बन्ध विशेष हैं, क्योंकि इस अच्छे वीर के देखने पर, हृदय, स्नेह से मुझे परिपूर्ण करता है।

सुमं। बहुधा जीवधारियों का यही धर्म्म है, जो रसमयी किसी की किसी में प्रीति होती है; जिस प्रीति पदार्थरूप जन में लोकसमहों की सेवा प्रवृत्ति होती है, अर्थात् जिसके देखने हीं के कारण उसी के प्रति लोगों की सेवा की प्रवृत्ति आपसे आप उत्पन्न होती है, और नेत्र की प्रीति भी जिस के केवल देखने हीं से होती है, उस प्रीति को दूर करने को अशक्य और अहेतुक प्रेम विज्ञलोग कहते हैं।

विना बनावट की प्रीति बहुत काल तक रहती है, इस को स्पष्ट दिखलाते हैं, कि विना कारण का जो यह स्नेह है इस का किसी प्रकार भी दूर करना नहीं हो सकता है, ऐसा स्नेह यावत्जीव रहता है, वह तैसा प्रणयरूप

स्नेह तंतु के समान अन्तःकरणरूप मर्म्मस्थान को दृढ़ बन्धन देकर बान्धता है, और अकृत्रिम स्नेह मित्रों के परस्पर अन्तःकरण के दृढ़ बन्ध रज्जुविशेष है इस कारण वह कभी भी नहीं चलता है।

कुमारों ने एक दूसरे को लिये।

शान पर चढ़ाके शोधागया राजपट्टमणि विशेष की समान रमणीय और सुन्दर इस शरीर पर कैसे बाण छोड़े जावें, इस प्रकार का अति कमनीय शरीर बाण प्रहार के योग्य नहीं है,, देखो जिस शरीर के मिलने में मुझे आलिङ्गन करने की अभिलाषा है, इस कारण आलिङ्गन के अर्थ मेरा रोमाञ्चित अङ्ग हो रहा है।

और, जो स्नेह के अनुरोध से ऐसा शरीर बाण मारने को सर्व्वथा अयोग्य है, ऐसा मानते हो तो शस्त्रका त्याग नाहीं उचित है, इस पर कहते हैं कि स्नेह के उदय में भी दिखलाया है अति दुःसह शत्रुकृत अपमान आदि तेज को जिसने ऐसे वीरमें बाणमारने के विना और

कोई दूसरा उपाय नहीं है, और जिस शस्त्रका ऐसा महा तेजस्वी वीररूप विषय निशाना न हुआ उस शस्त्र से क्या फल है।

(कुछ भी प्रयोजन नहीं है) और मेरे ऊपर शस्त्र प्रहाररूप आयुध के उद्यत होने पर स्नेह के अनुरोध से आज शस्त्र प्रयोग से विमुख मुझको यह वीर क्या कहेगा, (सब प्रकार मुझे कुपुरुष जानेगा) इसी लिये कठोरतामय हमारे समान वीरपुरुषों का आचार-रूप समय स्नेह के क्रम को नहीं अनुवर्त्तन करता है (अर्थात् स्नेहादिक के अनुरोध से कभीं भी वीरपुरुष वीरों के मार्ग को नहीं छोड़ते हैं)।

सुमं। लव की स्तुति करता साश्रु आप ही आप) हे हृदय क्यों उलटी परिकल्पना करता है।

अरे, हमारी प्रकृत काल की अभिलाषा रूप राम पुत्र मनोरथ को बीज के उत्पत्ति का कारण सीतारूप था, उसे दैवने पहिलेही सीता के परित्याग काल के समय में नाश किया,

इसी से यह सीता का पुत्र है यह सम्भावना व्यर्थ है, जैसे प्रथम जड़ से उखाड़ी गई लता रूप वेली में फूल का मिलना कहांसे हो सकता है, अर्थात् कभीं भी नहीं हो सकता है।

चन्द्र। हे आर्य्य सुमन्त्र मैं रथ से उत्तरता हूं।

सुमं। अरे किस लिये।

चन्द्र। इस लिये कि प्रथमतो यह वीर-पुरुष (१) पूजित होता है, और भी निश्चय है आर्य्य क्षत्रीयों का धर्मपरिरक्षित रहता है क्योंकि रथीलोग पादचारी से नहीं लड़ते हैं, तह शास्त्रविद्या के जाननेवाले कहते हैं।

सुमं। (आपही आप) बड़े कष्ट की बात है कि मैं संशय में प्राप्त हुआ हूं।

क्योंकि हमारे समान शास्त्रके जाननेवाले न्याय्य अर्थात् पांवके चलनेवाले के साथ पांव से चलकर युद्ध करना इस योग्य कार्य्य के करनेको

---

(१) अर्थात् सन्मान किया जाता है क्योंकि पांव के चलनेवाले से पांव से चल कर युद्ध करना चाहिये, यह शस्त्रविद्याके जाननेवाले कहते हैं।

क्योंकर निबारण करें, और फिर साहस है एक रस जिस क्रिया में कि पांवसे चल कर युद्ध करना अति साहस कर्म्मको क्योंकर अनुमोदन(१) करें।

चन्द्र। जब हमारे पिता पितामह आदि भी धर्म अर्थ के सन्देहों में पिता के प्रियमित्र और बड़े श्रेष्ठ आप को पूंछते हैं, तो आप अब किस कारण विचार करते हैं।

सुमं। हे चिरञ्जीव इसी प्रकार जैसा धर्म है, तैसा ही मानते हो।

यह पांवके चलनेवाले के साथ पांवसे चल कर युद्ध करना यह संग्राम सम्बन्धी न्याय, यही सनातनधर्म, और यही निश्चय से रघुकुल के बड़े वीरों के वीरमार्ग का आचार है।

चन्द्र। हे श्रेष्ठ आपका अनुशासन उचित है।

इतिहास, धर्म अर्थादि के उपदेश के प्रधान वृत्त आदिक, पुराण, सृष्टि, वंश आदि के वरणन में प्रधान व्यास आदि कृत महाभा-

(१) प्रसन्नता करें।

रत आदि और तैसे ही रघुवंशियों के कुल की मर्य्यादा को भी आपही लोग जानते हैं।

सुमं। स्नेह के सहित आंसू के साथ आलिङ्गन कर।

इन्द्रजित नाम रावण के पुत्र के नाश करनेवाले तुमारे पिता वत्स लक्ष्मण के उत्पन्न होने के से कितने दिन बीते, अर्थात् थोड़े ही दिन बीते हैं (अर्थात् त्रिलोकी के पति इन्द्र के जीतनेवाले को भी वत्स लक्ष्मण ने जीता है, उसके बड़े वयःक्रम की आशङ्का न करनी चाहिये) ऐसे बालक लक्ष्मण के भी पुत्र अत्यन्त शिशु तुम वीरपुरुष के आचार का अनुसरण करते हो, इस कारण दशरथ का कुल भाग्य से वंश परम्परा की प्रसिद्धि को प्राप्त हुआ।

चन्द्र। (कष्ट के साथ)

रघुकुल में ज्येष्ट कुल की प्रतिष्ठा भूत पुत्र से रहित राम के रहते हमारे कुल की क्या प्रतिष्ठा है, इस जेठे भाई के प्रतिष्ठा रहित शोक से हमारे भरत आदि तीनों पिता तपते हैं।

सुमं। अहा हा चन्द्रकेतु के वे वचन हृदय मर्म के लिये बड़े कठोर हैं।

लव। बड़े हर्ष की बात है कि मिला हुआ रस का क्रम है।

अच्छे चन्द्रमा के पूरे उदय होनेपर कुमुदिनी जैसे आनन्दरूप प्रीति को पहुंचती है, तैसे हीं इस वीर से मेरी दृष्टि आनन्द को पाती है, इस लिये नयन के आनन्दकारी इस वीर में स्नेह के उचित कार्य्य करना चाहिये, इस पर कहते हैं कि यह फिर युद्धाभिलाषी है इस कारण क्रूर शब्द करनेवाला भयानक गुण रूप रस्सी है जिस की ऐसा शब्दयुत जो धनुष है उस में अनुराग की रखनेवाली ऐसी मेरी भुजा प्रकाशित है, भयजनक वीर रस जिस का तैसी होती है, अर्थात् वीर रस को प्रगट करती है।

चन्द्र। (रथ से उतरकर) हे आर्य्य, सूर्य्यवंश का चन्द्रकेतु मैं आप को प्रणाम करता हूं।

सुमं। शत्रुओंसे जीतने के योग्य नहीं

पवित्र बलवान अतिदुःसह तेज, ककुत्स्थ नामक सूर्य्यवंश के महा वीर के समान तुमको होवे, तैसेही नित्य वाराहरूप साक्षात् भगवान विष्णु तुम्हारे कल्याण के अर्थ मङ्गल को बढ़ावें।

और भी।

तुम्हारे कुल के जो पितारूप उत्पत्ति के कारण सूर्य्यदेव है वह लड़ाई में तुम को प्रसन्न रक्खै, और जो तुम्हारे पिता आदि गुरुओंके गुरुरूप पूज्य वह मैत्रावरुण विशिष्ट जी है तुमको आनन्द करै, और तैसे इन्द्र सम्बन्धी, अग्नि सम्बन्धी, पवन सम्बन्धी, गरुड़ सम्बन्धी, पराक्रम तुम को होवे, और राम लक्ष्मण के धनुष की प्रत्यञ्चाका शब्दरूप मन्त्र तुम को जय देवे।

लव। हे कुमार रथही पर तुम अधिक शोभते हो, इस आदर करने से क्या फल है।

चन्द्र। तब बड़े भागवान भी दूसरे रथ पर अलङ्कार करैं।

लव । हे आर्य्य, राजपुत्र को रथ पर चढ़ाओ ।

सुमन्त्र । तुम भी चन्द्रकेतु के वचन को स्वीकार करो ।

लव । अपने पदार्थों में क्या विचार है, किन्तु हमलोग वनवासी हैं, इस कारण हम-लोग रथ का काम काज नहीं जानते हैं ।

सुमन्त्र । हे वत्स तुम क्रूरता और सुज-नता में जैसा बोलना चाहिये ऐसे बोलने को जानते हो, जो फिर ऐसे तुमको इच्वाकु वंश का रामभद्र देखे तो उसका हृदय इस स्नेह से पिघलेगा ।

लव । हे माननीय, वह राज ऋषि सुजन सुनाजाता है ।

( लज्जा सहित ) न कहो कि तुम किस कारण ऐसे सुजन राज ऋषि के यज्ञ के घोड़े के पकड़ने से उसके यज्ञ का विघात करने की इच्छा करते हो, इस पर कहता है कि निश्चय हमलोग ऐसे अशिक्षित स्वभाव, यज्ञों में यज्ञ के विघ्नकारी नहीं है, क्योंकि इस संसार में

शौर्य्य और सौजन्यादि गुणों से उस राजा राम का कौन नहीं [illegible] पूजन करता है, वरन सब ही उस के गुणों में अनुरक्त हैं, फिर न कहो कि घोड़े के पकड़ने हीं से यज्ञ के अभिमानित्व को तुमने प्रगट किया तो किस प्रकार कहते हो कि हमलोग यज्ञ के विघ्न-कारी आदि नही है, तौभी घोड़े के रखवालों का वह घोड़ा पताका यह आदि रूप कहना सम्पूर्ण क्षत्रियों की वीरता के अपमान रूप निन्दा से जो बड़ा प्रचण्ड अभिमान है, इसने मेरी प्रकृति में क्रोधरूप विकार को उत्पन्न किया।

चन्द्र। (हंसकर) क्या निश्चय से आपको हमारे पिता के प्रताप की बड़ाई में भी क्रोध है।

लव। क्रोध है अथवा नहीं हैं, यह तो मैं पूछता हूं, कि निश्चय राघव राजा राम को धीर स्वभाव सुनता हूं, वह राजा आप निश्चय नहीं गर्व को प्रगट करता है, और नहीं उस की प्रजाके लोग गर्वित स्वभाव के हैं, सो किस

हेतु मनुष्यलोग उस राजा को राक्षस के उचित अति गर्व्वित वाणी कहते हैं।

मनु याज्ञवल्क्य आदि ऋषि अभिमानियों की वाणी को राक्षसी अर्थात् कठोर कहते हैं, वही राक्षसी वाणी सब वैरों की उत्पत्ति का कारण है, और वही लोक की अकल्याणकारी है।

इस लिये, उस राक्षसी वाणी की निन्दा करते हैं, और दूसरी मधुरवाणी का आदर करते हैं।

जो मधुरवाणी सब इच्छित वस्तुओं को देती है, दरिद्र आदि के किये अभाग्य को दूर करती है, कीर्त्ति को उत्पन्न करती है, और पाप को विनाश करती है, उस प्रकार की मधुरवाणी को धीर पण्डित लोग सब मङ्गलों की माता कहते है, और तैसे हीं प्रिय सत्य रूप वाणी को सब कामनाओं को उत्पन्न करनेवाली होने से कामधेनु कहते हैं।

सुमन्त। यह वाल्मीकी का प्रिय कुमार

पवित्र स्वभाव और ऋषिजनों के सङ्गसे अ-भ्यास कोई छुई वाणी से कहता है।

लव। हे चन्द्रकेतु जो तू ऐसा कहता है कि मेरे तात के प्रताप की बड़ाई में तुमको क्रोध है, इस कारण मैं पूछता हूं, क्या राम हीं एक क्षत्रियों के वीरत्वादि धर्मों का आधार है और कोई नहीं।

सुमन्त। इक्ष्वाकु के वंश के उस राजा राम को तू नहीं जानता, जिस से ऐसा कहता है, इस हेतु अति असह्य बलगना को वसकरो क्योंकि,

हमारी सेनाओं के लोगों के बध करने से सच है कि तुमने बल का गर्ब्ब किया, इस कारण परशुराम के गर्ब्ब के दूर करनेवाले राजा राम के सन्मुख इस प्रकार के कहने के योग्य से यह बात नहीं है।

लव। (हंस कर) हे आर्य्य परशुराम के गर्ब्ब का दूर करनेवाला वह राजा है तो क्या बड़ी प्रशंसा है।

क्योंकि ब्राह्मणों का पराक्रम के बलवाणी

में रहता है, यह बात सब वादियों के सम्मत है, कि ब्राह्मणों के वचन का बड़ा प्रभाव है, और उन के भुजा का प्रभाव नहीं है, और जो भुजाका पराक्रम है सो केवल क्षत्रियों का है औरों का नहीं है, ब्राह्मण जमदग्नि का पुत्र परशुराम ब्राह्मणों की अनभ्यस्त शस्त्र का ग्रहण करनेवाले को जीतने में उस राजा राम की क्या स्तुति है, कुछ भी नहीं है।

चन्द्र। घवड़ा कर, आर्य्य इस उत्तर प्रत्युत्तर से व्यर्थ है।

इस समय यह पहिले कान देखा कोई नया वीरपुरुष का अवतार विशेष है, भगवान भृगुनन्दन परशुराम भी जीस के सन्मुख वीरों की गिनती के योग्य नहीं है, और जो, समर्थ है सातो भुवन के अभय रूप रक्षा करने में अनुकूल और पवित्र ऐसे तात राम के चरित्र को नहीं जानता है।

लव रघुपति के चरित और महिमा को कौन नहीं जानता है,जो कुछ कहना है कहो अथवा ठहरो।

वय में ज्येष्ठ वे राम आदि रहैं उन के चरित्र कथाओं से व्यर्थ है, क्योंकि जिस कारण वे वृद्ध लोग विचारणीय चरित नहीं है अर्थात् वृद्धों के चरित में गुण दोष का विचार हम बालकों को न करना चाहिये केवल शिर से स्वीकार करना चाहिये, (यह अभिमानपूर्व्वक कथन है,) और सुन्द नामक राक्षस की ताड़का नाम शास्त्र से निषिद्ध स्त्री के बधकरने पर भी संसार में महापुरुष अदूषित यशस्वी वे राम आदि कहे जाता हैं, (यह भी अभिमान पूर्वक कथन है,) और खरदूषण के संग्राम में जो तीन धनुष का काटना, कवच का गिराना, और सब अंगों का वेधना, ये खर के किये क्रमसे तीन निरभय पद अर्थात् अभयकारी थे, और इन्द्र का लड़का बाली के मारने में जो चतुराई सुग्रीव के साथ छिप कर वाण का चलाना है सो महा वीर के धनुष आदि दूसरे के काटने के योग्य नहीं होते हैं, और भी छिप कर दूसरे के साथ अलक्ष्य अस्त्र से

बड़े वीर को न मारना चाहिये, यह सब सब लोक के लिये न कहना चाहिये।

चन्द्र। अरे क्या, तात का निन्दक और मर्य्यादा से रहित अधिक ही बकता है।

लव। अरे मुझी पर भौं हे टेढ़ी कर के उपस्थित है।

सुमन्त्र। इन दोनों का क्रोध चमका।

देखिये परस्पर के निमित्त हिंसा की अभिलाषा से उत्पन्न कांपना के शके समूह के बन्धन को ढीला करता है, आप क्रोध से तामे के समान आरक्त नेत्र होता हुआ कुछ लाल कमल के पत्ते के तुल्य हुआ, और अकस्मात् कुटिल भौंहों के टेढ़ाई से मुख बड़े लाञ्छन-युत चन्द्रमा की तथा अति चंचल भंवरेवाले कमल की कान्तिरूप शोभा को धारण करता है।

कुमारों ने, इस कारण यहां से संघात के सहनेवाली भूमि पर आओ चलें।

(ऐसे कह कर सब निकलें)

(यह कुमारों के पराक्रम नाम पांचवां अङ्क सम्पूर्ण हुआ )

उत्तरराम चरित्र में पञ्चम अङ्क उदार ।
देवदत्त वरणन कियो विक्रम उभय कुमार ॥

## षष्ठ अङ्क ।

(इस के उपरान्त विमानसे शोभित विद्याधर देवविशेष स्त्री सहित नेपथ्य में आये )

विद्याधर । आश्चर्य्य है कि निश्चय इन सूर्य्यवंश के चन्द्रकेतु और लव नाम बालकों के और अकाल के कलह से भयानको के, क्षत्रियों की वीरत्व आदि लक्ष्मीरूप शोभा से प्रकाशित और अद्भुत रस से विशेष मोहित देव दानव ऐसे समर के कार्य्य देख पड़ते हैं ।

तैसा ही देखलाता है, हे प्रिये देख देख, झंझन शब्द के करनेवाले कङ्कण विशेष तथा तैसो शब्द करती करधनी और खींचने से

टङ्कार शब्द की करनेवाली कठोर गुण प्रत्यञ्चा के अग्रभागों से भयानक शब्द को प्रगट करने-वाले ऐसे धनुष को फैला कर, बाणों की वर्षा करनेवाले और निरन्तर के समूह से शोभ-मान ऐसे कुमारों के जगद्भयङ्कर और आश्चर्य रूप बढ़ाता है।*

मेघ के शब्द के समान अति गम्भीर शब्द करनेवाली स्वर्ग की दुन्दुभी (१) से प्रकाशित परम मनोहर शब्द इन चन्द्रकेतु और लव कुमारों के मङ्गल करनेवाला होवें।

इस कारण, इन बड़े वीरों के ऊपर बहुत दिनों के तोड़े फूले सुवरण के कमलों के फूलों के समूह से युत मन्दार आदि देव वृक्षों की नयी कलियोंके समूहों के सुगन्धों से महकती फूलों की वर्षा होवे।

विद्याधरी। सो किस निमित्त, अचानक प्रकाशित और अधिक चञ्चल बिजुली की चमक से झट पट आकाश मण्डल पीला होगया है।

विद्याधर। सो किस हेतु आज यह,

* (१) स्वर्ग के नगाड़े।

श्यामल मेघों से आकाश मण्डल चारो ओर परिपूर्ण किया जाता है।

विद्याधर। हर्ष है हर्ष है कि कुमार लव का फेंका ऊआ वारुण अस्त्रका यह प्रभाव है, क्यों कर निरन्तर फेंके जलधारा के गिरने से निश्चय अग्नि अस्त्र ठंढा ऊआ।

विद्याधरी। मेरा प्रिय ऊआ, प्रिय ऊआ।

विद्याधर। बड़े खेद की बात है बड़े खेद की बात है, कि सब कामों में अधिकता का होना दोष के लिये हैं, देखो कि, अधिक प्रचण्ड पवन के समूहों के धक्कों से गम्भीर शब्द करनेवाले मेघों के अन्धेरे से सम्पूर्ण आच्छादित है, औ एकही बार जगत के खाजाने के लिये भयानक फैली ऊई महादेव की मुखरूप कन्दरामें डोलता फिरता हैं और प्रलय काल में सब विषयों से रुकी अन्तःकरण की वृत्तिरूप निद्रा (१) की चेष्टा से हीन, बाह्य इन्द्रियों के द्वार जिस के ऐसे नारायण विष्णु भगवान के

(१) अर्थात् सर्वभूतो के संहार करने की इच्छा विशेष।

उदर रूप गर्भ में घुसे भी जीव समूह बहुत कांपते रहैं।

बाहवा वत्स चन्द्रकेतु वाहवाः, पवन अस्त्र को तुमने अच्छा फेंका, जिस लिये कि,

तत्त्वज्ञान को साक्षात्कार करनेवाली ब्रह्म विद्या से, जैसे प्रपञ्चरूप जगत के कार्य्य ब्रह्म रूप परमेश्वर में लीन होते हैं, तैसे प्रचण्ड पवन से बहुत मेघों के समूह कहीं चले गये।

विद्याधरी। हे नाथ अब यह कौन है, जिस भ्रम के सहित हाथ से घुमा कर रथ के घोड़े की लगाम की रस्सी को फेंका है, और दूसरी से मधुर वचनों के कहने से युद्ध के व्यापार को रोक दिया है, और दोनों कुमारों के विमान राज को उतारता है।

विद्याधर। यह शम्बूक के बध से लौट कर रघपति आते हैं।

महापुरुष रामचन्द्र के कहे युद्ध निषेधक वाक्य को सुन कर उस महा पुरुष के वाक्य की बड़ाई के कारण तैसे युद्ध के व्यापार के छोड़ने-वाले लव ने क्रोध को छोड़ा, और चन्द्रकेतु ने

अङ्ग मान वुद्धि से श्रीराम को प्रणाम किया, राजा राम का इन पुत्र द्वय के मिलने से कल्याण रूप मङ्गल होवे।

(ऐसे कह कर दोनों निकले)

विष्कम्भक (आया अर्थात् अगिली कथा चली)

(इस के उपरान्त राम और लव, प्रणाम करता चन्द्रकेतु, सब आये)

राम। पुष्पक विमान से उतरते हुये,

हे सूर्य्यवंश के चन्द्रतुल्य अधिक शोभा के करनेवाले चन्द्रकेतु शीघ्र यहां आ और अति गाढ़ मुझे आलिङ्गन कर, क्योंकि मेरा भी सीता के विरह से उत्पन्न मन का सन्ताप अर्थात् चित्त का दाह तेरे तुषार के टुकड़े के समान शीतल और मनोहर अङ्गों से शान्ति को पहुंचै।

चन्द्र। मैं प्रणाम करता हूं।

राम। (उठा कर सजल नयन और स्नेह से आलिङ्गन करते बोले) अये वत्स दिव्य अस्त्र के धारण करनेवाले तेरे देह का कुशल है।

चन्द्र। अति अद्भुत कार्य्यकारी प्रियदर्शन लव के अच्छे उदय होनेसे कुशल है, इस कारण मैं निवेदन करताहूं कि मेरे तुल्य अभेद से और मुझ से भी अधिक कल्याणवाले नेत्रों से पिता जी इस महा वीर प्रधान को देखें।

राम। (लव की कुछ स्तुति करते) वत्स का यह मित्र भाग्यबल से बड़ा कल्याण स्वरूप है।

तीनों लोक की रक्षा के कारण अस्त्रवेद की विद्या मूर्त्तिमान हो कर, अथवा वेद की रक्षा के लिये क्षत्री सम्बन्धी वीरत्व आदि धर्म देह धारण कर,तथा सर्व्व सामर्थ्य अर्थात् सकल पौरुषों का समूह एकत्र हो कर अथवा दया धर्म्म और ढिटाई आदि गुणों को सञ्चय, इस एक में ठहर कर,अथवा संसार के पुण्य कार्य्यों का समूह मूर्त्तिधारण कर प्रगट हुआ है।

लव। आश्चर्य्य है कि यह महा पुरुष, बड़ा पुण्यानुभाव दर्शन है।

देखो, अभय, अनुराग और पूज्यों में भक्तिरूप श्रद्धा का यह एक ही बड़ा भारी

आश्रय है, और सम्पूर्ण धर्मों का मूर्त्तिमान प्रचार भी यही है।

आश्चर्य है,

कि इस महापुरुष के देखने पर विरोध रूप कलह जाता रहा, तैसे मुख से अति अधिक आनन्द रस उत्पन्न हुआ, और युद्ध के समय क्रोध की प्रचण्डता जो उत्पन्न थी, वह भी सब प्रकार कहीं को चली गई, तथा विनय चारो ओर से मुझे नम्रीभूत करती है, और कुछ भी मैं अनिर्वाच्य पराधीन हुआ हूं, मानो पिता आदि गुरुजनों के समीप ठहरा हूं तथा तीर्थादि पुण्य स्थानों के समान महा पुरुषों का भी अत्यन्त गौरव का, पद होता है।

राम। वह एकही पद किसी अनिर्वचनीय कारण से अन्तरात्मा के दुख को ठहरता है, और स्नेह रूप कृपा से परिपूर्ण करता है, अथवा स्नेह ही किसी विशेष निमित्त की अपेक्षा करता है, यह भी निषेध किया गया है।

क्योंकि भीतरी कोई अनिर्वचनीय कारण

पदार्थों को दृढ़ स्नेह से बांधता है, और प्रीति से प्रगट आनन्द बाहर के पुत्रादि उपाधी को निश्चय से नहीं आश्रय करता है, जैसे सूर्योदय होने पर कमल खिलता और चन्द्रोदय होने से चन्द्रकान्ति मणिविशेष जल को टपकाता है (१)।

लव। हे चन्द्रकेतु, ये कौन हैं।

चन्द्र। हे प्रियवयस्य, निश्चय पिता जी के ये चरण कमल हैं।

लव। मेरे भी तो तैसे ही धर्म्म के पिता हैं, जैसे हे प्रियवयस्य तुम कहते हो, किन्तु निश्चय आप चार को पिता पद कह आये हैं, तथा आप लोग रामायण कथा के नायक पुरुष हैं, इस कारण चारो में से विशेष कुछ कहिये।

---

(१) अर्थात् बड़े तीखे गर्म सूर्य्य के किरणों से कोमल कमल का विकाश और और मधुर चन्द्र किरणों से कठोर चन्द्रकान्ति मणि का टपकना किसी विशेष कारण से होता है, वैसे ही स्नेह भी किसी अज्ञात कारण को चाहता है।

चन्द्र। निश्चय से ज्येष्ठ पिता के चरण कमल हैं, ऐसा जानिये।

लव। (बड़े हर्ष से) क्या ये रघुनाथ जी हैं, बड़े भाग्य से आज का अच्छा दिन हुआ, जिस कारण कि राजा के दर्शन भये, नम्रता और आश्चर्य से वरणन करता बोला, हे तात वाल्मीकी का शिष्य लव आपको प्रणाम करता है।

राम। (स्नेह से) हे चिरञ्जीव यहां आ, यहां आ, (स्नेह से आलिङ्गन करते) अये वत्स, बहुत विनय व्यर्थ हैं व्यर्थ है, अनेक बार अति अधिक गाढ़ चारो ओर से आलिङ्गन कर।

अच्छे फूले कठोर कमल के भीतरी दल के समान बहुत विस्तृत, मधुर और अति कोमल, तथा चन्द्रमा और चन्दन रस के समान शीतल हर्ष और आनन्द का उत्पन्न करनेवाला, ऐसा यह तेरा स्पर्श मुझे आनन्द करता है।

लव। (आपही आप) ऐसे महा पुरुष लोग बिना कारण हमलोगों पर ऐसा स्नेह

करते हैं, फिर अज्ञान मैंने इनहीं के लिये द्रोह किया था, जब ताईं शस्त्र का ग्रहण करता, और घमण्ड करता कलह का प्रकाश किया था, (स्पष्टबोला) महाराज के चरण कमल, लव की लड़कई को क्षमा करैं।

राम। वत्सने क्या अपराध किया।

चन्द्र। घोड़े के हांकनेवाले सुमन्त से तात के प्रताप का होना सुन कर इन्हों ने अपनी वीरता को प्रगट किया।

राम। क्षत्रियों का निश्चय से यह अलङ्कार है। क्योंकि,

अपमान आदि के असहन रूप तेजस्वी औरों के प्रकाशित तेज को नहीं सहते हैं, वह तेज का असहन रूप उस तेजस्वी का स्वभाव होने से स्वाभाविक गुण है, जैसे अपनी किरणों से जो सूर्य्य देव निरन्तर ताप देता है, तो अपमान पाया हुआ सूर्य्यकान्त मणि क्या अग्नि को नहीं उत्पन्न करता वरन उत्पन्न करता ही है, क्योंकि तेजस्वी का ऐसा स्वभाव ही है।

चन्द्र। हे तात इसी वीर को क्रोध भी शोभता है, परन्तु प्रियवयस्य के चलाये जृम्भकास्त्र से हमारी सेना चारो ओर से चेष्टा ही न ठहरी हो।

राम। (देख कर) वत्स लव अपने अस्त्रों को समेटलो, और चन्द्रकेतु तुम भी व्यापार रहित और घबराई सेना को ठंढी करो।

लव। तात जैसी आज्ञा करते हैं (ऐसा कह कर पास ही नाचने लगा)

चंद्र। जो आज्ञा, (ऐसा कह कर निकला)।

लव। सब अस्त्र ठंटे होवें।

राम। वत्स, गूढ़ मन्त्र के सहित फेंकना और फिर बुलाकर यथा स्थान में रखना ऐसे अस्त्रों का सीखना गुरुओं की परम्परा से हो सकता है।

ब्रह्मा आदि बड़े बड़े प्राचीन गुरु लोगों ने वेद की रक्षा रूप मङ्गल के अर्थ, हजारों वर्ष बड़ी तपस्या करके अपने तपोमय साक्षात् तेजरूप इन जृम्भकास्त्रों को पाया था।

अब, इस गूढ़ मन्त्र सहित वेद भाग को भगवान कृशाश्व ऋषि ने हजारो वर्ष तक के बड़े तपस्वी अपने शिष्य कौशिक गोत्र विश्वामित्र को पढ़ाया, भगवान विश्वामित्र ने मुझे बतलाया, यह तो पहिला क्रम है, फिर तुम को किस से बतलाया, यह पूंछता हूं।

लव। हम दोनों को आप से आप ये अस्त्र प्रकाशित हैं।

राम। (कुछ विचार करते) बड़े पुण्य के फल की कोई यह महिमा है, परन्तु हम दोनों को यह द्विवचन का कहना कैसे है।

लव। हम दो भाई साथ उत्पन्न भये हैं।

राम। तो वह दूसरा कहां है।

(नेपथ्य में शब्द हुआ) अरे भण्डायन, भण्डायन।

हे मित्र, राजाधिराज की सेनासे चिरञ्जीव लव का संग्राम है, तैसा यह सत्य कहते हो, तब आज पृथिवीमण्डल में से अधिराज यह शब्द अस्त को पहुंचेगा, (१) और क्षत्रियों

(१) अर्थात् मैं सब नरपति के कुल का क्षय करने से राज शब्दों को ही जगत में नहीं स्थिति रखूंगा।

की शस्त्र रूप अग्नि आज विनाश को पहुँ-चेगी (१)

राम। अब इन्द्र नील मणि के समान श्यामवरण और शोभायमान यह जन कौन है, जो अपनी कण्ठ स्वर की ध्वनि हीं से नये उदय वाले, जल के धारण करनेवाले मेघ के तुल्य, गम्भीर गर्जन रूप घरघर शब्द को करता है, उस के होने के समय बांधा है कलीरूप कान्ति को जिस ने ऐसा जो कदम्ब का वृक्ष है, इस के सदृश उत्कर्ष शोभावाने मुझ को रोमाञ्चित करता है।

लव। ऐसा यह मेरा वड़ा भाई कुशनाम भरत जी के आश्रम से लौट कर आता है।

राम। (आश्चर्य्य से) वत्स, इस चिरञ्जीव को भी यहां हो बुलाओ।

लव। ऐसा ऐसा, (इस प्रकार घूमने लगा)

(इस के उपरान्त कुश आया)

---

(१) अर्थात् सकल क्षत्री के कुल का मैं पराजय करूंगा।

कुश। (आश्चर्ययुत हर्ष और धीरता से धनुष का टङ्कार करता हुआ) इन्द्र आदि देवताओं को अभयरूप दक्षिणा के देनेवाले तथा सूर्य्य पुत्र महाराज मनु से ले कर अब तक के और बल से बड़े गर्व्वितों के विनाश के लिये क्षत्र प्रताप की अग्नि के जलानेवाले ऐसे सूर्य्यवंश के राजाओं से जो संग्राम होवे, तब दिव्य अस्त्रों के दीप्तिवाले, प्रचण्ड तेज की शिखाओं से नीराजित और अच्छी शोभायुत प्रत्यंचावाला तैसा मेरा यह धन्य और स्तुति के योग्य धनुष होवे। (बड़े अभिमान से बोलने लगा)

राम। इस क्षत्री के बालक में कोई भी वीरत्व आदि अधिक है।

देखो, जिस ने अपनी दृष्टि से तीनों लोक के बल की अधिकता को तृण के समान अति लघु गिना है, तैसे धीरता से उठी और बल से बलवती गति से धरणी को झुकाता सा है, और कुमार ही अवस्था में पर्व्वत के समान बड़े बल का धारण करनेवाला यह क्षत्री का

बालक क्या वीर रस मूर्त्तिमान हो कर अथवा अभिमानही शरीर धारण करता आता है।

लव। (निकट जा कर) हे आर्य्य मैं आप को प्रणाम करता हूं।

कुश। चिरञ्जीव युद्ध करो युद्ध करो इन बातों से क्या प्रयोजन है।

लव। यह तो जो कुछ है सो है, परन्तु बड़े अभिमान को छोड़ कर आप इस में विनय से वर्त्तें।

कुश। अरे किस कारण।

लव। यहां महाराज रघुपति ठहरे हैं, और वे भी हम सब पर स्नेह करते हैं, और आप को अपने निकट आने की चाहना करते हैं।

कुश। (कुछ तर्क से) वे रामायण कथा के नायक हैं, और वेद की रक्षा करनेवाले हैं।

लव। अब क्या;

कुश। स्तुति के योग्य और पुण्य दर्शन वे महात्मा हैं, परन्तु हम लोग किस रीति से

उन के पास चलें, ऐसा हम निश्चय नहीं कर सकते हैं।

लव। जिस रीति से पिता आदि गुरुजनों के निकट जाते हैं, उस रीति चलिये।

कुश। ऐसा क्योंकर करें।

लव। अति उत्तम गुण और सुजन उर्म्मिला का पुत्र चन्द्रकेतु हमारा प्रियवयस्य है, इस हेतु वह हम को मित्र भाव कर मानता है, इस कारण उस के सम्बन्ध से भी ये राजऋषि हमारे भी धर्म्मतात हैं।

कुश। अब राजाओं में भी विनय करना उचित ही है।

लव। परम उत्तम स्वरूप युत प्रभाव और गम्भीरता आदि गुणों से पूजा के योग्य और सर्व्व संसार के गुणों से अधिक गुण और चरित्र से अतिशय शोभित इस महापुरुष को आप देखें। (१)

---

(१) अर्थात् धनुष का तोड़ना, अहल्या की मुक्ति का करना, समुद्र में सेतु का बांधना, रावण के वंश सहित का वध आदि गुणों के आगार हैं।

कुश। (कुछ स्तुति करता)

आश्चर्य है कि आनन्द जनक स्वरूप, और शक्ति प्रभाव, इस का है, इसी कारण, यह उचित है, जो रामायण के कवि वालमीकी जी ने देवी सरस्वती वाणी को राम के यश वरणन करने से आनन्दित किया।

(पास जा कर) हे पिता जी, वालमीकी का शिष्य कुश आपको प्रणाम करता है।

राम। हे चिरञ्जीव यहां आओ,।

अमृत रूप जल से शब्द करनेवाले मेघ के समान सचिक्कन देह की शोभासे शोभित, ऐसे तेरे आलिङ्गन के हेतु, यह जन बड़े स्नेह से व्याकुल होता है।

(आलिङ्गन करते आप ही आप) सो यह किस का लड़का है,

देखो, सब शरीर के अङ्गों से निकला स्नेह से उत्पन्न शरीर का उत्तम भाग, तैसे अपने स्थान से निकल कर और मूर्त्तिमान प्रगट हो कर चेतना का धारण करनेवाला, यह वीर बालक, नहीं है, किन्तु परम प्रिय

होनेसे मेरे देह का सार भूत तत्त्व मूर्त्तिमान हो कर स्थित है (१) और बड़े आनन्द से अधिक बढ़े हृदय के बहने से अच्छे धोये गये के समान, तैसा यह आलिङ्गन करने पर जिस कारण मेरे शरीर को अमृत रस की धारा से सींचता है। (२)

लव। हे तात सूर्य्य इस समय ललाट का तपानेवाला और उग्र तेज है, इस कारण इस शाल वृक्ष को शीतल छाया में एक मुहूर्त्त तात आसन का स्वीकार करें।

राम। जो वत्स को रुचता है।

(सब लोग घूम कर बैठते हैं)

राम। (आपही आप)

आश्चर्य है कि विनय के योग्य होने पर भी कुश और लव का, जाना, ठहरना और आसन पर बैठना, इस आदि शरीर की चेष्टा

(१) कैसे जाना गया, इस पर कहते हैं कि, और बड़े आनन्द से इत्यादि।

(२) अर्थात् परम सुख की अधिकता को उत्पन्न करता है।

रूप भाव, नरपतित्व के जनानेवाले हैं, अर्थात् महाराज लक्षण के प्रकाशक हैं (१)।

स्वभाव ही से आये राज शोभा के लक्षण, और सब जनों के मन के हरण करनेवाला सुन्दर शरीर होनहार चक्रवर्त्ति के भोग को करेंगे यह जनाता है, जैसे प्रसिद्ध तेजों से उजले रत्न के समान, तथा मधु सम्बन्धी मकरन्दों के वृन्दों से फूले कमल के तुल्य प्रकाशित हैं।

और भी, रघुकुल के कुमार की शोभा के समान बहुधा कुश और लव की शोभा जान पड़ती है। देखो,

पारावत नाम हृष्ट कबूतर के कण्ठ के सदृश श्याम वरण, और वृषभ के कन्धे के तुल्य कन्धा. ऐसी सुन्दर घटना युक्त शरीर, और प्रसन्न सिंह के समान स्थिर देखनेवाले, और मङ्गल के हित के अर्थ बनाये हुये मृदङ्ग के बराबर चिकनी और गम्भीर कण्ठस्वर से युक्त हैं।

---

(१) इन के सब लक्षण राज शोभा के प्रकाशक हैं। जैसे होनहार बिरवा के होत चीकने पात।

(सब कुछ विचार करते) अये केवल हमारे वत्स के समान ही इन का स्वरूप नहीं है, वरन जनक सुता रानी सीता के भी वेसे प्रसिद्ध सादृश्य इन बालकद्वय में स्पष्ट निपुणता से जानने के योग्य हैं, मैं यह मानता हूं कि प्यारी जानकी का नये फूले कमल के समान शोभायत, और मनोहर मुख, फिर मेरी आंखों के देखने के निमित्त यह प्रगट हुआ है।

यह प्रसिद्ध ही मोती के तुल्य निर्म्मल ओ दांत की कलीरूप कान्ति है, इस से ऊंची और नीची दांतों की किरणों से उजली होठों की मुद्रा, तैसा ही वह स्पष्ट सीता के कर्ण पाश के सदृश कान के निकट केशसमूह, और फिर नेत्र यद्यपि काले और लाल हैं॰(१) तथापि नेत्रों की सुन्दरता का गुण सीता जी के नेत्रों के सुन्दरता के समान है।

सो यह वाल्मीकी जी के रहने का वन है, जहां देवी सीता त्यागी गई थी, और यह इन दोनों का आकार और शरीर भी तैसा

(१) अर्थात् वीरपुरुष सम्बन्धी होने के कारण ऐसे हैं।

जो है, यद्यपि जृम्भकास्त्र स्वतः प्रकाश है, तथापि इस में मैं विचार करता हूं, कि निश्चय वही चित्र देखने के समय मैं ने जानकी जी को कहा था कि हे रानी जी ये जृम्भकास्त्र होनहार तुम्हारे लड़कों के पास जावेंगे, क्यों कि विना गुरू के दिये, ये, जृम्भकास्त्र नहीं मिल सकते हैं, यह बात पहिले के बड़े लोगों से हम सबों ने सुना है, और यह भी मेरे हृदय में सुख की अधिकता से चञ्चल आत्मा को ठगता है, कि ये दोनों सीता के पुत्र हैं कि नहीं, ऐसे संशय से यत मेरे हृदय को करता है, और बहुधा मैं दो प्रकार के सन्देह से प्राप्त हूं, कि देवी को उस समय गर्भ भाव था (सजल नयन से) प्रथम नित्य एक जगह के रहने और बात चीत करने से परस्पर मनो-वृत्ति ज्ञान के अच्छे खुलने से, फिर स्नेह के चारो ओर से बढ़ने पर एकान्त में आपस के विश्वासवाली से, और गर्भिणी कुलवती स्त्रियों की स्वामी के निकट लज्जा से जड़दृष्टि सीता का दो भाग से विभक्त गर्भ के जंतु की गांठि

पहिले मैंने इन्हीं हाथ कें स्पर्श से जाना था, फिर मेरे जानने के पीछे कितने दिनों के अनन्तर उस सीता ने भी जाना (रो कर) सो ये दोनों किस के हैं, यह बात किसी उपाय से पूंछता हूं।

लव। (सो यह क्या है) वाफरूप आंसुओं की वर्षा की धारा से लोक की मङ्गल है जिस से ऐसे आप के मुख कमल ने हिमजल से गीले सुन्दर कमल की शोभा को पाया।

कुश। अये भाई।

सीतादेवी के बिना रघुपति श्रीरामचन्द्र को क्या दुख नहीं हैं, किन्तु, सर्व्व दुख हैं, और अति प्यारी के वियोगरूप नाश के होने पर निश्चय से सम्पूर्ण जगत अरण्य के समान अत्यन्त दुख का करनेवाला है, और वह जो सीता के निमित्त राम का परम स्नेह है, और फिर यह सीता का वियोग भी निरवधि होने के कारण कभी भी इस का अन्त न होगा, इसी कारण रामायण बिना पढ़े हुओं के सरीखा तू क्या पूछता है, राम को सीता के

वियोग की व्यथा को रामायण पढ़ने से जानता हुआ भी उन के वृत्तान्त के अज्ञान के समान मुझ से जानने की इच्छा करता है।

राम। (आप ही आप) अरे यह तो थोड़े ही काल की बातचीत है, फिर पूछने से क्या फल है, हे दग्ध हृदय तेरा यह अचानक स्नेह से उत्पन्न चञ्चलता रूप विकार क्या है, इस प्रकार और भी अधीरता से बाहर प्रकाशित है हृदय की चञ्चलता जिस की ऐसा मैं लड़कों से भी दया किया गया हूं, होवे तब तक अन्य कथा के प्रसंग से अपने हृदय के विकार को छिपाता हूं (स्पष्ट बोले) हे वत्स रामायण ऐसा सुना जाता है, कि भगवान वाल्मीकी की सरस्वती से निकली सूर्य्यवंश के राजाओं की प्रशंसा है, उस में मुझे बड़ा आश्चर्य है, इस लिये उस के सुनने की कुछ इच्छा करता हूं।

कुश॥ वह सम्पूर्ण ही ग्रन्थ हम को अभ्यस्त है स्मरण करने से बाल चरित के अन्त

के अध्याय में तब तक ये दो श्लोक उपस्थित होते हैं।

राम। वत्स पढ़ो।

कुश।

प्रकृत्यैव प्रिया सीता रामस्यासीन्महात्मनः।
प्रियभावः स तु तया स्वगुणैरेव वर्द्धितः॥१॥
तथैव रामः सीतायाः प्राणेभ्योऽपिप्रियोऽभवत्।
हृदयंत्वेवजानाति प्रीतियोगं परस्परम्॥२॥अर्थ

बड़े अभिप्रायवाले राजा रामचन्द्र की स्वभाव ही से सीता प्राणवल्लभा है, फिर उस सीता ने परम प्रिय भाव को सरल और सौजन्य आदि अपने गुणों से पढ़ाया।

तैसे हीं, राणी सीता का राम भी उसी प्रकार प्राण से भी अधिक प्रिय हुआ, क्योंकि, हृदय ही आपस के प्रीति के योग को जानता है, अर्थात् इन दोनों की आपस की प्रीति दूसरे के कहने को अशक्य है।

राम। बड़ा कष्ट है कि हृदय के मर्म्म का काटनेवाला अति दारुण होता है, हाय देवी तू निश्चय उस समय ऐसी थी, अकस्मात्

तथी ऊई विपरीतता से क्लेश करनेवाली वृत्तिवाले, और इष्टजन के वियोग से परिणाम वाले ऐसे संसार के वृत्तान्त सन्ताप कारी होते ताप करते हैं।

अति अधिक निरन्तर परस्पर के विश्वास से अत्यन्त सघन अनिर्वचनीय और स्नेह से उत्पन्न हर्षरूप आनन्द उतना कहां है, और वे प्रसिद्ध फलरूप उपाय एक दूसरे के निमित्त कहां है, और बड़े सघन आनन्द से मिला उत्सव रूप रस कहां है, तथा सुख और दुख में आपस के मनों की प्रसिद्ध एकता अर्थात् निश्चय से सुख और दुख मे समता कहां है, वह सब ही इस समय मुझ को नहीं हैं, तथापि सर्व सुख के दूर होने पर भी यह दुख का देनेवाला पापी प्राण रहता ही है, विनाश को क्यों नहीं प्राप्त होता।

क्या ही कष्ट है।

देखो, प्रियतमा की सहस्र गुणों में से कोमलता और सौजन्यता आदि अद्वितीय, एक प्रकाश करने में समर्थ थोड़ी स्मरण करने से

दुःखदायी काल है, उसी से हम लोग आरम्भ किये गये हैं। और देखो,

प्यारी की युवा अवस्था के आरम्भके समय, थोड़ा थोड़ा ऊपरको वढ़ता हुआ मृगलोचनी का वह स्तन का जोड़ा, कितने एक दिनों के पीछे हीं कुछ आभोग के थोड़ा वढ़ा था, तथा हृदय और शरीर में युवा अवस्था, और स्नेह, इन दोनो के अभिप्राय के सूचक चिन्हों के सम्बन्ध से अति सघन, सुन्दर और बलवान, कामदेव जिस युवा अवस्था में अपने विकासों को उत्पन्न करता है। (१)

कुश। और यह भी मन्दाकिनी और चित्रकूट वन के विहार में सीतादेवी के निमित्त रघुपति का शोक है। कि,

त्वदर्थमिव विन्यस्तः शिलापट्टोयमग्रतः।
यस्यायमभितः पुष्पैः प्रकृष्ट इव केशरः ॥१॥

अर्थ

अगाड़ी समीप ही में तुम्हारी प्रसन्नता के लिये यह शिला का टुकड़ा मैंने स्थापन किया

(१) ऐसी ईयुवावस्था था।

जिस के चारो ओर फूलों की वर्षा करता हुआ यह बकुल हंस जान पड़ता है।

राम। (लज्जा सहित स्नेह और करुणा करते) बड़े चतुर और स्नेही ये लड़के हैं, विशेष कर बनवासी हैं, (हाय देवी) उस देश को और उस समय परस्पर प्रीति की बातों को और अति अधिक स्नेह की कथा प्रसङ्ग के साक्षियों को स्मरण करती है, अथवा नहीं, क्या ही कष्ट है।

परिश्रम से उठे, और टंढे, पसीने से तथा मन्दगामी मन्दाकिनी के पवन से चञ्चल टेढ़े केश समूहों से व्याप्त ललाट है, और चन्द्रमा की कान्ति के समान शोभा है जिस की तथा कुङ्कुम की शोभा से शून्य भी उजले, और सुन्दर कपोल हैं, जिस में तथा अलङ्कार से हीन मनोहर और मनोज्ञ उत्तम कर्णपास ऐसे कानों से मधुर और सौम्य मुख जान पड़ता है, वह मुखकमल मेरे स्मरण के रसे को चढ़ता है।

थके हुये के समान कुछ ठहर कर

(करुणा करते) आश्चर्य है कि यह क्या है। बहुत काल निरन्तर एक मन ध्यान कर अगाड़ी पास उस की मूर्त्ति बना कर और रख कर प्रियजन प्रवास में भी आश्वासन रूप सन्तोष को निश्चय से उत्पन्न नहीं करते वरन करते ही है, (१) कल्पनाओं को तत्त्वज्ञान से विनाश होवें पर जगत जीर्णारण्य के सदृश अति दुख दायी होता है, पीछे (२) तुस की अति भयजनक अग्नि के राशि में मेरा हृदय पचता है।

(नेपथ्य में शब्द हुआ) कि,

वशिष्ट और वाल्मीकी, तथा महाराज दशरथ की महाराणी कौशल्या आदि, और अरुन्धती के सहित राजा जनक, चन्द्रकेतु के

---

(१) अर्थात् विदेशी लोग और यत्न मन से वारम्वार कल्पना मे निकट लाये प्रियजन को देखता है, क्योंकि सङ्गम और वियोग दोनों के मध्य वियोग श्रेष्ठ है जिसका यथा सङ्गम में, वहीं एक प्रिय पदार्थ है, और विहार में तीनों भुवन के पदार्थ तन्मय होते हैं।

(२) धानकी भूसी।

साथ सबके युद्ध का होना सुनकर भय से युक्त बुढ़ाई के कारण दुबले शरीरवाले, और जल्दी चलने की अभिलाषावाले, बड़े परिश्रम के हेतु विकल अङ्गवाले, आश्रम से युद्ध स्थल के दूर होने के निमित्त ये सब देर से आते हैं।

राम। किस कारण भगवान वशिष्ठ जी अरुन्धती, अम्बा, और जनक जी भी यहां ही आते हैं, और मैं इन सब को निश्चय कैसे देखूंगा, (करुणा से देख कर) हा हा तात जनक तो भाग्य से यहां ही आते हैं, इस कारण मैं दुर्भाग्य से वज्र से मारा गया हूं।

प्रसन्न वशिष्ट आदि ऋषियों ने हृदय के हर्ष के कारण विवाह सम्बन्ध की प्रशंसा का बड़ा उत्सव किया था, और तैसे पुत्र कन्याओं का विवाह रूप मङ्गल के देखनेवाले पिता महाराज दशरथ और महाराज जनक जी का वह समागम हुआ था, अब, महा घोर अनिष्ट के होने पर पिता के परम मित्र प्रिय बन्धु जनक को देखता हुआ मैं सहस्र प्रकार से क्यों नहीं फटता हूं, अथवा अति कठोर

मुझ राम से क्या दुष्कर है कुछ भी दुष्कर नहीं है।

(नेपथ्य में शब्द हुआ कि कष्ट है कष्ट है)।

केवल प्रभाव विशेष से जानी जाती है राजशोभा जिसकी ऐसे रघुनाथ रामचन्द्र को अचानक देख कर प्रथम मूर्च्छित जनक के प्रबोध के पीछे ही कौशल्या आदि सब माता दुख से अधिक दुखी हो कर प्रमोहरूप मूर्च्छा को प्राप्त होती हैं।

राम। हा तात, हा मात, हा राजा जनक।

जनक के वंशवाले और रघुवंशियों का जो सीतारूप सम्पूर्ण गोत्र का मङ्गल है, उस सीता रूप मङ्गल का विना अपराध परित्याग से अति निर्दय बड़े पापी मुझ में आप सब की करुणा रूप दया नहीं युक्त होती है।

जब तक सम्भावना करता हूं। (ऐसे कह कर उठते हैं)॥

कुश और लव। पिता जी इधर से इधर

से। करुणा से पूर्ण परिक्रम कर के सब लोग निकले।

यह कुमारों के परिज्ञान नाम छठा अङ्क सम्पूर्ण हुआ।

दोहा

उत्तररामचरित्र में छठो अङ्क यह जान।
देवदत्त वरणन कियो कुमार प्रत्यभिज्ञान॥

## सप्तम अङ्क।

(लक्ष्मण आया)

लक्ष्मण। हे हे ब्राह्मण क्षत्री पुरवासी देशवासी और प्रजासमूह निश्चय आज भगवान वालमीकी जी ने हम सब को सम्पूर्ण देवताओं के सहित असुर पशुपक्षी उरगों के राजों के समूह जङ्गम और स्थावर जीव समु-

हायों को बुला कर निकट बैठाया, और आर्य्य ने हम को कहा कि हे वत्स लक्ष्मण भगवान् वालमीकी ने अप्सराओं को सिखलाई जाती अपनी कविता के देखने के निमित्त हम सब को नेवता भेजा है, इस लिये जा कर गङ्गा जी के तीर में नाच गान और बाजा के योग्य रङ्गभूमि बनाकर उस में समाज को ले जाकर ठहराओ, सो मैं ने मनुष्य देवता और सब जीव समूहों को उचित स्थान में स्थापन किया,

और यह तो

राज धर्म्म के अवलम्बन करने में भी दुख-दाई ब्रह्मचर्य आदि मुनि के व्रत के स्वीकार करने से बड़े कष्ट के पानेवाले श्रेष्ठ आर्य्य वालमीकी के गौरवरूप बहु मान बुद्धि से यहां हीं आते हैं।

(इस के पीछे राम आते हैं)

राम। हे वत्स लक्ष्मण, नाच देखने के हेतु बुलाये हुये लोग उचित स्थान में क्या बैठ गये हैं॥

लक्ष्मण। हां सब बैठ गये।

राम। ये फिर वत्स कुश और लव चन्द्रकेतु के समान बैठने के स्थान की बड़ाई को पावें।

लक्ष्मण। मैंने महाराज के स्नेह से विश्वास पाकर वैसा ही किया, अब तो राज सिंहासन बिछा है इस पर आर्य्य भी बैठें।

राम। राज सिंहासन पर बैठते हैं।

(सब लोग यथा योग्य बैठले हैं)

राम। क्या हो आरम्भ करो।

सूत्रधार। (भीतर आ कर) हे सभा के सज्जन लोग भगवान सत्य और प्रयोजन के कहनेवाले वालमीकी ऋषि जङ्गम और स्थावर सहित जगत को आज्ञा करते हैं, कि जो यह हम सबों ने ऋषिसम्बन्धी नेत्रों से अच्छे देख कर पवित्र और करुणा रससे भरा अद्भुत रस कुछ बनाया है, उसमें काव्य की बड़ाई के आदर से तुम सब को सावधान होना चाहिये।

राम। यह कहा गया हैं, कि ऋषिलोक ऋषि सम्बन्धी नेत्रों से प्रत्यक्ष के समान देख कर साक्षात् धर्म्मका उपदेश करते हैं, भगवान उन

ऋषियों की अमृत के तुल्य उत्कर्ष तत्त्ववाली, और रजोगुण के स्पर्श से हीन है ऐसे सत्व गुण युक्त, और बोधक शक्तिवाली, वाणी, किसी देश, वा किसी स्थान, वा किसी काल में प्रति हत नहीं होती है, (अर्थात् नहीं रुकती है) इस कारण असत्य की शङ्का से युक्त होने को योग्य नहीं है।

( नेपथ्य में शब्द हुआ )

हाय आर्य्यपुत्र, हाय कुमार लक्ष्मण, अकेली मन्दभागिन अशरण निकट प्रसव की वेदनावाली और टूटी आशवाली मुझ को वन में बाघ सिंह आदि चाहते हैं, सो मन्दभागिन मैं अब जान्हवी जी में अपने ताईं गिराती हूं।

लक्ष्मण। (आप ही आप) कहीं है कि खेद से युक्त कुछ और ही है।

सूत्रधार। पृथिवी की कन्या राणी जानकी राजा ने महा वन में छोड़ी प्रसव की वेदना से अपने ताईं गङ्गा जी की धारा में गिराती है।

(ऐसे कह कर सूत्रधर निकला)

राम। हे देवी जी, क्षण भर देखलो(१)।

लक्ष्मण। हे आर्य्य, यह नाटक है यह नाटक है।

राम। हाय देवी, दण्डक वन के वास की प्यारी सखी, राम से आप को यह दैव का कोप प्राप्त है।

लक्ष्मण। हे आर्य्य पहिले तो कथा के अर्थ को देखिये।

राम। यह मैं वज्र के समान स्थिर हूं।

(इस के उपरान्त एकेक लड़कों के सहित गङ्गा और पृथिवी से आश्रित सीता प्रवेश करती है)।

राम। हे वत्स लक्ष्मण, मैं पहिले के अज्ञात और अचानक अंधेरे अन्धकार में पैठता हूं मुझे पकड़ो।

गङ्गा। हे कल्याणरूपा राजा जनक की बेटी सीता आप धीरज धरो, क्योंकि आप भाग्य

(१) हाय देवी हाय देवी लक्ष्मण देखो जैसा सीता देवी अपने आपको भागीरथी में न गिरावें तैसा करो, पुस्तकान्तर है।

से बढ़ती है, जिस लिये कि आप ने रघुवंश के धारण करनेवाले पुत्रों को जल के मध्य में उत्पन्न किया है।

सीता। (धीरज धर कर) भाग्यके बल से मैंने पुत्रों को उत्पन्न किया, हाय आर्य्य-पुत्र।

(इस प्रकार मूर्छित होती है)

लक्ष्मण। (पावों में गिर कर) आर्य्य आर्य्य, हम लोग भाग्य से बढ़ते हैं, जिस कारण कि मङ्गलरूप अंखुआ सीता के पुत्रों की उत्पत्ति से रघुवंश बड़ी प्रतीष्टा को पहुंचा, (देख कर) हाय हाय किस निमित्त अति अधिक आंसू के बहने से व्याकुल और मोहित हो आर्य्य हैं।

(ऐसे कह कर वीजन करता है)

पृथिवी। वत्से धीरज धरो धीरज धरो।

सीता। (धीरज धर कर) हे भगवती आप और यह कौन हैं।

पृथिवी। यह तेरे कुल की देवता भागीरथी है।

सीता। हे भगवंती आप को मेरा नमस्कार है नमस्कार।

भागीरथी। अच्छे यश से बड़ी कल्याण की परम्परा को पावो।

लक्ष्मण। हमलोग अनुग्रह किये गये।

भागीरथी। फिर यह तो तेरी मा पृथिवी है)।

सीता॥ हाय मा अपने ऐसी ( बहुत काल की दुख भागिन ) मुझे देखा॥

पृथिवी। यहां आओ वत्से यहां आओ पुत्री, ( ऐसे सीता को आलिङ्गन कर मूर्छित होती है!

लक्ष्मण। ( हंस कर हर्ष से ) भाग्य से गङ्गा और पृथिवी के साथ महारानी जी आई।

राम। (देख कर ) निश्चय से यह बड़ा करुणा रस है, जो सर्व्व जगत के धारण क्लेश के सहने से क्षमा रखनेवाली पृथिवी देवी भी व्यथित होती है, तो अपत्य का स्नेह सब से अधिक है, अथवा यह मोह की गांठि सब में

बराबर होती है, जो सब जीव धारियो के भीतर रहनेवाला संसार का सूत अनिवार्य्य है।

भागीरथी। वत्से जानकी हे देवी जीवों के धारण करनेवाली पृथिवी धीरज धरो।

पृथिवी। हे देवी गङ्गा जी मैं सीता को उत्पन्न कर कैसे धीरज धरूं।

एक तो बहुत काल तक राक्षस के मध्य का बसना सोसमाप्त हुआ, दूसरा स्वामी का किया अपवाद सहित इस का परित्याग, सो लज्जा और दुख का उत्पन्न करनेवाला सुन ने को अशक्य है।

भागीरथी। परिणाम में सन्मुख हुये जीव के द्वार के रोकने को कौन समर्थ हैं।

पृथिवी। हे भागीरथी आपने सदृश कहा, अथवा रामभद्र का यह युक्त ही है।

देखो बाल्यावस्था में विवाह संस्कार से युत सीताके हाथ का बालक राम ने ग्रहण किया, प्रमाण नहीं किया, यथा शास्त्र विवाहित स्त्री का परित्याग अनुचित है, यह विचार न

किया, तैसे मैं भी नहीं अर्थात् मेरी उत्पत्ति में कभी भी दोष नहीं हो सकता है, तौभी अपवाद सहित उस के परित्याग से मेरा अपमान होगा यह नहीं सोचा, इस रीति जनक भी नहीं कि सीता के परित्याग से जनक के अपमान को भी न गिना, तैसे अग्नि भी नहीं अग्नि से परिशुद्ध भी ध्यान न किया, तैसे सन्तति भी नहीं कि निकट पुत्र के जन्म होनेवाली सीता का परित्याग भी अनुचित है, इन सब का प्रमाण किया।

सीता. आर्य्य पुत्र ने मेरा स्मरण किया है।

पृथिवी। अरे तेरा कौन आर्य्यपुत्र है।

सीता। (लज्जा और आंसू के सहित) अथवा जैसी अम्बा कहती हैं।

राम। अम्बा पृथिवी क्या ऐसा ही मैं हूं।

भागीरथी। हे भगवती वसुन्धरा संसार की आप शरीर हैं, सो किस कारण राम का किया हुआ सीता के परित्याग को नहीं जानतीसी यामाता के लिये क्रोध करती हैं।

(और भी देखिये कि)

जगत में राक्षस के घर के वास से उत्पन्न बड़ा भयानक और भारी अयश सब जगह फैला है, और लङ्का द्वीप में जो अग्नि परीक्षा आदि से पवित्र ता हुई थी, उस शुद्धि को अति दूर होने से इस अयोध्या में प्रजा के लोग कैसे विश्वास करें, और सर्व्व प्रजा समूह की आराधना करनी चाहिये यह जो सूर्य्य-वंश के राजाओं का कुल की परम्परा से चला आया धर्म्मरूप धन है वह बड़ा कठिन है, इस कारण वह वत्स क्या करै, सीता के परि-त्याग के विना और कुछ उपाय नहीं कर सकता है।

लक्ष्मण। नहीं रुकी दया आदि अन्तः-करण की वृत्ति जिन की ऐसे देवता जीवों में प्रकाशित हैं, विशेष कर गङ्गा जी दया युत हैं, इस कारण आप को मेरी, यह हाथ जो-ड़ना है।

राम। हे मा अपने महाराज भगीरथ के कुल में बड़ा प्रसाद किया है।

पृथिवी। हे गङ्गादेवी आप के कृपा मात्र

भगीरथ के वंशवालों पर मैं नित्य प्रसन्न हूं, किन्तु चारो ओर से आये दुःसह स्नेह के बड़े वेग से ऐसा कहती हूं, फिर रामभद्र का सीता के बड़े स्नेह को भी मैं जानती हूं।

लोक के अपवादरूप दैव के कोप के कारण बेटी जानकी को त्याग कर के इस विरह की शोकाग्नि के सन्ताप से जलते मन से वह राम अलौकिक धीरता से और प्रजा के लिये मङ्गल कारी धर्मों से जीता है।

राम। गुरलोग निश्चय बालकों पर करुणायुत होते हैं!

सीता। (रोती हुई हाथ जोड़ कर) अम्बा अपने अङ्गों में मुझे लीन करें।

राम। और क्या कहै।

गङ्गा। (मङ्गल होवे) हे बेटी सहस्र वर्ष तक अब लीन रहो।

पृथिवी। हे बेटी तेरे पुत्र भी रक्षा करने के योग्य हैं।

सीता। मैं अनाथ हूं। (१)

(१) इसी लिये मुझ अनाथ से पुत्रों की रक्षा कैसे करी जायगी।

राम। हे हृदय, तू वज्रमय है।

गंगा। स नाथ भी तू अनाथ कैसे है।

सीता। अभागी मेरी सनाथता कैसे है।

गङ्गा और पृथिवी। हे सीता तू जगतके मङ्गलकारी अपने आपको किस लिये धिक्कार से अपमान करती है, क्योंकि पवित्रता के स्थान हम दोनों को भी जिसतेरे सङ्ग से पवित्रता अधिक उत्कृष्ट होती है।

लक्ष्मण। हे आर्य्य क्या आपने सुना।

राम। संसार सुनै।

(नेपथ्य में शब्द हुआ।)

राम। अति आश्चर्य्य कुछ है।

सीता। किस कारण अन्तरीक्ष बड़े शब्द से पूरा हुआ है।

गङ्गा और पृथिवी। हम दोनों ने जाना, पहिले कृशाश्व मुनि, पीछे कौशिक गोत्र विश्वामित्र, फिर पीछे रामचन्द्र, ये जिन जृम्भकास्त्रों के उपदेश करनेवाले गुरुओं की परम्परा हैं, वेही जृम्भकास्त्र आकाशमण्डल में प्रकाशित होते हैं।

(नेपथ्य में फिर शब्द हुआ)

हे सीता देवी आप को हम सब का नमस्कार है, आप के पुत्र ही हम सब के इस समय आश्रय हैं, (अर्थात् अब तुम्हारे पुत्रों ही की सेवा करते हैं) क्योंकि चित्र देखने के समय राजा रामने जो कहा था कि हे सीता अब ये जृम्भकास्त्र सब प्रकार तुम्हारे लड़कों के पास आवेङ्गे।

(यह जृम्भकास्त्रों का कहना है)

सीता। भाग्यवल से अस्त्र देवता चमकते हैं।

लक्ष्मण। आर्य्य ने ऐसा कहा था कि अब सब प्रकार तुम्हारे लड़कों के पास आवेंगे।

गङ्गा और पृथिवी। रामचन्द्र के स्वीकार करने से आप सब पूज्य बड़े अस्त्रों को हमारा नमस्कार है, ध्यान किये जाने के पीछे ही सीता के पुत्रों के निकट आप सब को जाना चाहिये इसी लिये तुम्हारे मङ्गल होवे।

राम गङ्गा जी और पृथिवी जी के प्रसाद के मिलने से और पुत्रद्वय के उत्पत्ति के आ-

नन्द को अधिकता से मिले करुणा रस से अधिक प्रबल हुये वेग, कहने के अयोग्य कोई भी अवस्था को उत्पन्न करते हैं।

गङ्गा और पृथिवी। वत्से मानों, अब तुम्हारे पुत्र रामभद्र के समान भये हैं।

सीता। हे भगवती गङ्गा जी और पृथिवी जी इन दोनों का क्षत्रियों के उचित कर्म्म को कौन करैगा।

राम। खेद है कि वशिष्ट से रक्षित इन रघुवंशियों के पुत्रों के चूड़ाकरण यज्ञोपवीत अस्त्र विद्या और वेदाध्ययन आदि क्षत्रियोंके उचित कर्म्म के कर्त्ता को कुल की लक्ष्मी सीता भी नहीं जानती है।

गङ्गा और पृथिवी। पुत्री, इस चिन्ता से तेरा क्या है, निश्चय इन दोनों वत्सों को दूध छोड़ने के पहिले से भगवान वाल्मीकी को अर्पण करैंगे, वही इन दोनों के क्षत्रि के उचित कर्म्म को करैंगे।

जैसे वशिष्ट और आङ्गिरसगोत्र शतानन्द जी ये दोनों ऋषि, रघुवंशियों और जनक-

वंशियों के संस्कार कर्त्ता कुल गुरु हैं, तैसे ही वालमीकी भी इन दोनों के संस्कार कर्त्ता कुलगुरु हैं।

राम। भगवतियों ने अच्छा विचार किया है।

लक्ष्मण। हे आर्य्य मैं सत्यनिवेदन कर्त्ता हूं कि वालमीकी से प्राप्त संस्कार और विद्या का अध्ययन आदि इन उपायों से जाने जाते है कि वत्स कुश और लव ही सीता के पुत्र हैं, ऐसी सम्भावना करता हूं। और,

निश्चय जन्म से ले कर जृम्भकास्त्र आदि अस्त्रों के धरनेवाले क्षत्रियों के उचित वीरत्व में युत और वय से बारह वर्ष के फिर वालमीकी से चूडाकरण आयुध शिक्षा आदि संस्कारो में संस्कार पाये ये दोनों कुश और लव प्राप्त भये हैं।

राम। हे वत्स, ये दोनों मेरे पुत्र हैं कि नहीं ऐसे सन्देह से युत मेरा अन्त:करण है इस कारण मैं बड़ा मूढ़ हूं।

पृथिवी। हे बेटी यहां आ और रसातल नाम पाताल को पवित्र कर।

राम। हा प्यारी दूसरे लोक को गई हैं।

सीता। मा अपने अङ्गों में मुझे लीन करें, ऐसे जीव लोक के दुखदाई अवस्थान्तर के अनुभव करने को मैं समर्थ नहीं हूं।

राम। इस का क्या उत्तर हो सकता है।

पृथिवी। मेरी आज्ञा से दूध के छोडने तक लड़कों की रक्षा कर, पीछे जैसी तेरी इच्छा होगी वही करना।

गङ्गा। ऐसा ही हो।

(इस के उपरान्त गङ्गा पृथिवी और सीता तीनों निकल कर गईं)

राम। राजा जनक की कन्या रानी जानकी का क्या विनय होना ही प्राप्त हुआ, हा देवी. दण्डक वन के वास की प्रियसखी, हा अपने यश से देवतारूप, दूसरे लोक को प्राप्त भई हैं।

(ऐसे कह कर मोहित होते हैं)।

लक्ष्मण। हे भगवान वाल्मीकी जी आप राजा राम की रक्षा करो, यह राम के

मोह का उत्पन्न करनेवाला आपके काव्य का अर्थ है।

(नेपथ्य में शब्द हुआ)

रङ्गभूमि के व्यापारसे अब ठहरना चाहिये, हे हे जङ्गम स्थावर और प्राण के धारण करने वाले मनुष्य और देवता आप सब देखें, कि महा ऋषि भगवान वाल्मीकी ने रानी सीता का जल से निकलना आदि गम्भीर लिखे पवित्र और आश्चर्य प्रकार को जाना।

लक्ष्मण। (देख कर) कि पर्वत आदिके मथने के समान गङ्गा का जल इधर उधर चलाया जाता है, और इन्द्र आदि सुर तथा नारद आदि मुनिगणों से आकाश मण्डल व्याप्त है, इसी कारण आश्चर्य है कि गंगा और पृथिवी देवता के सहित बड़ी श्रेष्ठ रानी सीता जल से उठती हैं।

(फिर परदे के भीतर शब्द हुआ) कि हे लोक पूज्य अरुन्धती हम दोनों गंगा और पृथिवी को आप जानो, और हम दोनों ने आप

के निकट धर्मशील वधू सीता की प्रशंसा किया है।

लक्ष्मण। (भाग्य से आश्चर्य है आश्चर्य है) हे आर्य्य हे आर्य्य देखें देखें, कष्ट है कि अब भी आर्य्य ऊपर को स्वांस नहीं लेते हैं।

(इस के उपरान्त अरुन्धती और सीता प्रवेश करती हैं)।

अरुन्धती। हे वत्से, राजा जनक की कन्या जानकी उतावली कर और लज्जा की आधीनता के छोड़, यहां आ और अपने प्रिय स्पर्श हाथ से मेरे वत्स को जिला।

सीता। (घबड़ा झट से स्पर्श करती) आर्य्यपुत्र धीरज धरें।

राम। (आनन्द से धीरज धर कर) अहा यह क्या है, (आश्चर्य और हर्ष से देख कर) क्या यह राणी जानकी है (लज्जा से कुछ हंस कर) अम्बा अरुन्धती, और ऋष्यशृङ्ग, शान्ता के सहित सब गुरुजन प्रसन्न हैं।

अरुन्धती। हे वत्स, महाराज भगीरथ के घरकी देवता अच्छी प्रसन्न यह गङ्गाजी है।

(नेपथ्य में शब्द हुआ कि) हे जगत के पति रामभद्र चित्र देखने के समय मेरे निमित्त कहे अपने वचनों को स्मरण करो, कि हे अम्ब गङ्गा जी वह आप धर्म से बधू सीता पर अरुन्धती जी के समान कल्याण की आंखों से देखें, उस में मैं अब अऋण भई हूं

अरुन्धती। आप को यह साम भगवती वसुन्धरा है।

(नेपथ्य में फिर शब्द हुआ) चिरञ्जीव राम ने वत्स जानकी के त्याग के समय यह कहा था कि, हे भगवती वसुन्धरा स्तुति के योग्य कन्या जानकी की रक्षा करो, सो वह सीता की रक्षारूप आप के वचन का मैंने पालन किया।

राम बड़े अपराध के करने वाले मुझ पर भगवतियों ने कैसे दया की, और आप दोनों को मैं प्रणाम करता हूं।

अरुन्धती। हे हे पुरवासी और देशवासी लोग भगवती गङ्गा जी और वसुन्धरा जी ने ऐसी प्रशंसा से युत मुझ अरुन्धती को समर्पण

किया, और पहिले भगवान अग्नि ने परीक्षा करके जिस के अधिक युद्ध स्वभाव का प्रमाण किया है और ब्रह्मा के सहित सब देवों से प्रशंसित ऐसी सूर्य्यवंश के कुलवधू पृथिवी से उत्पन्न सीतादेवी को ग्रहण करो और इस विषय में आप लोगों की क्या संमति है।

लक्ष्मण। ऐसी बड़ी श्रेष्ट अरुन्धती जी से सब प्रजा के लोग और सब जीव समूह के अनादर किये गये, और इन्द्र आदि सब लोकपाल और मरीचि आदि सप्त ऋषि फूलों की वर्षा से महारानी जी की बड़ाई करते हैं, इस लिये मैं महारानी जी को नमस्कार करता हूं।

अरुन्धती। हे जगत के पति रामभद्र, आप पुण्य स्वभाव और धर्म्मचारिणी सीता को सुवरण की सीता के स्थान में इस अश्वमेध यज्ञ के पुण्य कर्म्म में प्रतिष्ठा पन्न करो, और सीता के ग्रहण करने में फिर धर्म्म हानि न होगी।

सीता। (आप ही आप) सीता के दुख के दूर करने को आर्य्यपुत्र जागते हैं।

राम। भगवती अरुन्धती जी जो आज्ञा करती हैं।

लक्ष्मण। मैं कृतार्थ हूं

सीता। मैं जीती हूं।

लक्ष्मण। हे बड़ी महारानी जी (१) निर्लज्ज यह मैं आप को प्रणाम करता हूं।

सीता। वत्स ऐसा भी तू बहुत कालतक जीवे।

अरुन्धती। हे भगवान वाल्मीकी जी आप सीता के गर्भ से उत्पन्न कुश और लव नामवाले रामभद्र के पुत्रों का यज्ञोपवीत आदि संस्कार करें।

(ऐसे कह कर निकली)

राम और लक्ष्मण। (देखकर) तैसा ही यह है।

---

(१) अर्थात् अवश्य होनहार दैव के कोप को रोकने में कोई भी समर्थ नहीं हो सकता है।

सीता। (सजल नयन से व्याकुल होती) मेरे दोनों पुत्र कहां हैं।

(दृश्य के उपरान्त बालमीकी कुश और लव प्रवेश करते हैं)।

बालमीकी। हे वत्स कुश और लव तुम दोनों के ये रघुपति पिता हैं, लक्ष्मण छोटे भाई हैं, रानी सीता जननी है, यह राजऋषि जनक मातामह हैं।

सीता। (हर्ष और करुणा से आश्चर्य सा देख कर) क्या तात जनक हैं।

कुश और लव। हाय तात, हाय मात, हाय मातामह।

राम और लक्ष्मण। (हर्ष से आलिंगन कर) निश्चय हे वत्स तुम दोनों बड़े पुरुषों से प्राप्त भये हो।

सीता। यहां आओ वत्स कुश, यहां आओ वत्स लव बहुत काल से दूसरे जन्म को गई हुई जननी का आलिङ्गन करो।

कुश और लव। (तैसे कर के बोले) हमलोग धन्य हैं।

सीता। हे भगवान बालमीकी जी मैं आपको प्रणाम करती हूं।

बालमीकी। हे वत्स ऐसी पति के साथ बहुत काल तक रहो

सीता। आश्चर्य्य है कि तात जनक कुल गुरु वशिष्ट जी कौशल्या आदि बड़े लोग और भर्त्ता ऋष्यशृङ्ग सहित शान्तादेवी तथा लक्ष्मण के सहित अच्छे प्रसन्न आर्य्यपुत्र के चरण कमलों को और साथ ही कुश और लव भी देख पड़ते हैं इस कारण मैं आनन्द से अति अधिक परिपूर्ण भई हूं।

बालमीकी। (उठ कर और देख कर) लवणासुर का नाश करनेवाला मथुरा पुरी का राजा शत्रुघ्न आया।

लक्ष्मण। कल्यान के बढ़ानेवाले कल्यान होते हैं।

राम। सब यह सीता की प्राप्ति पुत्रों का दर्शन और लवणासुर का बध आदि कल्याणों की परम्परा का "अनुभव करता" हुआ भी मैं नहीं विश्वास करता हूं अथवा यह मङ्गल के

पीछे मङ्गल को उत्पत्ति करना अंगवों का स्वभाव है।

वालमीकी। हे रामभद्र कहो, अब फिर तुम्हारा प्रियकार्य्य क्या करैं।

राम। इससे भी अधिक कोई प्रिय है तथापि यह होवे।

जो यह रामचरित के वर्णनरूप कथा का प्रबन्ध है वह पापों से पवित्र करै, (अर्थात् सब पापों को नाश करै) मङ्गलों को बढ़ावै, और जो कथा जननी तथा गङ्गा के समान जगत के मङ्गल को उत्पन्न करनेवाली और मनोहर है, और शब्द ब्रह्म अर्थात् शब्द रूप वेद अथवा शब्द मूर्त्ति के धारण करनेवाले अर्थात् परमात्मा विष्णु के ज्ञाता तथा पवित्र बुद्धिवाले कविवालमीकी की अथवा मुझ भवभूति की उस प्रसिद्ध इस रामायणरूप वाणी को रामादि भूमि का (अर्थात) [illegible]

ङ्गार और अङ्गविक्षेप रूप अभिनयके जाननेवाले पण्डित लोग अच्छे प्रकार सन्मान करें ।

( ऐसे कह कर सब निकले ) ।

यह सब का मिलना नाम सप्तम अङ्क सम्पूर्ण हुआ ।

श्रीमन्महाकवि भवभूति का बनाया उत्तररामचरित नाटक सम्पूर्ण हुआ ।

दोहा ।

मिले परस्पर हर्ष अति जेहिमें सकल विशङ्क ।
उत्तररामचरित्र को पूरण सप्तम अङ्क ॥

सोरठा ।

नाटक उत्तररामचरित परम सुखधाम यह ।
देवदत्त अभिराम भाषा मंह वरणन कियो ॥
विश्व सुखद श्रीराम कृपासिन्धु प्रभु भूप वर ।
देत सकल मनकाम जो यह नाटक पढ़त नर ॥

[illegible] बाहूबाज़ार ष्ट्रीट [illegible] दोकान में
[illegible]
[illegible] से छपा ।
[illegible] ।

# उत्तररामचरित नाटक का शुद्धिपत्र।

| पृष्ठ | पंक्ति | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|
| २ | १८ | आदरसत्कार | सत्कार |
| ७ | २० | प्रयत्न | प्रयत्न |
| १४ | ५ | को | का |
| १५ | २० | न | नहीं |
| १६ | १८ | ने रामचन्द्र को | ने रामचन्द्र के |
| १८ | १४ | आयेहो | आये |
| २१ | १४ | लेखने | देखते |
| २२ | २ | न।टफ | नाटक |
| २४ | १ | सीता के | सीता की |
| २५ | ११ | खेला | खेल |
| २६ | ५ | हम यावें | पावें |
| २७ | ८ | फिरते है। | फिरते हैं। |

( २ )

| पृष्ठ | पंक्ति | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|
| २८ | १६ | पूर्णगर्भ | पूर्णगर्भ |
| ३१ | ४ | सबको | सब के |
| ३३ | २० | यलकी | झलकी |
| ३७ | १८ | करने से | करते से |
| ३८ | १३ | धनुष | धनुष को |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ३९ | ८ | देश में | देश में और |
| ४२ | ९ | अड्ड | अड्डों |
| ४२ | १८ | हुच है | हुए है |
| ४४ | ६ | तथा | तथा बारबार |
| ४४ | ७ | अत्यन्त | अत्यन्त नीला |
| ४४ | १४ | क | के |
| ४४ | १६ | और भी | और भी, |
| ४४ | १७ | मिला के बात-<br>चीत करते करते<br>विना | मिला के विना |
| ४४ | २१ | थी | थीं |
| ४६ | १४ | लौटा देने की<br>इच्छा से सहने<br>की इच्छा से | लौटा देने की<br>इच्छासे |
| ४९ | ८ | चोरी | चोटी |
| ५० | १९ | चलुङ्गा | चलूंगा |
| ५२ | ११ | बात है | बातें है |
| ५२ | १७ | लड़कपन है | लड़क पन |
| ५२ | १८ | स्त्रीन | स्त्रियोंने |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ५६ | १२ | किया था | किया था। |
| " | १८ | अच्छे | अच्छे |
| " | " | मुझे | मुझपर |
| ५७ | ५ | जीवन की | जीवन को |
| ५८ | ८ | दुर्मुख | दुर्मुख। |
| ५८ | १४ | चिड़ियां | चिड़िया |
| ५८ | २० | हयबडा | है वडी |
| ५९ | १९ | कीलक | कीलके |
| " | २० | ये गाढ | से गाढ |
| ६० | १ | प्यारी | प्यारी सखी |
| " | ५ | और | ओंका |
| ६४ | १ | जीव का | जीविका |
| ६७ | ३ | आदिका | आदि |
| ८९ | १४ | छोडनेकी | छोड़ने के |
| ९३ | ३ | पेपथ्य | नेपथ्य |
| १०२ | १८ | जितने | जितने के |
| १०३ | १३ | की जिवे | कीजिये |
| ११४ | १० | कोमल के | कोकल कमल के |
| ११६ | १० | परम्पराओं के | परम्पराओं वे |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ११८ | ४ | कनिष्ठ | कनिष्ट |
| ११९ | १९ | बाहर | बाहर प्रकाशित |
| १२१ | १५ | सीता | सीता का |
| १२४ | २ | बाल | बालू के |
| १२६ | १८ | मोहान्धीन | मोहाधीन |
| १३२ | १९ | शोक | शोक से |
| १३९ | १४ | विलोचनो की | विलोचनों को और |
| १४० | १३ | जल ही | जलही है |
| १५५ | १९ | वरष बारह | बारह वरष |
| १[illegible] | १२ | मधुर | मधुर और |
| १६४ | १२ | पहिने | पहिन ने |
| १८२ | १७ | चलती फिरती नहीं ऐसी ठहती है | चलता फिरता नहीं ऐसा ठहरा है |
| १९७ | १८ | मनोरथ की बीज के | मनोरथ के बीज की |
| १९८ | ६ | उत्तवता हूं | उतरता हूं |
| २०६ | १० | बन्धनकीढीला करताहै | बन्धन की ढीला करता है |